राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
वर्ष- 13 अंक - 201
लखनऊ, बुधवार 25 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित
samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



विधायक ने सीसी रोड व डामर सड़क का किया शिलान्यास 10
विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी : केशव प्रसाद मौर्य 03

# पश्चिम एशिया संकट के बीच हर स्रोत से तेल-गैस जुटा रहा भारत, शांति ही समाधानः मोदी

## इस संकट का हल सिर्फ बातचीत और कूटनीति से ही संभव : प्रधानमंत्री

- कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्ती
- गरीब और मजदूरों की सुरक्षा पर ध्यान



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के बीच मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने के लिए भारत हर संभव स्रोत से कच्चा तेल और गैस जुटाने में लगा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का मुख्य फोकस देश में ऊर्जा आपूर्ति बनाए रखने के साथ-साथ कूटनीति के जरिए क्षेत्र में शांति बहाल करना है, क्योंकि लंबे समय तक जारी यह संकट गंभीर वैश्विक और आर्थिक दुष्परिणाम ला सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को तीन सप्ताह से अधिक समय हो चुका है और इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ा है। भारत के लिए भी यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि इससे पेट्रोल, डीजल, गैस और उर्वरकों जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही वैश्विक व्यापार मार्गों पर भी दबाव बढ़ा है, विशेषकर होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों के फंसने से स्थिति और जटिल हो गई है। उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों में करीब एक करोड़ भारतीय रह रहे हैं, जिनकी सुरक्षा और आजीविका सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 3.75 लाख से अधिक भारतीयों को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है। ईरान से भी 1,000 से अधिक भारतीयों की वापसी हुई है, जिनमें बड़ी संख्या में छात्र हैं। हालांकि, कुछ भारतीयों की मृत्यु और घायल होने की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिनके परिवारों को हर संभव सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत का स्पष्ट रुख है कि इस संकट का समाधान केवल संवाद और कूटनीति से ही संभव है। प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने पश्चिम एशिया के कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों से दो दौर की बातचीत की है। इसके अलावा भारत ईरान, इजराइल, अमेरिका और अन्य खाड़ी देशों के साथ लगातार संपर्क में बना हुआ है। भारत ने कमर्शियल जहाजों पर हमले और अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों में बाधा को अस्वीकार्य बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है कि तेल, गैस और उर्वरकों से जुड़े जहाज सुरक्षित भारत पहुंचें। हाल के दिनों में कई देशों से कच्चे तेल और एलपीजी से भरे जहाज भारत पहुंचे हैं और यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। ऊर्जा सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने इस दिशा में बड़े कदम उठाए हैं। पहले जहां भारत 27 देशों से ऊर्जा आयात करता था, अब यह संख्या बढ़कर 41 हो गई है। इसके अलावा 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक के रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार विकसित किए गए हैं और इसे आगे बढ़ाने की दिशा में भी काम चल रहा है।

## भारत-कंबोडिया के बीच द्विपक्षीय सहयोग रणनीतिक साझेदारी पर हुई चर्चा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और हिंद-प्रशांत विजन को मजबूती प्रदान करते हुए विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने 21-23 मार्च तक कंबोडिया का आधिकारिक दौरा संपन्न किया। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को लेकर चर्चा हुई। मंत्रालय के मुताबिक नोम पेन्ह में अपने दौरे के दौरान कुमारन ने कंबोडिया के विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्रालय के राज्य सचिव उन खियांग के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों पक्षों ने राजनीतिक, आर्थिक, वाणिज्यिक, व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, विकास साझेदारी, संपर्क, क्षमता निर्माण, सांस्कृतिक सहयोग, भौतिक और डिजिटल संपर्क आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर व्यापक चर्चा की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और सहयोग के नए रास्ते तलाशने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। कुमारन ने कंबोडिया के नेतृत्व से भी मुलाकात की। 23 मार्च 2026 को उन्होंने कंबोडिया के विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री प्राक सोखोन के साथ शिष्टाचार भेंट की।

## विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन दो दिवसीय दौरे पर कोलकाता पहुंचे

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन मंगलवार सुबह दो दिवसीय दौरे पर कोलकाता पहुंचे। इस दौरान वह आगामी चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति और संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार नितिन नवीन न्यू टाउन स्थित एक होटल में राज्य भाजपा की कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक में कोलकाता समेत विभिन्न संगठनात्मक क्षेत्रों की चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा होने की संभावना है। इसके अलावा वह पार्टी की सूचना प्रौद्योगिकी इकाई, सामाजिक माध्यम टीम और चुनावी प्रचार की रणनीति तैयार करने वाली टीम के साथ भी बैठक करेंगे। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब भाजपा पश्चिम बंगाल में अपने उम्मीदवारों की दो सूची पहले ही जारी कर चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वोत्तर के नागरिकों व महिलाओं की सुरक्षा पर मंथन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राजधानी में पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिकों, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर मंगलवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मोतीबाग स्थित एसपीयूडब्ल्यूएसी भवन में हुई, जिसमें सिक्किम राज्य महिला आयोग और दिल्ली पुलिस की विशेष इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सिक्किम राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष टैन डोमा भूटिया, सदस्य सचिव यौसा लाचेनपा सहित आयोग के अन्य सदस्य मौजूद रहे। वहीं, दिल्ली पुलिस की ओर से संयुक्त पुलिस आयुक्त नबाम गुंगते और पुलिस उपायुक्त अंजिता चेप्याला समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए। पुलिस उपायुक्त अंजिता चेप्याला के अनुसार बैठक के दौरान दिल्ली पुलिस की विशेष इकाइयों–महिला उत्पीड़न निरोधक प्रकोष्ठ और पूर्वोत्तर क्षेत्रीय इकाई–के कामकाज पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इसमें बताया गया कि महिलाओं, बच्चों और पूर्वोत्तर के नागरिकों के खिलाफ अपराधों के मामलों में दिल्ली पुलिस 'शून्य सहनशीलता' की नीति पर काम कर रही है। अधिकारियों ने इन इकाइयों के विभिन्न प्रभागों और उनकी कार्यप्रणाली की भी विस्तार से जानकारी दी। प्रस्तुति के माध्यम से यह समझाया गया कि किस तरह शिकायतों के त्वरित निस्तारण और पीड़ितों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए अलग-अलग स्तर पर व्यवस्थाएं की गई हैं। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि सिक्किम राज्य महिला आयोग के प्रतिनिधियों ने दिल्ली पुलिस की इन पहलों की सराहना की और कहा कि इस तरह की व्यवस्थाएं अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणादायक हैं।

### दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को मानवाधिकार आयोग का नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मंगलवार को दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम इलाके में लगी आग में एक ही परिवार के 9 सदस्यों की मौत और तीन अन्य के घायल होने की घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग के मुताबिक 19 मार्च 2026 को प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 18 मार्च को दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम इलाके में एक चार मंजिला इमारत में लगी आग में एक ही परिवार के 9 सदस्यों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। मृतकों में तीन बच्चे और एक 70 वर्षीय महिला शामिल थीं। खबरों के मुताबिक, दमकल कर्मियों की हाइड्रोलिक क्रेन में कुछ तकनीकी खराबी आ गई थी।

# भारत और अमेरिका का दृष्टिकोण एक-दूसरे से मेल खाता है : कोल्बी



- इंडो-पैसिफिक क्षेत्र आज वैश्विक राजनीति का केंद्र है, जहां दोनों देशों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण : कोल्बी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिकी युद्ध नीति के अवर सचिव एलब्रिज कोल्बी ने कहा है कि भारत और अमेरिका का वैश्विक मुद्दों पर दृष्टिकोण काफी हद तक एक-दूसरे से मेल खाता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यही समानता दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत आधार प्रदान करती है। एलब्रिज कोल्बी ने मंगलवार को यहां अनंता सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि मौजूदा समय में दुनिया बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र इसका केंद्र बन चुका है। ऐसे में भारत और अमेरिका जैसे देशों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने भारत को एक उभरती वैश्विक शक्ति बताते हुए कहा कि उसकी भौगोलिक स्थिति, खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में, उसे रणनीतिक रूप से बेहद अहम बनाती है। कोल्बी के अनुसार भारत न केवल अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम है बल्कि क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने में भी बड़ी भूमिका निभा सकता है। कोल्बी ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ अपने संबंधों को आदर्शवाद के बजाय व्यावहारिकता और साझा हितों के आधार पर आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका ऐसे साझेदार चाहता है जो आत्मनिर्भर हों और अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए सहयोग करें। उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि 'भारत प्रथम' और 'इंडिया वे' का दृष्टिकोण अमेरिका की सोच से काफी हद तक मेल खाता है। उनके अनुसार, दोनों देश यथार्थवादी नीति, शक्ति संतुलन और राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने में विश्वास रखते हैं। रक्षा सहयोग पर कोल्बी ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सैन्य और तकनीकी सहयोग लगातार बढ़ रहा है। संयुक्त सैन्य अभ्यास, सूचना साझेदारी और नई तकनीकों के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच तालमेल मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि आगे चलकर समुद्री सुरक्षा, लंबी दूरी की मारक क्षमता और उन्नत रक्षा तकनीकों पर सहयोग और बढ़ेगा। रक्षा उद्योग के क्षेत्र में भी उन्होंने दोनों देशों के बीच बड़ी संभावनाएं बताईं। कोल्बी ने कहा कि जहां अमेरिका का रक्षा उद्योग दुनिया में अग्रणी है, वहीं भारत तेजी से एक औद्योगिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। ऐसे में दोनों देशों के बीच सह-उत्पादन और सह-विकास से दोनों को लाभ होगा। उन्होंने यह भी माना कि भारत और अमेरिका के बीच कुछ मुद्दों पर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन इससे साझेदारी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आपसी सम्मान, स्पष्टता और ईमानदारी के आधार पर दोनों देश अपने संबंधों को और मजबूत बना सकते हैं। कोल्बी ने अंत में कहा कि भारत और अमेरिका मिलकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

# ऊर्जा संकट पर प्रधानमंत्री का बयान उलझाने वालाः कांग्रेस



**समृद्धि न्यूज़, नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पश्चिम एशिया संकट पर मंगलवार को राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए वक्तव्य की आलोचना की। खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री का 20 मिनट का बयान केवल बातों को उलझाने की कोशिश था, जबकि देश गहरे ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है। खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री के बदलते और अलग-अलग कूटनीतिक रवैये से भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का संतुलन बिगड़ गया है। इजराइल दौरे के बाद भारत को स्पष्ट कूटनीतिक परिणामों का सामना करना पड़ा है, लेकिन प्रधानमंत्री ने संसद और देश को भरोसे में नहीं लिया। उन्होंने पूछा कि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को वापस लाने के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं? उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में लगभग 37-40 भारतीय झंडे वाले जहाज फंसे हैं, जिनमें 1,100 नाविक और करीब 10,000 करोड़ रुपये का माल है। प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री के ईरानी नेतृत्व से बातचीत के बावजूद सुरक्षित रास्ता क्यों सुनिश्चित नहीं किया जा सका? चीन, रूस और जापान जैसे देशों को सुरक्षित मार्ग क्यों दिया जा रहा है, जबकि भारतीय जहाज संकट में हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने दावा किया है कि भारत ने अपने ऊर्जा आयात को 27 से 41 देशों तक बढ़ाया है। वर्तमान में कौन से देश भारत को एलएनजी, एलपीजी और कच्चा तेल सप्लाई कर रहे हैं और कितनी मात्रा में? खरगे ने कहा कि लड़ाई शुरू हुए आज 25 दिन हो चुके हैं और भारत को ऊर्जा संकट से निपटने के लिए बेहतर तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री की उस टिप्पणी पर भी सवाल उठाया जिसमें उन्होंने स्थिति की तुलना कोविड से की थी। खरगे ने कहा कि महामारी के दौरान देश ने भारी पीड़ा झेली थी और अब प्रधानमंत्री का यह कहना कि लोगों को फिर खुद संभालना होगा, बेहद चिंताजनक है।

## तेरह साल से कोमा में पड़े हरीश राणा को मिली इच्छामृत्यु



- एम्स में ली अंतिम सांस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश में निष्क्रिय इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति हरीश राणा का मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। एम्स ने जारी एक बयान में कहा कि हरीश राणा ने मंगलवार को शाम 4.10 मिनट पर अंतिम सांसें ली। वे समर्पित चिकित्सकों की टीम की देखरेख में थे और उन्हें ऑन्को-एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष, डॉ. (प्रो.) सीमा मिश्रा के नेतृत्व में पैलिएटिव ऑन्कोलॉजी यूनिट (आईआरसीएच) में भर्ती कराया गया था। एम्स ने हरीश राणा के परिवार और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। हरीश राणा का मामला देश में 'गरिमा के साथ मृत्यु के अधिकार' (राइट टू डाई विद डिग्निटी) पर एक ऐतिहासिक निर्णय माना गया था। हरीश राणा को सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को विशेष अनुमति देते हुए उनकी सम्मानपूर्वक मृत्यु के लिए एम्स प्रबंधन को जीवनरक्षक उपचार हटाने (लाइफ सपोर्ट विदड्राल) की इजाजत दी थी।

## दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

**समृद्धि न्यूज़, नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने के धमकी भरे ई-मेल के बाद मंगलवार को परिसर और आसपास की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। पुलिस अधिकारी के अनुसार धमकी की जानकारी मिलने के बाद बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड, आपदा प्रबंधन, दमकल विभाग सहित अन्य संबंधित एजेंसियों ने मौके पर पहुंचकर विधानसभा परिसर की गहन तलाशी ली, लेकिन अब तक कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिला है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जांच एजेंसी और उत्तरी जिला पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से विधानसभा परिसर की जांच की। सर्च ऑपरेशन के दौरान हर हिस्से की बारीकी से जांच की गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु या गतिविधि सामने नहीं आई।

# एलपीजी से लदे भारत के दो जहाजों पाइन गैस और जग वसंत ने नौसेना की निगरानी में होर्मुज किया पार



**सरकार ने एलपीजी की आपूर्ति को बताया सामान्य, पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने के निर्देश**

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केंद्र सरकार ने देश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है। सरकार ने एलपीजी की आपूर्ति को सामान्य बताने के साथ ही पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।एलपीजी से भरे हुए भारत के दो जहाज पाइन गैस और जग वसंत नौसेना की निगरानी में भारत की ओर बढ़ रहे हैं और दोनों जहाजों ने सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी रिटेल आउटलेट्स पर काम सामान्य रूप से चल रहा है। हमारे फ्यूल स्टेशनों पर पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कृपया अफ़वाहों पर ध्यान न दें और घबराकर खरीदारी करने से बचें। शर्मा ने कहा कि सोमवार को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने सभी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) संस्थाओं को निर्देश दिया है कि वे पांच दिनों के भीतर आवासीय स्कूलों, कॉलेजों, हॉस्टलों, कम्युनिटी किचन, आंगनवाड़ी आदि को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराएं, जहां भी आस-पास पाइपलाइन का इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक हालात की वजह से एलपीजी की सप्लाई पर असर पड़ा है, लेकिन बहुत सारा कार्गो लाइन में लगा हुआ है।

## एलजी सक्सेना ने वीरों को श्रद्धांजलि दी और भारतीय सेना के साहस को सराहा

**एजेंसी, लेह।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को हॉल ऑफ फेम का दौरा किया और युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र की सेवा में प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उपराज्यपाल का स्वागत 14 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला ने किया। इस अवसर पर सक्सेना ने अत्यंत कठिन और प्रतिकूल परिस्थितियों में देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि शत्रु सेनाओं के विरुद्ध देश की रक्षा करते हुए सैनिकों द्वारा किए गए बलिदानों को सदा कृतज्ञता और सम्मान के साथ याद रखा जाना चाहिए।

# देश वैश्विक लक्ष्यों से पहले ही टीबी मुक्त होने की दिशा में तेजी से अग्रसरः जेपी नड्डा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि देश वैश्विक लक्ष्यों से पहले ही टीबी मुक्त होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार ने टीबी उन्मूलन के लिए बजट में दस गुना वृद्धि की है, जिससे जांच, उपचार और शोध को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में टीबी उन्मूलन एक 'जन भागीदारी' आंदोलन बन चुका है, जिसमें समाज के सभी वर्ग सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। विश्व टीबी दिवस 2026 के अवसर पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नड्डा ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने टीबी मामलों में 21 प्रतिशत की कमी और मृत्यु दर में 25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है, जो वैश्विक औसत से बेहतर है। इलाज की पहुंच अब 92 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जबकि बिना पहचान वाले टीबी मरीजों की संख्या 10 लाख से घटकर 1 लाख से भी कम हो गई है। इस अवसर पर उन्होंने 100-दिवसीय 'टीबी मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत की, जो देश के 1.58 लाख गांवों और शहरी वार्डों में लागू किया जाएगा। इस अभियान के तहत माइक्रो-प्लानिंग के जरिए लक्षित हस्तक्षेप किए जाएंगे, जिससे कमजोर और वंचित वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि दिसंबर 2024 से अब तक 20 करोड़ से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई है, जिसमें 32.65 लाख टीबी मरीजों की पहचान हुई, जिनमें 10.9 लाख ऐसे मरीज भी शामिल हैं जिनमें कोई स्पष्ट लक्षण नहीं थे।

**सहूलियत** | भारतीय रेलवे ने टिकट कैंसिलेशन नियम बदले

# रिफंड प्रणाली में सुधार से यात्रियों को राहत

- अब टिकट किसी भी रेलवे स्टेशन से कैंसिल कर सकते हैं
- पहले सिर्फ उसी स्टेशन से संभव था जहां से टिकट लिया था




**समृद्धि न्यूज़, नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पहल के तहत भारतीय रेलवे में व्यापक सुधारों की घोषणा करते हुए टिकट कैंसिलेशन और रिफंड नियमों में बड़े बदलाव का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इन सुधारों का उद्देश्य अंतिम समय की सट्टेबाजी बुकिंग पर रोक लगाना, वास्तविक यात्रियों को टिकट उपलब्ध कराना और पारदर्शिता बढ़ाना है। रेल मंत्री वैष्णव ने रेल भवन में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पहले टिकट रद्द करने की समय-सीमा 48, 12 और 4 घंटे थी, जिसे अब बढ़ाकर क्रमशः 72, 24 और 8 घंटे कर दिया गया है। यह बदलाव अग्रिम आरक्षण चार्ट की तैयारी में हुए सुधारों के अनुरूप किया गया है, जो अब ट्रेन प्रस्थान से 9 से 18 घंटे पहले तैयार हो जाता है। इससे वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों को बेहतर योजना बनाने का अवसर मिलेगा और खाली सीटों का बेहतर उपयोग हो सकेगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अब ई-टिकट के लिए टिकट जमा रसीद (टीडीआर) दाखिल करने की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है और टिकट रद्द होते ही रिफंड स्वतः प्रोसेस होगा। इसके अलावा, काउंटर टिकट अब देश के किसी भी रेलवे स्टेशन से रद्द कराए जा सकेंगे, जबकि पहले यह सुविधा केवल मूल स्टेशन तक सीमित थी। यात्रियों की सुविधा को और बढ़ाते हुए रेलवे ने एक और बड़ा निर्णय लिया है, जिसके तहत यात्री अब ट्रेन के प्रस्थान से 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे। पहले यह सुविधा केवल चार्ट बनने से पहले तक ही उपलब्ध थी। इसके अलावा, यात्री अब प्रस्थान से 30 मिनट पहले तक अपनी यात्रा श्रेणी (क्लास) भी अपग्रेड कर सकेंगे। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि टिकटिंग प्रणाली में दुरुपयोग रोकने के लिए रेलवे ने तकनीकी उपायों को मजबूत किया है। बॉट्स और फर्जी सॉफ्टवेयर के जरिए टिकट बुकिंग पर रोक लगाने के लिए उन्नत तकनीक लागू की गई है। आधार आधारित ओटीपी सत्यापन प्रणाली लागू करने और डेटा विश्लेषण के जरिए लगभग तीन करोड़ फर्जी आईआरसीटीसी खातों को हटाया गया है।

# टीबी मुक्त हुईं जिले की 59 ग्राम पंचायतें

- 13 पंचायतें दूसरी बार हुईं सम्मानित, ग्राम मुखिया हुए सम्मानित
- जिलाधिकारी कार्यालय आडिटोरियम में आयोजित हुआ सम्मान कार्यक्रम



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** प्रधानमंत्री 'टीबी मुक्त भारत' अभियान के तहत जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए वर्ष 2026 में 59 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया है। इनमें से 13 ग्राम पंचायतें दूसरी बार टीबी मुक्त हुईं, जिनके ग्राम प्रधानों को गांधी की रजत प्रतिमा से सम्मानित किया गया, जबकि पहली बार टीबी मुक्त घोषित पंचायतों के ग्राम प्रधानों को कांस्य प्रतिमा प्रदान की गई। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि प्रज्ञा त्रिपाठी और मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र ने ग्राम प्रधानों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया। नवाबगंज ब्लॉक की भगतपुर गुलरिया ग्राम पंचायत की महिला प्रधान पूजा पाण्डेय भी पहली बार टीबी मुक्त घोषित पंचायतों में शामिल रहीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि यदि कोई ग्राम पंचायत तीसरी बार टीबी मुक्त घोषित होती है, तो संबंधित ग्राम प्रधान को गोल्ड प्रतिमा से सम्मानित किया जाएगा। समारोह के दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी, व्यापार मंडल और न्यू भारत हॉस्पिटल ने 20 टीबी उपचाररत बच्चों को गोद लेकर उन्हें पोषण किट प्रदान की। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने बताया कि जिले में चल रहे 100 दिवसीय विशेष टीबी रोगी खोजो अभियान के तहत अब तक 7 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिनमें 10,038 टीबी मरीज चिन्हित किए गए हैं। साथ ही निक्षय मित्रों द्वारा 9,138 मरीजों को पोषण सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी टीबी का प्रमुख लक्षण हो सकता है। भ्रांतियों के कारण मरीजों को चावल या ठंडी तासीर वाली चीजों से परहेज कराया जाता है, जबकि ऐसा आवश्यक नहीं है। टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार लेना चाहिए और परहेज केवल तंबाकू, धूम्रपान और शराब से करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि दवाएं डॉक्टर की सलाह के अनुसार एक साथ नियमित रूप से लेना उपचार की सफलता के लिए जरूरी है। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र ने कहा कि ग्राम पंचायतों, स्वास्थ्य विभाग, आशा कार्यकर्ताओं और निक्षय मित्रों के संयुक्त प्रयासों से यह उपलब्धि संभव हुई है। वहीं प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि जनभागीदारी से ही टीबी उन्मूलन का लक्ष्य तेजी से हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ संदीप मिश्रा, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, एसटीएस, एसटीएलएस सहित सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## 13वीं तीरंदाजी प्रतियोगिता शुरू

### गोरखपुर जोन की महिला-पुरुष टीमें ले रहीं हिस्सा



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पुलिस लाइन ग्राउंड में गोरखपुर जोन की 13वीं अंतर्जनपदीय तीरंदाजी (महिला एवं पुरुष) प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। यह प्रतियोगिता वर्ष 2026 के लिए आयोजित की जा रही है।इस प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के आठ जिलों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें गोरखपुर, गोंडा, बस्ती, देवरिया, संतकबीरनगर, बहराइच, कुशीनगर और सिद्धार्थनगर शामिल हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें खेल भावना, अनुशासन तथा निष्पक्षता के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह, सभी टीम मैनेजर, खिलाड़ी, पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा निर्णायक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल, सुव्यवस्थित और निष्पक्ष आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

## जनपद न्यायाधीश, डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

- बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं का लिया जायजा




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रिया राय के साथ जिला कारागार बहराइच का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने महिला एवं बाल बैरक, बैरक संख्या 10 ए,बी व सी सहित अन्य बैरकों, कारागार अस्पताल व पाकशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान कारागार की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गयी। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान करागार अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर माधुरी तिवारी व रंजीत सिंह, चिकित्सक डॉ. अनिल वर्मा व अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

## खेलकूद कार्यक्रम से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास : डॉ. विनय

### केडीसी महाविद्यालय में आयोजित हुआ एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**




जनपद स्तरीय पी एम श्री विद्यालय के एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के तत्वाधान में किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार सक्सेना के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद प्रतियोगिता का प्रारंभ हुआ। जनपद के समस्त ब्लॉकों के पीएम श्री विद्यालयों के बच्चे इस खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किये। जिसमें 100 मीटर 200 मीटर दौड़ कबड्डी खो -खो,ऊंची कूद,लंबी कूद में भाग लिया। साथ ही साथ बच्चों के द्वारा रंगोली निर्माण तथा हास्य व्यंग्य गीत कविता के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोहा। खेलकूद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ विनय कुमार सक्सेना ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और उनमें पढ़ने के ललक बढ़ती है, समय-समय पर खेल का आयोजन करना चाहिए। खेल प्रतियोगिता विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होती है। यह न केवल शारीरिक विकास में सहायक होती है, बल्कि मानसिक, सामाजिक और नैतिक गुणों के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विद्यालयों में समय-समय पर आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताएँ छात्रों में उत्साह और ऊर्जा का संचार करती हैं। कॉलेज के गेम प्रभारी डॉक्टर सूर्यभान रावत कार्यक्रम का आयोजन जिला संबंधित प्रशिक्षण प्रदीप कुमार वर्मा, तथा कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र पाल सिंह एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का आभार व धन्यवाद राजेश कुमार मिश्रा ने किया। विजयी बच्चों को पुरस्कार वित्त एवं लेखा अधिकारी वीरेश कुमार वर्मा ने दिया। जनपद स्तर पर खेलकूद कार्यक्रम में व्यायाम शिक्षक महेंद्र प्रताप सिंह, पीएम श्री विद्यालय के प्रधानाध्यापक रजनीश पाठक, वीरेंद्र कुमार, प्रीति मिश्रा, डॉ नन्द कुमार शुक्ला, अभिमन्यु त्रिपाठी, संतोष सिंह, शक्तिधर पाठक, शैलेन्द्र कुमार वर्मा, श्याम सुन्दर, शबनम, नदीम अहमद, रघुकुल शिरोमणि, योगेश गुप्ता, विनोद यादव अखिलेश कुमार, दिलीप वर्मा आदि शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग किया।

## खबरें एक नजर में

### दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**झंझरी/गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिले में अलग अलग स्थानों पर हुई दुर्घटना में एक मजदूर और एक दुकान दार की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के बेबिया गोसाई पुरवा निवासी 35 वर्षीय विज्ञान पुरी पुत्र जय जय राम गोसाई सोमवार के दिन कर्नल गंज कस्बे में मजदूरी करने घर से आया था। देर शाम को मजदूरी कर के घर जा रहा था।सरयू रेलवे स्टेशन के क्रॉसिंग को पार करते समय ट्रेन के चपेट में आकर कट कर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई ज्ञान पुरी ने बताया कि उस का भाई मजदूरी का काम करता था।प्रति दिन सुबह घर से मजदूरी करने के लिए निकलता था।देर शाम को घर आ जाता था। उस के दो बच्चे मोहिनी और रोशनी है।भाई के मरने की जानकारी जी आर पी पुलिस ने मोबाइल पर फोन कर के दिया । मनका पुर कोतवाली क्षेत्र के तेंदुवा कला निवासी 35 वर्षीय नागेश तिवारी पुत्र श्रवण कुमार तिवारी अंधियारी चौराहे के पास जनरल मर्चेंट का दुकान करता था। सोमवार के दिन सुबह घर से दुकान पर आया था।दिन भर दुकान दारी करने के बाद देर रात्रि में दुकान बंद कर के बाइक से घर जा रहा था। किसी अज्ञात वाहन ने अंधियारी ग्राम के पास ही टक्कर मार दिया। मरणासन्न हालत में उस को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए । चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया । पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

### 36 लाख रुपये का सरिया, सीमेंट हड़पने का आरोप

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** न्यायालय के आदेश पर पर नगर कोतवाली में सोमवार के दिन दो लोगो पर एक सीमेंट सरिया व्यापारी से 36 लाख रुपए हड़प ने का मुकदमा दर्ज कराया गया है।। नगर कोतवाली क्षेत्र के गल्ला मंडी बहराइच रोड निवासी आशीष कुमार पुत्र कृष्ण चंद्र गुप्ता ने न्यायालय में एक वाद दायर किया जिस में कहा कि वह जिले का सीमेंट सरिया का बड़ा व्यापारी है ।जिस की सप्लाई पूरे मंडल में है। जब माल जाता है तो उस का उधार भी हो जाता है। ईश्वर शरण पुत्र बहादुर दत्त नगर माफी और प्रदीप कुमार शुक्ला पुत्र जगदीश निवासी तुलसी राम पुर दतौली मार्ग धाने पुर थाना दोनों लोग पिछले चार साल सीमेंट सरिया दुकान से ले जाते थे।जिस से इन लोगों पर विश्ववास बना था और अच्छे संबंध हो गए थे । इन लोगो के पास 36 लाख 27 हजार छ सौ 27 रुपया का बकाया हो गया। जब बकाया पैसा मांगे तब किसी न किसी का बीमारी का बहाना बना कर टाल देते थे। 16 अक्टूबर 2025 को जब दुकान का बकाया पैसा वसूली करने के लिए तो देखा कि दुकान पर बैठे हुए है ।इस पर ईश्वर शरण से अपना दुकान का बकाया पैसा मांगने लगे तो इधर उधर की बात कर के टाल ने लगे। इस पर अपना लेजर खोलवा कर दिखाया तो गुस्से में आकर एक चेक काट दिया। चेक लेकर घर पर आ गया।दूसरे दिन प्रदीप कुमार शुक्ला ने फोन कर के चेक लगाने से मना कर दिया और कहा कि नगद पैसा दे देंगे । जब दुकान पर गए तो दुकान पर नहीं मिले।फोन करने पर उठाया भी नहीं। पैसा देने से मना कर ने लगे। नगर प्रभारी विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर प्रदीप कुमार और ईश्वर शरण के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### विश्व क्षय रोग दिवस पर ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त बनाने वाले 36 ग्राम प्रधानों को डीएम द्वारा किया गया सम्मानित

**बलरामपुर।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में जनपद के विभिन्न विकास खंडों के 36 ग्राम प्रधानों को उनकी पंचायतों को क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए डीएम डॉ विपिन कुमार जैन द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। क्षय रोग मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। डीएम की मुख्य अपील- मरीजों को गोद लें: जिलाधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों से अपील की है कि वे टीबी मरीजों को गोद लें और उन्हें भावनात्मक व सामाजिक सहयोग प्रदान करें। समिति की बैठकें: ग्राम स्तर पर गठित 'स्वास्थ्य एवं पोषण समिति' की नियमित बैठकें आयोजित की जाएं ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी हो सके। शत-प्रतिशत टीकाकरण: ग्राम प्रधान यह सुनिश्चित करें कि गाँव का कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे और गर्भवती महिलाओं का समय से टीकाकरण हो। पोषण पर जोर: बेहतर स्वास्थ्य के लिए पोषण के प्रति जागरूकता फैलाने में प्रधानों से विशेष सहयोग की अपेक्षा की गई है। 36 ग्राम पंचायतों की सूची- विकास खंड गैंड़ास बुजुर्ग: कैथलिया सलेमपुर और मझारी टप्पा बांक। विकास खंड बलरामपुर रूरल: बफहवा, मधवाजोत, खैराही, उदयपुर, देवरनवा और नन्दनगर दुल्हापुर। विकास खंड उतरौला: विलरिया और जोगिया कढ़िया। विकास खंड श्रीदत्तगंज: दारीचौरा, कालू बनकट, महुआधर और पुरैना कानूनगो। विकास खंड हरैया सतघरवा: घनघटा, इटवा, महादेव अतरपारी, नन्दनगर जुम्मनडीह और लौकी कला। विकास खंड पचपेड़वा: राम नगर, बौटी, चन्दनपुर, मध्य नगर और धनखरपुर हटी। विकास खंड तुलसीपुर: गोपालिपुर, पूरनपुर, बालापुर, चैनपुर बडेरिया, कोहडूरा, पचपकड़ी और भुजेहरा। विकास खंड गैसड़ी: नगई और रनियापुर।

## राज्य स्तरीय रेशम कृषि मेला व कार्यशाला का हुआ आयोजन

- मंत्री राकेश सचान ने दीप प्रज्ज्वलित कर फीता काटकर कार्यशाला एवं मेले का किया उद्घाटन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सहायक निदेशक रेशम कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना अन्तर्गत आयोजित राज्य स्तरीय रेशम कृषि मेला/कार्यशाला का मुख्य अतिथि मंत्री, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, उ.प्र. शासन राकेश सचान ने एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम जायसवाल व अन्य अतिथियों तथा अधिकारियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित तथा फीता काटकर कार्यशाला एवं मेले का उदघाटन किया। राज्य स्तरीय रेशम कृषि मेला/कार्यशाला रेशम के साथ-साथ अन्य विभागों कृषि, उद्यान, गन्ना, मत्स्य, पशुपालन, दुग्ध, भूमि संरक्षण, खादी एवं ग्रामोद्योग, एफपीओ बहराइच सिल्क फार्मर प्रोड्युसर कम्पनी लि., बिछला चित्तौरा द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी/स्टालों तथा कार्यालय परिसर में संचालित धागाकरण मशीन एवं रेशम वस्त्र बुनाई हेतु संचालित चरखा/लूम का मुख्य अतिथि ने अन्य अतिथियों के साथ अवलोकन किया तथा जानकारी प्राप्त की। राज्य स्तरीय रेशम कृषि मेला में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से शामिल लगभग 1100 कृषकों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने आहवान किया कि समूहों/समितियों के माध्यम रेशम कीट पालन को अपना कर आप अपनी आय में गुणात्मक वृद्धि कर सकते हैं। मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि योजना अन्तर्गत वृक्षारोपण, रेशम कीटपालन गृह, उपकरण, प्रशिक्षण इत्यादि परियोजनाओं पर लागत का 75 प्रतिशत अनुदान प्राप्त किया जा सकता है।कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक, विभागीय तकनीकी अधिकारियों के द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं तथा रेशम उत्पादन को बढ़ावा दिये जाने पर बल देते हुए रेशम कीटपालन की नवीन तकनीकी जानकारियों प्रदान की गयीं। कार्यशाला के अन्त मे सहायक निदेशक रेशम मिथलेश कुमार सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों एवं आगुन्तक कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए रेशम उत्पादन सम्बन्धी कार्यों से जुड़ कर आय में वृद्धि करने तथा विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु रेशम मित्र पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने का सुझाव दिया।

## मिनी ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, एक की मौत, दो गंभीर घायल

### शादी समारोह से लौट रहे थे बाइक सवार



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बहराइच-सीतापुर मार्ग पर सोमवार देर रात एक मिनी ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक की पहचान बाराबंकी निवासी 46 वर्षीय शत्रोहन के रूप में हुई है। वह अपने रिश्तेदार अर्जुन (बाराबंकी निवासी) और परशुराम (सीतापुर निवासी) के साथ बहराइच के मरी माता मंदिर में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। देर शाम वे तीनों बाइक से वापस लौट रहे थे। वापसी के दौरान, हरदी थाना क्षेत्र में कल्याणपुर के पास बहराइच-सीतापुर मार्ग पर तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही हरदी थाना प्रभारी आलोक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने शत्रोहन को मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत को देखते हुए अर्जुन को लखनऊ रेफर किया गया है, जबकि परशुराम का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। थाना प्रभारी आलोक सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## विधायक ने किया शिलान्यास, क्षेत्र में विकास कार्यों को मिली रफ्तार



अनिल कुमार गुप्ता

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए स्थानीय विधायक राम प्रताप वर्मा ने सोमवार को गुमड़ी से रेहरा-साधुनगर संपर्क मार्ग के नवनिर्माण कार्य का वैदिक विधि-विधान के साथ शिलान्यास कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि उतरौला विधानसभा का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है और इसी दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस संपर्क मार्ग के निर्माण से क्षेत्र की बड़ी आबादी को बेहतर और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं दैनिक जीवन की गतिविधियों में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा और इससे आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी। साथ ही स्थानीय बाजारों तक पहुंच आसान होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक राम प्रताप वर्मा ने इस परियोजना के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने पर योगी आदित्यनाथ तथा केंद्रीय राज्य मंत्री कीरत वर्धन सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार के सहयोग से क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को गति मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी सड़क निर्माण कार्य की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए आवश्यक और लाभकारी बताया। स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई कि इस प्रकार के विकास कार्यों से क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और लोगों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। समारोह के अंत में विधायक ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी क्षेत्र के विकास के लिए इसी प्रकार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाती रहेगी। कुल मिलाकर, गुमड़ी से रेहरा-साधुनगर संपर्क मार्ग का यह शिलान्यास उतरौला क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों को दीर्घकालिक लाभ मिलने की उम्मीद है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 163 जोड़ों का विवाह हुआ संपन्न

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक गौरा, डीएम व ब्लॉक प्रमुखगणों ने नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत हकीकुल्ला चौधरी महाविद्यालय गौरा के परिसर में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सफलतापूर्वक, सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। सामुहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद के विकासखण्ड व नगरपालिका परिषद/नगर पंचायतों को मिलाकर कुल 193 जोड़े पंजीकृत थे जिसमें से 163 जोड़ों का विवाह पूरी रीतिरिवाजों के साथ सम्पन्न कराया गया। इसमें 02 जोड़ों का इस्लामिक पद्धति से मौलवी साहिबे आलम द्वारा निकाह कराया गया।


सामूहिक विवाह कार्यक्रम में माननीय विधायक गौरा प्रभात वर्मा, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, उपजिलाधिकारी मनकापुर, ब्लॉक प्रमुख बभनजोत, छपिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, ने विवाह मण्डप पर बैठे जोडों को आर्शीवाद देते हुए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में किसी भी गरीब की बेटी के हाथ पीले होने से नहीं बचेंगे वो चाहे किसी जाति व धर्म की हों। सामूहिक विवाह हेतु हमारी सरकार रूपये 60000/- प्रति जोडे के दम्पतियों के खाते में दिया जाता है। शेष उपहार सामग्री दी जाती है जिसमें चांदी की पायल बिछिया, स्टील का डिनर सेट, पांच लीटर का प्रेशर कुकर, कन्या हेतु दो जोड़े कपड़े, वर हेतु एक जोड़ा कपड़ा, दीवाल घड़ी, सौन्दर्य प्रशासन किट आदि गृहस्थी का सम्मिलित होता है। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख बभनजोत, छपिया, खण्ड विकास अधिकारी बभनजोत, छपिया सहित सभी संबंधित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जनपद में एचपीवी टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

#### किशोरियों को मिलेगी गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से सुरक्षा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जनपद में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आज एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई। इसका औपचारिक शुभारंभ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलारगंज में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया, जबकि इसी के साथ जनपद के सभी 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी एक साथ टीकाकरण सत्र शुरू किए गए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के तहत जनपद में लगभग 40 हजार किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## वृहद रोजगार मेले में 315 अभ्यर्थियों का चयन




**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), गोण्डा में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राकेश पाण्डेय (संयुक्त विकास आयुक्त) ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक राजेश राम (प्रशिक्षण/शिक्षुता), देवीपाटन मंडल भी उपस्थित रहे। मेले में मदरसन ट्रस्ट एवं संभव फाउंडेशन के माध्यम से नोएडा, अहमदाबाद, चेन्नई, बेंगलुरु और पुणे की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराई गई। कंपनी की ओर से प्रोजेक्ट मैनेजर राकेश मंडल, एचआर विश्वनाथ सहित अन्य अधिकारियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। इस रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, डिप्लोमा एवं आईटीआई उत्तीर्ण कुल 1316 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। चयन प्रक्रिया के उपरांत 315 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों में किया गया, जिन्हें मुख्य अतिथि एवं अधिकारियों ने बधाई दी। कार्यक्रम में नोडल प्रधानाचार्य राम सिंह, राजकीय आईटीआई करनैलगंज के प्रधानाचार्य प्रभु नाथ मिश्र, मनकापुर के प्रधानाचार्य राकेश कुमार शुक्ल, कृष्ण कुमार, अशोक कुमार सहित जनपद के विभिन्न संस्थानों के कर्मचारी एवं अनुदेशक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यदेशक विजय कुमार ने किया।अंत में कार्यदेशक शिवाकांत तिवारी, के.के. यादव, विवेक, उत्तम, नितीश, शिवम आदि ने अतिथियों एवं कंपनी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# स्वास्थ्य सेवाओं में उत्तर प्रदेश बना देश में अग्रणी

## योगी सरकार ने तैयार किये 5.76 करोड़ से अधिक इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड

▸ आयुष्मान योजना से करोड़ों को सुरक्षा कवच, 6,000 से अधिक अस्पतालों का नेटवर्क



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। योगी सरकार ने इस दौरान न केवल आधारभूत ढांचे को मजबूत किया, बल्कि डिजिटल हेल्थ, आपात सेवाओं, मातृ-शिशु देखभाल समेत स्वास्थ्य सेवा के हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश आज कई स्वास्थ्य मानकों पर देश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है।योगी सरकार ने प्रदेश में डिजिटल हेल्थ के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 5.76 करोड़ से अधिक इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार किए हैं। माइक्रोसाइट प्रोजेक्ट के तहत 35 माइक्रोसाइट्स का संचालन किया जा रहा है, जहां 4.4 लाख से अधिक रिकॉर्ड पंजीकृत कर प्रदेश ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल के माध्यम से रोगों की निगरानी और रोकथाम को अधिक प्रभावी बनाया गया है। अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और उनकी कार्यक्षमता पर नजर रखने के लिए 'केयर मॉडल' लागू किया गया है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड के लिए ई-वाउचर की सुविधा दी गई है। जननी सुरक्षा योजना के तहत 13,51,044 लाभार्थियों को लाभ मिला है, जबकि बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 8,79,642 बच्चों का उपचार किया गया है। दस्तक अभियान के जरिए एईएस-जेई जैसी बीमारियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया।

### नौ वर्ष पहले जो सपना देखा था, आज धरातल पर : योगी

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तरप्रदेश देश के अंदर इन्वेस्टमेंट के बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप मे खुद को स्थापित कर सके, जो सपना आज से 9 वर्ष पहले हमने देखा था, आप सब की उपस्थिति उस सपने को जमीनी धरातल पर हकीकत में उतारने वाली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेश मित्र 3.0 कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा कि आपने प्रदेश की डबल इंजन वाली सरकार पर विश्वास किया,तो आपके विश्वास पर खरा उतरने के लिए उस प्रकार का वातावरण आपको मिल सके,इसको प्रदेश सरकार ने प्रभावी ढंग से जमीनी धरातल पर उतारकर प्रस्तुत किया है। आज पूरे देश मे किसी भी उद्यमी के लिए निवेश के सबसे पसंदीदा निवेश स्थल उत्तरप्रदेश होता है। विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है, विश्वास को पिछली सरकारों ने तोड़ा था,उत्तरप्रदेश वासियों और नौजवानों के सपना तोड़ा था। देश के सबसे बड़े राज्य के सामने वजूद के संकट खड़े किए गए थे। आज मैं दावे के साथ कह सकता हूँ आपका जो विश्वास डबल इंजन की सरकार पर हुआ है, उस विश्वास पर खरी उतरने के लिए हमारी टीम यूपी ने परिश्रम किया।

# विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी : केशव



▸ यूपी कहा जाता है 'भारत का फूड बास्केट'

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लोक भवन में निवेश मित्र 3.0 कार्यक्रम में प्रदेश में निवेश के अनुकूल वातावरण और सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को देश के भीतर निवेश का सर्वश्रेष्ठ गंतव्य बनाने का जो सपना 9 वर्ष पहले देखा गया था, वह आज आप सभी निवेशकों और उद्यमियों की सहभागिता से साकार हो रहा है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार पर निवेशकों द्वारा जताया गया विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। इसी विश्वास को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार ने नीतिगत सुधार, पारदर्शिता और निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया है। आज उत्तर प्रदेश देशभर के उद्यमियों के लिए सबसे पसंदीदा निवेश स्थल के रूप में उभरकर सामने आया है।श्री मौर्य ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले निवेशकों का विश्वास टूट चुका था और प्रदेश के युवाओं के सपनों को भी आघात पहुंचा था, जिससे राज्य के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। वर्तमान सरकार ने कड़ी मेहनत और बेहतर नीतियों के माध्यम से उस विश्वास को पुनर्स्थापित किया है। उत्तर प्रदेश को भारत का फूड बास्केट भी कहा जाता है। एक समय ऐसा था जब कृषि क्षेत्र में चुनौतियों के कारण किसान पलायन और कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे थे, लेकिन पिछले 9 वर्षों में सरकार ने इस क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। आज प्रदेश देश की कुल कृषि योग्य भूमि का लगभग 11 प्रतिशत हिस्सा रखते हुए 21 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन कर रहा है, जो यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश ने कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।

## खबरें एक नजर में

### जीआरपी ने चोरी के 287 मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को सौंपा

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में जीआरपी पुलिस ने गुमशुदा मोबाइल फोन बरामदगी में बड़ी सफलता हासिल की है। मंगलवार को जीआरपी लखनऊ ने करीब 70 लाख रुपए कीमत के 287 मोबाइल फोन तलाश कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने राहत की सांस ली और एसपी को धन्यवाद देते नजर आए। मोबाइल बरामदगी के लिए जीआरपी की सर्विलांस टीम ने विशेष अभियान चलाया। जनसुनवाई में मिली शिकायतों के आधार पर टीमों का गठन किया गया। तकनीकी सहायता से मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रैक की गई। जांच में सामने आया कि कई मोबाइल उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों में भी इस्तेमाल हो रहे थे, जिन्हें समन्वय बनाकर बरामद किया गया। अभियान के दौरान कुल 287 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 70 लाख रुपए आंकी गई है। बरामद मोबाइल विभिन्न कंपनियों के हैं, जिन्हें अलग-अलग स्थानों से एकत्र कर सुरक्षित रखा गया था। जीआरपी पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा ने मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे। जैसे ही लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल वापस मिले, उनके चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने 'थैंक्यू सर' कहकर पुलिस का आभार जताया। यह पूरा अभियान जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर शुरू किया गया था। जीआरपी ने इसे प्राथमिकता में रखते हुए तकनीकी संसाधनों का इस्तेमाल किया और बड़ी संख्या में मोबाइल बरामद कर मिसाल पेश की। इस कार्रवाई से आम लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ है। जीआरपी एसपी रोहित मिश्रा ने बताया कि गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक पीड़ितों को उनका खोया सामान वापस मिल सके और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

### सड़क सुरक्षा पर 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में परिवहन विभाग की ओर से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में बड़ी संख्या में युवा हिस्सा ले रहे हैं। अंशिका पटेल ने कहा सड़क पर ट्रैफिक नियमों का पालन करना बहुज जरूरी है। आयुष राजपूत ने कहा-रोड पर एक्सीडेंट नहीं हो, इसके लिए ट्रैफिक नियमों का पालन करना जरूरी है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियम, सावधानियां और दुर्घटना से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने बताया कार्यशाला में 75 जनपद से चार-चार प्रशिक्षु आए हैं। इसमें हम लोग ने स्काउट गाइड के सभी छात्र-छात्राओं को शामिल किया है। मेरा अटूट विश्वास है कि अगर स्काउट गाइड हमसे जुड़ेंगे तो रोड सेफ्टी के मुद्दे को जन-जन तक पहुंचा सकेंगे। सड़क सुरक्षा के विशेषज्ञ रोहित बालूजा युवाओं को प्रशिक्षित करेंगे। वे ट्रैफिक मैनेजमेंट, ड्राइविंग व्यवहार और सड़क पर जोखिम कम करने के व्यावहारिक तरीकों पर विस्तार से जानकारी देंगे। मुख्य उद्देश्य युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर उन्हें समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करना है। प्रशिक्षित युवा आगे चलकर सड़क सुरक्षा अभियान को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे। परिवहन विभाग का मानना है कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से सड़क हादसों में कमी लाई जा सकती है। इसके जरिए लोगों में ट्रैफिक नियमों के पालन की आदत विकसित होगी और सुरक्षित यातायात को बढ़ावा मिलेगा।

### नेशनल पीजी कॉलेज में सिक्कों पर विशेष व्याख्यान

**छात्रों को इतिहास समझने का नया नजरिया मिला**

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** नेशनल पीजी कॉलेज के इतिहास विभाग में सिक्कों के माध्यम से इतिहास का अध्ययन विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राध्यापक प्रशांत श्रीवास्तव ने छात्रों को बताया कि पुराने सिक्के केवल लेन-देन का माध्यम नहीं, बल्कि इतिहास के महत्वपूर्ण साक्षी भी हैं। इस व्याख्यान ने छात्रों को इतिहास समझने का एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य वक्ता प्रशांत श्रीवास्तव के सम्मान से हुई। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. देवेन्द्र के. सिंह ने उनका स्वागत किया, जबकि इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आकृति कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। व्याख्यान को पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से समझाया गया, जिससे छात्रों के लिए विषय को समझना और भी आसान हो गया। व्याख्यान में बताया गया कि प्रारंभ में लोग वस्तु विनिमय प्रणाली का उपयोग करते थे,जिसका उल्लेख ऋग्वेद में भी मिलता है। बाद में सिक्कों का प्रचलन शुरू हुआ,जिनमें एक निश्चित वजन, आकार और शासक की मुहर होती थी। प्रशांत श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि सिक्कों ने कई ऐतिहासिक रहस्यों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। काचा नामक सिक्कों से गुप्त काल के इतिहास को नई पहचान मिली,वहीं अनेक शासकों के आपसी संबंध और उनके अस्तित्व को भी इन्हीं सिक्कों के माध्यम से प्रमाणित किया जा सका है।

# मल्टीलेवल पार्किंग पहुंचीं महापौर, अव्यवस्थाओं पर लगाई फटकार



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ हजरतगंज स्थित मल्टीलेवल पार्किंग और केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सामने बनी मल्टीलेवल पार्किंग का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। महापौर के अचानक पहुंचने से हजरतगंज पार्किंग परिसर में हड़कंप की स्थिति बन गई। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले लिफ्ट बंद पाई गई, जिससे आम लोगों को काफी असुविधा हो रही थी। इसके अलावा पार्किंग के बेसमेंट में अवैध रूप से कार बाजार और गैराज संचालित होता मिला। पार्किंग के सभी फ्लोर पर गंदगी का अंबार देखने को मिला, जिस पर महापौर और नगर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव एवं जोनल सेनेटरी ऑफिसर कुलदीपक को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही वहां बने टॉयलेट भी बंद पाए गए, जिन्हें तुरंत खुलवाकर जनता के लिए उपयोगी बनाने के निर्देश दिए गए। मेयर ने कहा कि नागरिक सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पार्किंग में चल रहे गैराज और कार बाजार को तत्काल प्रभाव से सील करा दिया गया। महापौर के निर्देश पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई। छापेमारी के दौरान मौके से लैपटॉप एवं अन्य उपकरण भी जब्त किए गए, जिससे अवैध गतिविधियों के संचालन के प्रमाण मिले हैं। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सामने स्थित मल्टीलेवल पार्किंग पर भी हालात संतोषजनक नहीं पाए गए। पार्किंग परिसर में गंदगी फैली हुई थी और यहां भी अवैध रूप से कार बाजार और गैराज संचालित होता मिला। मेयर ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि आरटीओ अधिकारियों से बात कर कर पार्किंग में लंबे समय से खड़ी गाड़ियों की जांच कर उन्हें जब्त किया जाए। साथ ही पार्किंग परिसर में अवैध रूप से गैराज और कार बाजार चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कि नगर निगम की संपत्तियों का दुरुपयोग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित सुविधाएं मिल सकें। निरीक्षण के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा शहर की जनता जब हमें शुल्क दे रही है तो उन्हें बेहतर सुविधाएं देना हमारी जिम्मेदारी है। पार्किंग में बुजुर्गों से लेकर हर आयु वर्ग के लोग आते हैं, ऐसे में यदि लिफ्ट खराब रहेगी तो उन्हें अनावश्यक असुविधा का सामना करना पड़ेगा। हजरतगंज जैसे प्रमुख क्षेत्र में देश-विदेश से लोग आते हैं।

# उपमुख्यमंत्री पाठक ने उत्तर भारत के सबसे बड़े बोन मैरो ट्रांसप्लांट सेंटर का किया उद्घाटन



**एजेंसी, नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित शारदा केयर हेल्थिसिटी अस्पताल में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को उत्तर भारत के सबसे बड़े बोन मैरो ट्रांसप्लांट सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री पाठक ने बॉलीवुड की फिल्म धुरंधर-2 की आलोचना करने पर समाजवादी पार्टी पर प्रहार किया। उपमुख्मंत्री पाठक ने कहा कि साहित्यकारों ने फिल्म बनाई है। अगर निशाना साधा जा रहा है तो यह तुच्छ मानसिकता को दर्शाता है। पाठक ने कहा कि एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री 28 मार्च को उद्घाटन करने आ रहे हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जनपद के हजारों लोगों को नौकरी मिलेगी। समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमले बोलते हुए कहा कि कुछ भी कर लें, उनका कुछ भी होने वाला नहीं है। सबको याद है कि उनके समय में गुंडों और माफिया का राज रहता था। चार कार्यकाल जनता ने देखे हैं। नोएडा वालों को समाजवादी पार्टी अच्छे से याद होगी।

# गांवों के तालाबों में कराएंगे फ्लोटिंग फार्मिंग मछलियों की मौत के बाद पहुंचे मंत्री

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



इटौंजा क्षेत्र में यूपी के मत्स्य मंत्री संजय निषाद पहुंचे। यहां गोमती नदी में बड़ी संख्या में मछलियां मृत पाई गई थी। यहां मंत्री ने पहुंचकर मछलियों के मरने की जानकारी ली। जांच के दौरान सामने आया कि यह मामला नदी प्रदूषण का नहीं, बल्कि स्थानीय स्तर पर मछली पालन से जुड़ा है। मंत्री संजय निषाद ने मौके पर बताया कि नदी का पानी साफपाया गया है और प्रदूषण जैसी कोई स्थिति नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक पट्टा धारक ने अपने तालाब में बड़ी मछलियां डाली थीं, उस तालाब में गांव का सारा पानी जाता है। जिससे मछलियां गर्मी के वजह से मर गई। जिसके बाद मंत्री ने कहा कि पट्टेधारकों की ट्रेनिंग कराई जाएगी। ताकि कोई आपदा आए तो वो सतर्क रहें। इसके साथ ही मंत्री फ्लोटिंग फार्मिंग कराने की भी बात कही। मंत्री ने अधिकारियों को संबंधित व्यक्ति को मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को मछली पालन करने वालों को वैज्ञानिक तरीके अपनाने के लिए जागरूक करने और हॉर्टिकल्चर व एग्रीकल्चर के साथ तालाब आधारित तैरती खेती को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए। मंत्री का कहना है की ये खेती होगी तो अपने आप साफ हो जाएगा। ये वैज्ञानिक तरीका है। फ्लोटिंग फार्मिंग एक ऐसी खेती है जिसमें पानी की सतह पर तैरते प्लेटफॉर्म पर फसल उगाई जाती है। यह तकनीक बाढ़ या जलभराव वाले क्षेत्रों में खेती के लिए बेहद उपयोगी मानी जाती है। इटौंजा इलाके के हीरापुरम में गोमती नदी में हजारों मछलियां मर गई थी। लोगों ने इसकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार को मछलियां मरनी शुरू हुईं। सोमवार दोपहर तक हजारों मछलियां मर गई। इससे तेज बदबू उठने लगी। मरी मछलियों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया था। जिसमें अकराडिया कला गांव के निवासी रूपम ने दावा किया कि उनके परिवार द्वारा पाली गई मछलियां गर्मी के कारण तालाब में मर गई थीं। बाद में उन्हें गांव के बाहर नदी किनारे फेंक दिया गया। मामले की जानकारी मिलते ही प्रदेश सरकार में मत्स्य मंत्री संजय निषाद मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर इंडिगो का सर्वर डाउन उड़ानें बाधित, यात्रियों को हुई परेशानी



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मंगलवार को इंडिगो एयरलाइंस का ऑपरेशन अचानक ठप हो गया। पिछले करीब डेढ़ घंटे से सर्वर डाउन होने के कारण कई उड़ानों का संचालन प्रभावित हो रहा है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक मंगलवार दोपहर इंडिगो एयरलाइंस के सर्वर में तकनीकी गड़बड़ी आ गई। जिसको लेकर दोपहर 12.00 बजे से 3.00 बजे तक मेंटेनेंस का काम किया जाएगा। वहीं 12 से 2.30 बजे तक इंडिगो की लखनऊ एयरपोर्ट पर कोई उड़ान भी नहीं है। सूत्रों ने बताया कि 2.30 बजे इंडिगो का एक विमान है। अगर मेंटेनेंस का काम 2.30 बजे तक नहीं पूरा हो पाया तो यात्रियों के बोर्डिंग पास मैनुअल तरीके से जारी किए जाएंगे। इंडिगो का सर्वर ठप होने की वजह से एयरपोर्ट पर चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी तरह प्रभावित हो गई है। काउंटर पर लंबी कतारें लग गई हैं और यात्री अपनी फ्लाइट की जानकारी के लिए भटकते नजर आ रहे हैं। सर्वर में आई तकनीकी दिक्कत के चलते कई उड़ानें देरी से चल रही हैं, जबकि कुछ फ्लाइट्स के संचालन पर भी असर पड़ा है। एयरपोर्ट प्रशासन और इंडिगो स्टाफसमस्या को जल्द से जल्द ठीक करने में जुटे हैं। इंडिगो की तकनीकी टीम सर्वर को दुरुस्त करने में लगी हुई है।

अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है, जिसके बाद उड़ानों का संचालन सुचारू रूप से शुरू किया जाएगा।

# रसोई गैस सिलेंडर को लेकर अफरा-तफरी का माहौल

▸ कई लोग खाली हाथ लौटे



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी के बुद्धेश्वर इलाके में मंगलवार को रसोई गैस सिलेंडर को लेकर अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। इंडियन हॉस्पिटल के पास स्थित गैस एजेंसी पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गईं। सप्लाई में देरी के चलते लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जबकि कई लोग बिना सिलेंडर लिए ही वापस लौट गए। बुद्धेश्वर क्षेत्र में गैस एजेंसी के बाहर सुबह से ही उपभोक्ताओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। धीरे-धीरे यह भीड़ लंबी कतार में बदल गई, जिसमें महिलाएं, बुजुर्ग और कामकाजी लोग शामिल रहे। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे सुबह से लाइन में लगे रहे, लेकिन दोपहर तक भी उनकी बारी नहीं आई। कुछ लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। स्थानीय लोगों के मुताबिक आम दिनों में इस क्षेत्र में गैस की सप्लाई सामान्य रहती है, लेकिन मंगलवार को देरी के चलते स्थिति बिगड़ गई। एजेंसी पर समय से सिलेंडर नहीं पहुंचने के कारण वितरण प्रक्रिया प्रभावित हुई, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती गई। लंबी कतारों में सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ी। कई महिलाएं छोटे बच्चों के साथ लाइन में खड़ी नजर आईं। गर्मी और इंतजार के चलते लोगों में थकान और नाराजगी साफदिखाई दी। उपभोक्ताओं ने एजेंसी प्रबंधन और सप्लाई व्यवस्था पर सवाल उठाए। लोगों का कहना था कि यदि समय पर सिलेंडर की आपूर्ति होती, तो इस तरह की स्थिति नहीं बनती। कुछ लोगों ने यह भी मांग की कि प्रशासन इस मामले में दखल देकर व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए।

### आत्मनिर्भर भारत के लिए कौशल आधारित शिक्षा जरूरी : कपिलदेव

**एजेंसी, लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एमएनएनआईटी प्रयागराज में तीन दिवसीय 'संकल्प 2026' राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए युवाओं से कौशल आधारित शिक्षा अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में सरकार, शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग जगत एवं नवउद्यमों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

## गति || देश 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर अग्रसर

# जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रदान करेगा उत्तर भारत के आर्थिक विकास को नई गति : पंकज

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने जेवर गौतमबुद्धनगर में पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में आगामी 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन एवं प्रस्तावित विशाल जनसभा की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों, जनसम्पर्क अभियान तथा व्यवस्थाओं के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तीव्र गति से अग्रसर है। बीते वर्षों में देश ने बुनियादी ढांचे, डिजिटल क्रांति, औद्योगिक विकास तथा सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उत्तर प्रदेश में भी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में विकास की नई धारा प्रवाहित हुई है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रदेश के लिए ऐतिहासिक क्षण है, जो न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे उत्तर भारत के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के साथ क्षेत्र को वैश्विक निवेश का प्रमुख केंद्र बनाएगी। प्रधानमंत्री का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र आज धरातल पर साकार हो रहा है। सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं समाज के अंतिम पायदान तक पहुंच रही हैं, वहीं आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा रही हैं। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ही कार्यक्रम की सफलता की कुंजी है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक जनसंपर्क बढ़ाएं और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता करें।हमारी कर्मठता, अनुशासन और समर्पण से यह आयोजन भव्यता के साथ अविस्मरणीय बनेगा।

प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्व का निर्वहन इस भावना से करे कि जनसभा में आने वाला प्रत्येक नागरिक हमारे द्वारा की गई स्वागत, सुरक्षा, सुविधा, पार्किंग एवं पेयजल सहित सभी व्यवस्थाओं से अभिभूत होकर एक सकारात्मक संदेश लेकर जाएं। बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं सुचारु रूप से पूर्ण हों। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समर्पण, परिश्रम और अनुशासन का प्रतीक है।

# एमएसएमई मंत्री के मार्गदर्शन में युवाओं का अनोखा प्रयोग

▸ सौर नवाचार को मिली नई उड़ान

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** एमएसएमई मंत्री राकेश सचान के मार्गदर्शन में एक युवा नवाचार ने नई दिशा प्राप्त की है, जिसने न केवल तकनीक और रचनात्मकता को जोड़ा है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया है। जीएल बजाज संस्थान के बीटेक मैकेनिकल छात्र देव मंथन द्वारा विकसित भारत का पहला सोलर आधारित और रिचार्जेबल लाइट-प्रोजेक्शन फोटो फ्रेम आज नवाचार और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनकर उभर रहा है।यह फ्रेम अपनी संरचना और कार्यप्रणाली के कारण बेहद खास है। सामान्य स्थिति में यह बिल्कुल साधारण दिखाई देता है, लेकिन जैसे ही इसके पीछे प्रकाश डाला जाता है, इसमें छिपा हुआ चित्र, डिजाइन या संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आता है। ÷ हिडेन इन प्लेन साइट की अवधारणा पर आधारित यह प्रयोग तकनीकी दृष्टि से जितना रोचक है, उतना ही व्यावहारिक भी।इस नवाचार की दिशा उस समय बदली जब देव मंथन की मुलाकात एमएसएमई मंत्री राकेश सचान से हुई। प्रारंभिक रूप से यह फ्रेम पारंपरिक बिजली आधारित बैकलाइट पर निर्भर था, जिससे इसकी उपयोगिता सीमित हो जाती थी। मंत्री सचान ने इस प्रोजेक्ट का अवलोकन करते हुए इसे सोलर ऊर्जा से जोड़ने का सुझाव दिया।यह सुझाव इस प्रोजेक्ट के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। मंत्री का मानना था कि नवाचार केवल तकनीकी नहीं, बल्कि टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल भी होना चाहिए। उनके इसी दृष्टिकोण ने एक साधारण प्रोटोटाइप को उन्नत और व्यवहारिक उत्पाद में बदलने की राह दिखाई। मंत्री सचान के सुझाव के बाद देव मंथन ने अपने मेंटर विश्वास गुप्ता के साथ मिलकर इस दिशा में काम शुरू किया। करीब 15-20 दिनों तक लगातार प्रयोग, असफलताओं और सुधारों के बाद उन्होंने एक ऐसा फ्रेम विकसित किया, जो सोलर पैनल के माध्यम से चार्ज होता है और पूरी तरह वायरलेस तरीके से काम करता है। अब यह फ्रेम कहीं भी आसानी से लगाया जा सकता है, चाहे घर के अंदर हो या बाहर। यह न केवल बिजली की बचत करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देता है। प्रोजेक्ट में एमएसएमई विभाग की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। मंत्री राकेश सचान के नेतृत्व में विभाग लगातार युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता के लिए प्रेरित कर रहा है। एमएसएमई के माध्यम से युवाओं को न केवल मार्गदर्शन मिलता है, बल्कि उन्हें अपने विचारों को उत्पाद में बदलने के लिए संसाधन और प्लेटफॉर्म भी उपलब्ध कराए जाते हैं। यह पहल मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का काम कर रही है।

## प्राकृतिक संसाधनः संपूर्ण सृष्टि की साझा धरोहर

पृथ्वी पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन जल, वायु, वन, खनिज, मिट्टी, जीव-जंतु और ऊर्जा स्रोत मानवता की निजी संपत्ति न होकर संपूर्ण सृष्टि की साझा धरोहर हैं। यह विचार केवल नैतिक आग्रह नहीं है, बल्कि पृथ्वी के भूगर्भीय इतिहास, जैविक विकास और आधुनिक वैज्ञानिक समझ का गहन निष्कर्ष है। विज्ञान स्पष्ट करता है कि जिन ऊर्जा स्रोतों पर आधुनिक सभ्यता आधारित है, वे मानव जीवन की समय-सीमा में पुनः निर्मित नहीं हो सकते। पेट्रोलियम को बनने में पांच से 30 करोड़ वर्ष, कोयले को तीन से 40 करोड़ वर्ष और प्राकृतिक गैस को करोड़ों वर्षों का समय लगता है। पृथ्वी की विशाल प्रयोगशाला ने जिन्हें युगों में निर्मित किया, उन्हें मनुष्य यदि कुछ वर्षों के युद्ध, संघर्ष या लालच में नष्ट कर दे, तो यह न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से मूर्खता है बल्कि नैतिक रूप से भी गंभीर अन्याय है। भारतीय चिंतन इस सत्य को प्राचीन काल से ही स्वीकार करता आया है। 'अथर्ववेद' में कहा गया है 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः '। अर्थात पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं। इसका स्पष्ट अर्थ है कि पृथ्वी के उपहार किसी एक समाज, राष्ट्र या पीढ़ी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समस्त जीव जगत के लिए समान रूप से हैं। उपनिषद का वाक्य 'ईशावास्यमिदं सर्व' इसी भावना को और व्यापक बनाता है। यह सम्पूर्ण जगत किसी का निजी स्वामित्व नहीं, बल्कि साझा अस्तित्व है। आधुनिक भाषा में इसे वैश्विक साझा संसाधन कहा जा सकता है, जहाँ संसाधन किसी के स्वामित्व में नहीं बल्कि सबके उपयोग के लिए होते हैं। इसी आधार पर प्राकृतिक संसाधनों पर एकाधिकार का विचार मूलतः अमानवीय है। मनुष्य अधिकतम स्वयं को इन संसाधनों का संरक्षक और न्यासी कह सकता है। उसके पास उपयोग का अधिकार है, स्वामित्व का नहीं। एक न्यासी संसाधनों का संरक्षण करता है, उनका विनाश नहीं करता। वर्तमान विश्व व्यवस्था ने इस मूलभूत सत्य को पीछे छोड़ दिया है। देखा यह जा रहा है कि जो संसाधन मानवता की सामूहिक धरोहर थे, वे अब संपत्ति, राजनीतिक शक्ति, भू रणनीतिक हथियार और औद्योगिक लाभ के साधन बन गए हैं। पश्चिम एशिया में तेल कुओं पर हमले, रूस यूक्रेन संघर्ष में गैस पाइपलाइन का टूटना या अफ्रीका में खनिज क्षेत्रों को लेकर गृहयुद्ध, ये सभी घटनाएँ केवल स्थानीय नहीं बल्कि वैश्विक प्रभाव डालती हैं। तेल महंगा होता है, परिवहन लागत बढ़ती है, बिजली दरें ऊँची होती हैं और खाद्य संकट गहराता है। अंततः सबसे अधिक पीड़ा उस सामान्य जन को झेलनी पड़ती है जिसने न युद्ध किया और न संसाधनों का दुरुपयोग किया। यह वैश्विक अन्याय का विकृत स्वरूप है। प्राकृतिक संसाधनों की हानि केवल आर्थिक संकट तक सीमित नहीं रहती, बल्कि पारिस्थितिक संतुलन को भी प्रभावित करती है। एक जंगल के कटने से वर्षा चक्र, मिट्टी की उर्वरता, जल संचयन और वन्य जीवन सब प्रभावित होते हैं। समुद्र में तेल रिसाव से केवल समुद्री जीवन नहीं, बल्कि वैश्विक ताप वृद्धि और जलवायु संकट भी उत्पन्न होता है। जल प्रदूषण एक नदी को नहीं, बल्कि उससे जुड़े संपूर्ण जीवन तंत्र को प्रभावित करता है। इसलिए यह कहना अधूरा है कि संसाधनों की हानि केवल एक राष्ट्र की हानि है। वास्तविकता यह है कि यह पूरी सृष्टि की हानि है।

# युद्ध सभ्य मानव समाज पर एक बदनुमा धब्बा

विश्व की सर्वोच्च एवं श्रेष्ठ संसद संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य राष्ट्रों के आपसी तनाव व विवादों का समाधान करना, युद्धों को रोकना, मानव विकास का पथ प्रदर्शक बनना तथा शांति स्थापित करना है। परंतु इसके प्रयासों के बावजूद कई राष्ट्राध्यक्ष वार्तालाप और कूटनीति की बजाय युद्धों से अपने स्वार्थ हल करने में लगे हुए हैं। युद्धों की सोच हैरतअंगेज, अफसोसनाक, चिंताजनक और मानव समाज को घोर अंधेरे की तरफ बढ़ा रही है। शक्तिशाली देश रूस और यूक्रेन पिछले 4 वर्षों से युद्ध की आग में धधक रहे हैं। अढ़ाई वर्षों से इसराईल और हमास में घमासान है तथा अब अमरीका एवं इसराईल ने ईरान पर आक्रमण करके मध्य एशिया में एक नई मुसीबत खड़ी कर दी है, जिसके परिणामस्वरूप ईरान के धर्मगुरु के अलावा मासूम और निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं। यही हाल इसराईल में भी हो रहा है। ईरान ने सऊदी अरब, यू.ए.ई., कुवैत, कतर, बहरीन, ओमान पर आक्रमण करके युद्ध का एक नया अध्याय शुरू कर दिया है। इससे विश्व में खाद्य पदार्थों, तेल, गैस और अन्य चीजों की भारी किल्लत से महंगाई बढने लगी है। इससे कई छोटे देशों में अराजकता फैलने का खतरा पैदा हो रहा है। यद्यपि यू.एन. एक मजबूत संगठन है, परंतु यह केवल प्रस्ताव पारित करने वाली संस्था बनकर रह गया है। जबकि इसे प्रभावशाली भूमिका निभा कर युद्ध बंद करवाने चाहिए। ईरान और इसराईल भी कभी मित्र देश थे। ईरान तेल देता था और इसराईल हथियार। परंतु 1979 में इस्लामिक क्रांति से रजा पहलवी के प्रगतिशील और उदारवादी समाज के स्थान पर रूढ़ीवादी और अनुदारवादी समाज की स्थापना कर दी गई तथा इसराईल का नामोनिशान मिटाने के नारे लगने लगे। ईरान ने लेबनान में हिजबुल्ला, गाजा में हमास और यमन में हूथी आतंकवादी संगठनों की खुलकर हथियारों और धन से मदद करनी शुरू कर दी, जो इसराईल के अस्तित्व के लिए खतरा बन रहे थे। दूसरा, ईरान एटमी शक्ति बनने की तैयारी कर रहा था, जिससे इसराईल ही नहीं, बल्कि सऊदी अरब और आसपास के छोटे देशों के लिए भी एक नया खतरा पैदा हो रहा था। तीसरा, सऊदी अरब को यह डर था कि शक्तिशाली ईरान कहीं इस्लाम के धार्मिक पवित्र स्थान मक्का और मदीना पर ही कब्जा न कर ले। चौथा, राष्ट्रपति ट्रम्प वेनेजुएला की तरह ईरान के तेल पर भी कब्जा करना चाहते हैं। यह लड़ाई सऊदी अरब और ईरान की है। सुन्नी बहुल और शिया मुस्लिम के वर्चस्व की है। इसराईल अपने अस्तित्व को सुरक्षित रखना और अमरीका अपनी शक्ति का फायदा उठाना चाहता है। ट्रम्प ने ईरान पर हमले से पहले उसकी शक्ति को कमतर आंका था। ट्रम्प ने नाटो देशों और चीन से जंगी जहाजों की मदद मांगी है ताकि होर्मुज से तेल, गैस और अन्य वस्तुओं से भरे जहाजों को निकाला जा सके। परंतु सबने सहयोग देने से साफ इंकार कर दिया है। ट्रम्प ईरान को घुटनों पर लाना चाहता है, परंतु उसके विरोधी उसे ही घुटनों पर लाने की कोशिश कर रहे हैं। युद्ध के दौरान भारत ने ईरान के साथ-साथ खाड़ी देशों



के साथ भी वार्तालाप जारी रखा और ईरान को भारी मात्रा में युद्ध में हुए जख्मी लोगों के लिए जहाज भरकर दवाइयां भेजीं, जबकि 56 मुस्लिम देशों में से किसी ने भी किसी तरह की कोई सहायता नहीं की। मुश्किल की घड़ी में भारत ने तुर्की और अन्य देशों की भी मदद की है। युद्ध किसी मसले का हल नहीं है। ये तबाही और बर्बादी के कारण बनते हैं।

प्रथम विश्व युद्ध में (1914-1918) अढ़ाई करोड़ और दूसरे विश्व युद्ध में (1939-1945) 5 करोड़ तथा इनसे पहले बर्बर चंगेज खां और तैमूर लंग ने 7 करोड़ से अधिक लोगों को कत्ल करवा दिया था। हकीकत में युद्ध सभ्य मानव समाज पर एक बदनुमा धब्बा है। इससे सदा के लिए छुटकारा पाने के लिए विश्व में एक नई सोच विकसित की जानी चाहिए। इस संबंध में एक शेर नजर करता हूं-आदमी खुद को कभी यूं भी सजा देता है, अपने दामन से खुद शोलों को हवा देता है मुझे उस सियासतदान की सियासत पर तरस आता है, शांति की बजाय जो युद्ध को तरजीह देता है।

## मोबाइल के जाल में फंसते 'छात्र-छात्राएं' इस्तेमाल पर रोक लगाना जरूरी



हालांकि मोबाइल फोन के अनेक लाभ हैं परंतु इसके जाल में फंसने वाले छात्र-छात्राओं द्वारा इसके अनुचित इस्तेमाल से कई तरह की समस्याएं पैदा होने के कारण दुनिया भर में स्कूली बच्चों के मोबाइल फोन इस्तेमाल को लेकर चिंता बढ़ रही है। अश्लीलता का प्रसार करने और लोगों, विशेषकर बच्चों के हाथ में मोबाइल आने से उनमें 'पोर्न' देखने तथा अन्य अपराध करने की प्रवृत्ति में भारी वृद्धि हो रही है। यहां तक कि सोशल मीडिया पर पोर्न देख कर बच्चों द्वारा बलात्कार किए जाने तक की घटनाएं हो चुकी हैं। इसी कारण अनेक देशों ने बच्चों द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है जिनमें से चंद देश निम्न में दर्ज हैं' ब्रिटेन के शिक्षा मंत्रालय ने छात्रों के व्यवहार और पढ़ाई पर एकाग्रता को बेहतर बनाने के लिए स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पूर्ण रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इस आदेश के उल्लंघन पर न सिर्फ छात्र का मोबाइल फोन जब्त कर लेने का निर्देश दिया गया है, बल्कि इस आदेश का पालन यकीनी बनाने के लिए अध्यापकों को बच्चों के बैग सख्तीपूर्वक जांचने का अधिकार भी दिया गया है। स्पेन सरकार ने भी अब बच्चों को 14 की बजाय 16 वर्ष की उम्र तक पहुंचने के बाद ही सोशल मीडिया इस्तेमाल करने की इजाजत देने का फैसला किया है। इसके अलावा स्पेन सरकार ने कुछ ऑनलाइन गेम्स पर भी सख्त कानून की योजना बनाई है। नार्वेजियन मीडिया रिपोर्टों के अनुसार 10 वर्ष की आयु तक पहुंचते-पहुंचते अधिकांश बच्चे सोशल मीडिया इस्तेमाल करने लगते हैं। इसी कारण सरकार ङ्क्षचतित है कि इतनी कम उम्र में बच्चे वर्चुअल दुनिया के गुलाम बनते जा रहे हैं, जिसे तुरंत रोकने की आवश्यकता है। बच्चों को ऑनलाइन धोखाधड़ी और बुरे प्रभाव से बचाने के लिए जर्मनी में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के लिए अपने माता-पिता की सहमति लेनी होती है। इटली में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने के लिए 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए अपने माता-पिता की अनुमति लेना आवश्यक है। चीन में सोशल मीडिया और इंटरनैट पर सबसे सख्त नियंत्रण है। वहां की सरकार बच्चों को अनुशासित और देशभक्त नागरिक बनाने के लिए उनका डिजीटल जीवन भी नियंत्रित करती है। चीन में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सप्ताह में मात्र 3 घंटे ऑनलाइन गेम्स खेलने की इजाजत है। साथ ही सोशल मीडिया और उस पर डाली जाने वाली सामग्री (कंटैंट) की कड़ी निगरानी की जाती है। आस्ट्रेलिया, फ्रांस तथा कुछ अन्य देशों में कई सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स या तो प्रतिबंधित हैं या उन पर कड़ी निगरानी रखी जाती है। म्यांमार और उत्तर कोरिया में इंटरनैट और सोशल मीडिया पर लगभग पूर्ण प्रतिबंध है। ऐसे हालात में 'यूनेस्को' के 'वैश्विक शिक्षा निगरानी दल' (जी.ई.एम.) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि क्लास में ध्यान कम होना, ऑनलाइन उत्पीडन और डिजीटल माध्यमों का बच्चों पर बढ़ता असर देखते हुए दुनिया के आधे से अधिक देशों के स्कूलों में मोबाइल फोनों के इस्तेमाल पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। जून, 2023 में केवल 24 प्रतिशत देशों में ही यह प्रतिबंध लागू था, जो 2025 में बढ़कर 40 प्रतिशत और मार्च, 2026 तक बढ़ कर 58 प्रतिशत हो गया है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि सोशल मीडिया का बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। भारत में भी कर्नाटक तथा हिमाचल प्रदेश आदि चंद राज्यों ने स्कूलों में छात्रों द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया है, परंतु इतना ही काफी नहीं है, समूचे देश में ही किशोर-किशोरियों द्वारा मोबाइल फोनों के इस्तेमाल पर रोक लगाने की तुरंत आवश्यकता है ताकि छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया के इस्तेमाल के बुरे प्रभावों से बचाया जा सके।

विचार

# देर से आए और दुरुस्त नहीं आए

21 मार्च को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शाम साढ़े चार बजे के करीब सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखी कि रुपये का डॉलर के मुकाबले कमजोर होकर 100 की तरफ बढ़ना और इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी - ये सिर्फ आंकड़े नहीं, आने वाली महंगाई के साफ संकेत हैं। सरकार चाहे इसे श्नॉर्मलश् बताए, लेकिन हकीकत ये है कि उत्पादन और ट्रांसपोर्ट महंगे होंगे, लघु और अतिलघु उद्योगों (एमएसएमई) को सबसे ज्यादा चोट लगेगी, रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ेंगे, विदेशी निवेशकों का पैसा और तेजी से बाहर जाएगा, जिससे शेयर बाजार पर दबाव बढ़ेगा, यानी हर परिवार की जेब पर इसका सीधा और गहरा असर पड़ना तय है। और यह सिर्फ वक्त की बात है - चुनाव के बाद पेट्रोल, डीजल, एलपीजी की कीमतें भी बढ़ा दी जाएंगी। राहुल गांधी ने आगे लिखा कि मोदी सरकार के पास न दिशा है, न रणनीति - सिर्फ बयानबाजी है। सवाल यह नहीं कि सरकार क्या कह रही है- सवाल यह है कि आपकी थाली में क्या बचा है। शनिवार को लिखी इस पोस्ट के बाद नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को आकर संसद में मध्यपूर्व में चल रहे युद्ध पर सरकार के नजरिए को सामने रखा। हालांकि युद्ध 28 फरवरी से चल रहा है और इस बीच संसद सत्र भी जारी ही था, तो प्रधानमंत्री के सामने पहले भी मौका था कि वे फौरन संसद से देश को संबोधित करते और बताते कि इस कठिन वक्त में वे देश को कौन सी राह पर आगे बढ़ाने वाले हैं। लेकिन यहां भी उन्हें संभवतरू इंतजार था कि राहुल गांधी कुछ कहें तो वे आगे बढ़ें। हमेशा यही होता है। राहुल गांधी जिन मुद्दों को उठाते हैं, सरकार पहले उनका मजाक उड़ाती है, बाद में उसी पर आगे भी बढ़ती है। जाति जनगणना को स्वीकार करना या किसान आंदोलन में आखिरकार मानना कि कोई कमी रह गई है ये सब उसी के उदाहरण हैं। बहरहाल, प्रधानमंत्री ने सोमवार को जो कुछ



संसद में कहा, उससे देश की मौजूदा समस्याओं के हल को लेकर कोई आस नहीं बंधी, दूसरी तरफ इस युद्ध को लेकर जो स्पष्ट नजरिया उन्हें रखना चाहिए था, उसमें भी वे चूक गए। युद्ध सही नहीं है या संवाद से समाधान निकालें, जैसे उपदेश देने का वक्त अब नहीं रहा। बल्कि नरेन्द्र मोदी के सामने पूरा मौका था कि वे अपनी संसद में, अपने ही लोगों के बीच, सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था के दायरे में अमेरिका और इजरायल को कहते कि ईरान पर युद्ध छेड़कर आपने ठीक नहीं किया। आपको किसी देश की संप्रभुता को चोट पहुंचाने का कोई हक नहीं है। नरेन्द्र मोदी ऐसा करते तो शायद आज विपक्ष भी उनके साथ ही खड़ा होता और इससे पूरी दुनिया में भारत की आवाज फिर से बुलंद होती। लेकिन मोदी ऐसा अनूठा मौका चूक गए। बल्कि वे अयातुल्लाह खामेनेई और मीनाब के प्राथमिक स्कूल में मारी गई बच्चियों की हत्या की निंदा भी न कर सके, न ही उन्हें श्रद्धांजलि दी। ऐसा करने से पिछली कई गलतियां माफ हो सकती थीं। नरेन्द्र मोदी ने ये भी नहीं बताया कि जब वे 26 फरवरी को इजरायल में थे, तो क्या उन्हें भनक नहीं थी कि ईरान पर कोई हमला होने वाला है, या इजरायल क्या सोच रहा है। वहां की संसद में जाकर हमास की आलोचना जब मोदी कर सकते हैं और गजा पर चुप रह सकते हैं, तब भी क्या नेतन्याहू को उन पर इतना भरोसा नहीं हुआ कि वह दो दिन बाद क्या होने वाला है, इस बारे में मोदी को संकेत दे सकें। फिर ट्रंप या नेतन्याहू के साथ घनिष्ठ मित्रता के दावे मोदी कैसे कर सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को संसद में कहा कि इस युद्ध ने भारत के सामने भी अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। इसका मतलब है कि अब तक सरकार सब ठीक होने के जो दावे करती रही है, वो खोखले ही थे। मोदी ने कहा कि भारत की संसद से भी यह संदेश दुनिया में जाना चाहिए कि संकट का जल्द समाधान हो। लेकिन प्रधानमंत्री स्पेन के प्रधानमंत्री की तरह अमेरिका और इजरायल को दो टूक नहीं कह सके कि युद्ध बंद करें। इस युद्ध के जवाबी वार में ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर नाकेबंदी की है, जिससे हर रोज लगभग दो करोड़ बैरल कच्चा तेल और तेल उत्पाद की आवाजाही प्रभावित हुई है और कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं। इसमें भारत समेत तमाम देशों में ऊर्जा का संकट आया है। बाकी देश इस संकट से निपटने के लिए वास्तविक समाधान तलाश रहे होंगे, लेकिन भारत में मोदी पिछले 11 सालों की उपलब्धियां गिना रहे हैं कि पहले 27 देशों से ऊर्जा आयात होती थी, आज 41 देशों से हो रही है। हमारी रिफाइनिंग क्षमता में भी वृद्धि हुई है। हमारे पास 53 लाख मीट्रिक टन क्रूड ऑयल का रिजर्व है। पिछले 10-11 साल में इथेनॉल के उत्पादन और उसकी ब्लेंडिंग पर बहुत काम हुआ है। पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाया जा रहा है। इससे भी बचत हो रही है। हमने मेट्रो का नेटवर्क बढ़ाया है। हमने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर बहुत अधिक बल दिया। आज वैकल्पिक ईंधन पर जिस कदर काम हो रहा है, भारत का भविष्य और सुरक्षित होगा। अब सवाल है कि जब इतना सब है तो फिर उनके अपने गृहराज्य के सूरत शहर में कई उद्योग बंद क्यों हुए और प्रवासी मजदूरों को लौटना क्यों पड़ा, ये भी नरेन्द्र मोदी को बताना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हर जरूरी सामान से जुड़े जहाज सुरक्षित भारत पहुंचें। हम हर पक्ष से संवाद कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों के कारण होर्मुज स्ट्रेट में फंसे हमारे कई जहाज भारत आए भी हैं। लेकिन नरेन्द्र मोदी ने यह नहीं बताया कि भारतीय जनता के प्रति ईरान की सदाशयता के कारण जहाजों को आने दिया गया। हालांकि जिस तरह चीन के जहाज निर्बाध होर्मुज से गुजरे, वैसे हमारे क्यों नहीं गुजरे, ये भी बड़ा सवाल है। अब भी हमारे 37 जहाज, 1,109 नाविक और 10 हजार करोड़ रुपए के सामान फंसे हुए हैं, उन्हें निकालने की क्या योजना है प्रधानमंत्री को यह भी बताना था। कुल मिलाकर नरेन्द्र मोदी ने एक अहम मामले में देश का पक्ष रखने में देर कर दी और फिर भी दुरुस्ती नहीं दिखा पाए।


साहित्य

## लोक परंपरा का महत्व और प्रासंगिकता



प्रयाग पाण्डे

कुमाऊं अंचल की सामाजिक परंपराएं, रीति-रिवाज और मान्यताएं विशिष्ट हैं। यहां के लोक जीवन में प्रकृति का गहरा प्रभाव है। यहां की अधिकांश परंपराएं और रीति - रिवाज प्रकृति पर आधारित हैं। कुमाऊं में ऋतु के अनुसार लोक पर्व मनाए जाते हैं। यहां विभिन्न ऋतुओं में अलग-अलग लोक पर्व मनाने की परंपरा है। वसंत ऋतु को ऋतुराज कहा जाता है। वसंत ऋतु का आगमन ठंड के मौसम के विदा होने का सूचक है। वसंत ऋतु में प्रकृति का सौंदर्य निखर जाता है। प्रकृति में नवचेतना जागृत हो जाती है। संपूर्ण वातावरण में उल्लास भर जाता है। ठंड के मौसम में हरियाली विहीन हो गए पेड़-पौधों में कोंपल, हरियाली और गुलाबीपन की छटाएं दृष्टिगोचर होने लगती हैं। संपूर्ण प्रकृति में यौवन की बहार फूटने लगती है। कुदरत के चारों ओर खुशियां बिखर जाती हैं।



## राशिफल

**मेषः**-अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

**वृषभः**-विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे।

**मिथुनः**-किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता न आने दें। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाप संभव।

**कर्कः**-किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलने वाली हैं।

**सिंहः**- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**कन्याः**- कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर मनोबल पर कतई न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुलाः**-कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा।

**वृश्चिकः**- बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा। बिना वजह दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें। परिवार में खुशहाल स्थिति से मन प्रसन्न होगा।

**धनुः**- दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कायरें की पूर्ति समय से करें।

**मकरः**-रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलने का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**कुंभः**-रोजगार क्षेत्र में मिल रहे नये अवसरों का लाभ उठाएंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मीनः**-आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

# बच्चे के जन्म पर पिता को भी अवकाश मिले

हाल ही में उच्चतम न्यायालय मातृत्व अवकाश से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। मामला गोद लेने के मामले में अवकाश का था। भारत में मातृत्व अवकाश 6 महीने का है। दुनिया में यह सबसे अधिक अवधि है। याचिका में 1961 के मैटनटी एक्ट की धारा 5(4) को चुनौती दी गई थी। याचिका में कहा गया था कि गोद लेने की प्रक्रिया तक में 3 महीने से अधिक का समय लग जाता है। ऐसे में बच्चे की उम्र 3 महीने से अधिक बढ़ सकती है। ऐसे में यदि कामकाजी मां को छुट्टी ही नहीं मिलेगी, तो वह अपने शिशु की देखभाल कैसे करेगी? ऐसी तमाम बातों का संज्ञान लेते हुए अदालत ने 2024 में सरकार से जवाब मांगा था। इसके अनुसार, यदि कोई महिला बच्चा गोद लेती है, तो उसे 12 सप्ताह की छुट्टी तभी मिलेगी, जब बच्चा 3 महीने से कम उम्र का हो। जबकि मातृत्व अवकाश के तहत महिला को प्रसव से 6 हफ्ते पहले और 6 हफ्ते बाद तक की छुट्टी का प्रावधान है। ऐसे में गोद लेने वाली मां को ऐसी सुविधा से वंचित क्यों किया जाए, क्योंकि बच्चे की देखभाल उसे ही करनी होगी। यदि मां अकेली है तो कठिनाई और भी है। गोद लेने वाली मां की छुट्टियों पर बात करते हुए अदालत ने यह भी कहा कि सरकार को पितृत्व अवकाश के लिए भी कानून बनाना चाहिए। बात भी सही है। यदि बच्चे को पालने की जिम्मेदारी माता-पिता दोनों की है,



तो मां के साथ-साथ पिता को भी छुट्टी मिलनी ही चाहिए। ऐसा क्यों मान लिया गया है कि बच्चे की देखभाल में पिता की कोई भूमिका ही नहीं होती, इसलिए उसे छुट्टी की कोई जरूरत नहीं। अदालत ने इस मसले पर सुनवाई करते हुए यह भी कहा कि बच्चे को पालने में मां की भूमिका महत्वपूर्ण होती है लेकिन पिता की भूमिका को भी नकारा नहीं जा सकता। अब वह जमाना भी नहीं रहा जब परिवार बड़े होते थे। बच्चे के जन्म या उसे गोद लेने के बाद उसे पालने की जिम्मेदारी सिर्फ माता-पिता की ही नहीं होती थी। घर के अन्य सदस्य, जैसे दादा-दादी, चाचा-चाची, ताऊ-ताई, उनके बाल-बच्चे, यहां तक कि अड़ोसी-पड़ोसी भी, सभी शिशु को पालने में मदद करते थे। महानगरों में ऐसी मुश्किलें बहुत दिखाई देती हैं, जहां युवा दम्पति प्रायः अकेले रहते हैं। इसका एक कारण तो यह है कि वे अपने-अपने शहर, गांव से दूर यहां रोटी कमाने आए हैं। इसके अलावा बहुत से परिवार किसी न किसी कारणवश अपने परिवार से अलग रहते हैं। अब भी देश में इतनी संख्या में डे केयर सैंटर नहीं हैं, जिनके भरोसे बच्चों को पाला जा सके। इसके अलावा यह भी है कि बहुत से डे केयर सैंटर बहुत छोटे बच्चों को अपने यहां नहीं रखते। तब बच्चे की 24 घंटे देखभाल की जिम्मेदारी माता-पिता पर ही आ जाती है। यदि माता-पिता नौकरी करते हैं तो छुट्टी लेना भी टेढ़ी खीर होती है। फिर गोद लेने के बाद तमाम तरह की मुश्किलें खड़ी होती हैं। बच्चे को नए वातावरण में पालना, उसे सुरक्षा देना, उसकी सही देखभाल करना आदि बहुत-सी बातें ऐसी हैं, जिन्हें माता-पिता को मिलकर उठाना पड़ता है। जिस दफ्तर में लम्बे समय तक काम किया, उसमें दो-तीन लड़कियां ऐसी थीं, जो सिंगल थीं लेकिन उन्होंने बच्चों को गोद लिया हुआ था। वे अक्सर अपनी मुश्किलों के बारे में बताया करतीं। कई बार इस बात पर परेशान भी होतीं कि कहीं बच्चा गोद लेकर कोई गलती तो नहीं की, क्योंकि दफ्तर की मारामारी को झेलने के बाद बच्चे की देखभाल करना, वह भी सिर्फ अपने बल पर, एक कठिन काम था। इनमें से सभी ने लड़कियां गोद ली थीं। लड़कियों के मामले में अपने समाज में एक बड़ा सच तो यह है ही कि वे ज्यादा असुरक्षित हैं। ऐसे में ये स्त्रियां छुट्टी होने के बाद, बिना रुके घर की तरफ भागती थीं। यदि कोई जरूरी मीटिंग हो गई तो इनकी चिंता का कोई ठिकाना नहीं रहता था, क्योंकि किसी को डे केयर सैंटर के बंद होने का डर रहता, तो किसी को घरेलू सहायिका के चले जाने का। आपको याद होगा कि एक जमाने में अविवाहित लड़कियां बच्चा गोद नहीं ले सकती थीं, बाद में अदालत के हस्तक्षेप के बाद ही इस कानून में सुधार किया गया। एक परिवार ऐसा भी था, जहां पति-पत्नी दोनों एक ही जगह काम करते थे। बच्चा गोद लिया, तो छुट्टी के कारण, पत्नी तो घर में थी, लेकिन पिता को दफ्तर आना पड़ता। क्योंकि एक डिपार्टमैंट होने के कारण, दोनों को एक साथ छुट्टी नहीं मिल सकती थी। यदि पितृत्व अवकाश होता, तो कानूनी तौर पर ऐसा नहीं किया जा सकता था, छुट्टी देनी ही पड़ती। दोनों ही बच्चे की देखभाल कर सकते थे। काम बांट सकते थे। लंच के समय नया पिता बना यह युवक अक्सर बाजार की तरफ भागता दिखता, ताकि बच्चे के लिए बताई गई जरूरी चीजें खरीद सके। फिर बच्चे को गोद लेने के बाद यदि वह बीमार पड़ जाए, अस्पताल ले जाना पड़े और पिता घर में न हो, तो और अधिक मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो का चलाया जा रहा अभियान



बेनीगंज/हरदोई। सरकार के मंशानुरूप उच्च अधिकारियों के निर्देशन में मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में दिनांक 24 मार्च 2026 को मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत कोतवाली बेनीगंज पुलिस द्वारा बानेकुइया गांव मे मिशन शक्ति टीम एवं एंटीरोमियो टीम द्वारा महिलाओं को एकत्रित कर चौपाल का आयोजन किया गया। साथ ही महिलाओ को पंपलेट वितरित कर हेल्पलाइन नंबरों के क्रम में नि:शुल्क टोल फी 112,1090, 1930,181,108,102, आदि की जानकारी दी गई। महिलाओ को साइबर अपराध के बारे मे भी जागरूक किया गया व साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे मे भी बताया गया । सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया । वहाँ मौजूद महिलाओ को थाने पर बने मिशन शक्ति केंद्र के बारे मे भी जानकारी दी गयी। निरंतर महिला कांस्टेबल पूजा त्यागी बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्म सम्मान एवं सशक्त बनाए रखने में योगदान कर रही है। इस मौके पर हे.कां. परमात्मानंद, म.आ. पूजा त्यागी सहित तमाम बालिकाएं एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

### मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को साइबर फ्रॉड से बचाव व सुरक्षा सम्बन्धी दीं जानकारियां



हरपालपुर/हरदोई। सरकार द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों को सुरक्षा देने उद्देश्य से एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत मंगलवार को हरपालपुर थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खसौरा में मिशन शक्ति टीम द्वारा बच्चों को चौपाल लगाकर साइबर फाड से बचाव व सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। महिला सशक्तीकरण के तहत हरपालपुर थाने की मिशन शक्ति टीम ने मंगलवार को हरपालपुर थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खसौरा में स्कूली बच्चों व किशोरियों को महिला सुरक्षा व साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूक कार्यक्रम आयोजित कर पत्रक वितरित किये गए ।जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों व किशोरियों को साइबर ठगी,शोसल मीडिया पर फेंक एकाउंट,ऑनलाइन छेड़छाड़,हैकिंग,ओटीपी फाड,और डिजिटल प्लेटफार्म पर होने बाले अन्य अपराधों से सतर्क रहने के तरीके समझाए ।मिशन शक्ति अभियान टीम प्रभारी उपनिरीक्षक अंजना सचान, महिला आरक्षी आशा सिंह व संध्या कुमारी ने छात्राओं को अराजक तत्वों से बचाव के तरीके भी बताए तथा आपात स्थिति में आपातकालीन नंबर 1090, 1076, 112, 1098,1930 आदि नंबरों का प्रयोग कर पुलिस से सहायता लेने के लिए जानकारी दी।

### बिजली विभाग की लगातार कार्यवाही से उपभोक्ताओं में मचा हड़कंप

**पचदेवरा/हरदोई।** अनंगपुर उपकेंद्र में अधिशाषी अभियंता भजलाल के निर्देशन पर अवर अभियंता भैयालाल के नरेतत्व में बिजली विभाग द्वारा बकाएदारों और बिजली चोरों के खिलाफ लगातार की जा रही ताबड़तोड़ छापेमारी (मॉर्निंग रेड) से हड़कंप मचा है। विभाग ने बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटने, एफआईआर (FIR) दर्ज करने और स्मार्ट मीटर में बैलेंस खत्म होने पर तुरंत बिजली काटने की कार्यवाही तेज कर दी है, जिससे ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बकायेदार बिल जमा करने के लिए मजबूर हैं। अवर अभियंता भैयालाल पाल ने बताया कि मंगलवार की सुबह सुबह लगभग 5 बजे चांदपुर, नगला हुसैन, कूड़ी, गांव में छापा डाला गया जहां क्रमशः वीरेश पुत्र धर्मपाल, चांदपुर, सुरेश पुत्र फुलचंद नगला हुसैन, विश्राम पुत्र भरत, नगला हुसैन, विद्याप्रकाश पुत्र रामभजन कूडी,अरविंद पुत्र बिहारी कूड़ी को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया अवर अभियंता भैयालाल पाल ने बताया कि सभी आरोपियों पर विद्युत अधिनियम की धारा 135 में चोरी का मुकदमा दर्ज करवा दिया गया है। **ताबड़तोड़ छापेमारी–** अवर अभियंता भैयालाल पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पचदेवरा थाना क्षेत्र के कई गांव में लगातार बिजली विभाग की टीम सुबह सुबह छापामारी कर रही है बिजली चोरी पर एक्शन सीधे खंभे से कटिया डालकर बिजली जलाने वाले चोरों पर धारा 135-A के तहत एफआईआर दर्ज की जा रही है।

### छठवें दिन भक्तों ने मातारानी से की समृद्धि की कामना

जालौन (उरई)। चैत्र नवरात्र के छठवें दिन नगर व ग्रामीण क्षेत्र के दुर्गा मंदिर में मां के कात्यायनी स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। भक्तों ने मां की पूजा अर्चना कर संतान प्राप्ति के साथ समृद्धि की कामना की। साथ ही भक्तों ने घरों में कन्या भोज कराया। चैत्र नवरात्र के छटे दिन नगर के प्राचीन व प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। सुबह से महिलाएं हाथों में रोली, चावल, जल के लोटा के साथ फूल व प्रसाद लेकर मंदिर पहुंचने लगी। ब्रह्म मुहूर्त से शुरू हुई भक्तों की भीड़ दोपहर तक लगी रही। शाम को भी मंदिरों के पट खुलते ही पूजा अर्चना शुरु हो गई। नगर के प्रमुख देवी मंदिर छोटी व बड़ी माता मंदिर, पहाड़पुरा में कामाक्षी देवी मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही और प्रसाद वितरण किया गया। पंडित अरविंद बाजपेई ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार, प्राचीन समय में महर्षि कात्यायन ने संतान प्राप्ति के लिए मां भगवती की तपस्या की। उनकी तपस्या से मां भगवती ने प्रसन्न होकर महर्षि कात्यायन को दर्शन दिए। इस दौरान महर्षि ने उनके सामने अपनी इच्छा प्रकट की। इसपर उन्होंने महर्षि को वचन दिया कि वह उनके घर उनकी पुत्री के रूप में जन्म लेंगी। ग्राम अकोढ़ी दुबे में संजीव कुमार द्विवेदी ने गांव की कन्याओं का भोज कराया। माता के मंदिरों में प्रसाद के रूप में खीर व हलुआ का वितरण कराया गया। संकटमोचन हनुमान मंदिर में मां दुर्गा का अभिषेक कराया गया।

### कुठौंद में मिशन शक्ति टीम ने बुजुर्ग दंपती को राशन व आर्थिक सहायता दी

**कुठौंद (जालौन)।** कस्बा कुठौंद के बावली तिराहे पर दयनीय स्थिति में जीवन यापन कर रहे एक बुजुर्ग दंपत्ति की मदद के लिए मिशन शक्ति टीम आगे आई। मंगलवार को मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक हर्ष वर्धन त्रिपाठी अपनी टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर थे, तभी उन्हें सूचना मिली कि राजेंद्र बाबा और उनकी पत्नी श्रीमती ममता अत्यंत कठिन परिस्थितियों में रह रहे हैं। बताया गया कि दंपत्ति की कोई संतान नहीं है और राजेंद्र बाबा सब्जी का ठेला लगाकर किसी तरह गुजर–बसर कर रहे हैं। सूचना मिलने पर उप निरीक्षक ने तत्काल थाना प्रभारी निरीक्षक जगदम्बा प्रसाद दुबे को अवगत कराया। सूचना के कुछ ही समय बाद प्रभारी निरीक्षक मिशन शक्ति टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बुजुर्ग दंपत्ति को राहत सामग्री उपलब्ध कराई। टीम द्वारा आटा, दाल, चावल, मसाले सहित अन्य घरेलू सामग्री, फल, मिठाई एवं कपड़े दिए गए। साथ ही प्रभारी निरीक्षक ने श्रीमती ममता देवी को 1000 रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। मिशन शक्ति टीम द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की क्षेत्र के लोगों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में 193 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



**कालपी (जालौन)।** मंगलवार को शासन की नीतियों के अनुरूप मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन धूमधाम पूर्वक किया गया। 193 जोड़े शादी के बंधन में बन गए। जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने नव विवाहित जोड़ों को मंगलमय जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। पूर्व निर्धारित योजना के तहत ब्लॉक कदौरा एवं नगर पंचायत कदौरा का मुख्यमंत्री सामुदायिक विवाह समारोह वीर सिंह इंटर कॉलेज बबीना थाना क्षेत्र कदौरा में आयोजित हुआ। इसमें नगर पंचायत कदौरा क्षेत्र के 5 जोड़ो तथा ब्लॉक ग्रामीण क्षेत्र कदौरा के 129 जोड़ा का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। समारोह में प्रमुख रूप से विधायक कालपी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह समेत अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी, कुल 134 वर वधू जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया। समारोह में पांच मुस्लिम, 129 हिंदू जोड़े थे। इसी क्रम में गुलजारीलाल इंटर कॉलेज महेवा के परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में 59 जोड़ों का विवाह आयोजित किया गया.। समारोह में भारी संख्या में वर एवं वधू पक्ष के लोगों ने हिस्सा लिया। नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर खुशहाल जिंदगी कामना की गई।

# नगर की सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई: नसरीन बानो

- नगरपालिका बोर्ड बैठक में वर्ष 2026-27 में सत्ताईस लाख लाभ का बजट पास

**शाहाबाद/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद में सोमवार की शाम हुई बोर्ड बैठक में सड़क निर्माण,जल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं सहित विकास कार्यो के लिए कई प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किए गए। सोमवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में पालिका अध्यक्ष नसरीन बानो की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सत्ताईस लाख के लाभ का बजट पास हुआ। नगरपालिका अध्यक्ष नसरीन बानो ने बोर्ड बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि नगर के मुख्य मार्गो के निर्माण से नगरवासियों को राहत मिली है बाकी शेष अधूरे मार्गो का भी अति शीघ्र निर्माण करवाया जाएगा। बैठक मे अध्यक्ष ने समस्त सभासदों को उनके वार्डो में विकास कार्य सुचारू रूप से करवाने का भरोसा दिलाया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि वार्डो की साफ सफाई व्यवस्था का उचित ध्यान रखा जाये इसके लिए वार्ड के सुपरवाइजर सजग रहे और सफाई से जुडी कोई शिकायत आती है तो सम्बंधित कर्मचारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान बर्ष 2026-2027 की आय व व्यय का बजट पास किया गया। जिसमें पालिका की आय 79 करोड़ 47 लाख रुपये तथा व्यय 79 करोड़ 20 लाख रुपये का अनुमोदन किया गया। इस प्रकार कुल 27 लाख के लाभ का बजट ध्वनि मत से पास हुआ। इसी के साथ पिछले वर्ष 2025-26 का पुनरीक्षित बजट के प्रस्ताव को अनुमति दी गई। वहीं बोर्ड बैठक में बजट विवरण सुनाते हुए प्रभारी अधिशासी अधिकारी सुप्रिया राव द्वारा सभी बिंदुओं का विस्तृत ब्यौरा दिया गया।

इस बैठक मे अतुल मिश्रा, रिजवान अली कल्लू, अजहर मसूद, आदित्य गौतम, जिया जुनैद, रतिराम, अजीत कुमार, इमरान, सुष्मिता, अनीता देवी, नैना, अहिवरन,पूनम गुप्ता, मुईद आदि सभासद सहित लेखाकार असद खा,जेई विजय कृष्ण यादव मौजूद रहे।

## एसपी ने किया कोतवाली शाहाबाद का वार्षिक निरीक्षण



हरदोई। मंगलवार कों पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने शाहाबाद थाने का वार्षिक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने थाना परिसर, मालखाना, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, जनशिकायत रजिस्टर, मेस, बैरक, सीसीटीवी, हवालात, शस्त्रागार आदि का निरीक्षण किया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने बताया जन शिकायत रजिस्टर में शिकायत निस्तारण संबंधी पूर्ण विवरण दर्ज करने का निर्देश दिया गया है।थानाक्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों की निगरानी रजिस्टर का निरिक्षण किया गया।जो भी कमियां पाई गयी हैं सबको जल्द दुरुस्त करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सरकारी शस्त्रों का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार राय, सभी चौकी प्रभारी, हल्का इंचार्ज और पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई की शिकायतों का हो न्याय पूर्ण निस्तारण: पुलिस अधीक्षक



**हरदोई।** मंगलवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पीड़ितों की शिकायतों को सुनते हुए अधिनस्थों को न्यायपूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस कार्यालय पर न्याय पाने की आस में आये पीड़ितों से उन्होंने पुलिस कार्यालय तक आने की वजह भी जानी और सभी फरियादियों के प्रार्थना पत्र का गहनता से अवलोकन कर सम्बंधित अधीनस्थ को कार्यवाही के लिए अग्रसारित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को चेताया है कि थाने आने वाले पीड़ितों की तत्काल रिपोर्ट दर्ज की जाए और उनका न्यायपूर्ण निस्तारण किया जाए।ताकि पीड़ितों को पुलिस कार्यालय तक न्याय के लिए भटकना न पड़े।

## मिशन शक्ति टीम ने जनपद में छात्रों व महिलाओं को किया जागरूक

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति के फेज पांच के द्वतीय चरण की सफलता के लिए मगलवार को जनपद में पुलिस की मिशन शक्ति टीम के सदस्यों ने अपने अपने थाना क्षेत्र में महिलाओं और छात्राओं को जागरूक कर योजना की जानकारी दी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं में सबसे अधिक प्रोत्साहन मिशन शक्ति योजना को मिल रहा है। सरकार ने महिलाओं के स्वाबलंबन और सुरक्षा कों लेकर मिशन शक्ति फेज पांच के द्वितीय चरण की सफलता के लिए मंगलवार को महिला पुलिस कर्मियों ने लोगों को जागरूक किया। माधोगंज के फूलमती इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति फेस 5 द्वितीय चरण के तहत स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ मीटिंग की गई मीटिंग में उपस्थित सभी बालक बालिकाओं को सरकार द्वारा जारी किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 112 1076 1098 102 101 108 वे साइबर अपराध संबंधित हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी गई व सरकार द्वारा चलाई जारी विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। महिला थाना प्रभारी ने हरदोई में कोतवाली शाहाबाद की टीम ने कस्बे के अल्लहपुर तिराहे पर, कोतवाली देहात पुलिस टीम ने अपने थाना छेत्र में महिलाओं और छात्राओं को जानकारी दी कि किसी भी अपराध या उत्पीड़न की स्थिति में वे कैसे और कहां शिकायत दर्ज करा सकती हैं। महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत जारी हेल्पलाइन नंबरों में 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस, 101 अग्निशमन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन और 1930 साइबर हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। इन नंबरों पर त्वरित मदद उपलब्ध कराई जाती है।उन्होंने यह भी बताया कि नई साइबर सुरक्षा नीतियों और कानूनों के तहत ऑनलाइन ठगी, फेक प्रोफाइल और डिजिटल उत्पीड़न जैसे अपराधों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## काटन चिंदी गूदड़ गोदाम में लगी आग से हड़कंप

- चार फायर बिग्रेड गाड़ियों ने मौके पर पहुंच बुझाई आग

**कालपी, जालौन, समृद्धि न्यूज़।**



मंगलवार को नगर के मोहल्ला टरननगंज बाजार से सटे कदौरा फाटक के पास स्थित काटन चिंदी गूदड़ के गोदाम में अज्ञात कारणों से भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंम्प मच गया। चार दमकल वाहनों के माध्यम से पानी का छिड़काव करके कर्मचारियों ने घंटों के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया।टरनंनगंज बाजार के निकट व्यापारी राहुल कोस्टा पुत्र घासीराम निवासी मोहल्ला राम चबूतरा का गोदाम स्थापित है। इस गोदाम में कॉटन चिंदी रख मैटेरियल का भंडारण किया जाता है। राहुल कोस्टा कालपी की कागज उत्पादन की फैक्ट्रीयों में रॉ मटेरियल की सप्लाई करते रहते हैं। मंगलवार को गोदाम में आग सुलगने लगी देखते-देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। खबर पाकर जनपद के अग्निशमन विभाग के क्षेत्राधिकारी एके सिंह दमकल वाहनों तथा कर्मचारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। कर्मचारियों ने दमकल वाहन के माध्यम से पानी के छिड़काव करके आंग पर काबू पाया। आग की विभीषिका को देखकर सीएफओ सिंह ने उरई से दो तथा कानपुर देहात से एक दमकल वाहनों को मौके पर बुला लिया। घटना स्थल पर चार-चार गाड़ियों के द्वारा आग पर काबू पाने में सफ्लता हासिल की गयी।अज्ञात कारणों के चलते लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। पूरा गोदाम जलकर हुआ खाक हो गया। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उसकी गर्मी तथा धमक से गोदाम की बाउंड्री व टीन शेड व छत भरभरा कर गिर गई। आसपास के लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए आग पर काबू पाने का लगातार प्रयास किया और बड़ी मशक्कत के बाद स्थिति को संभालने की कोशिश की। आस-पास के क्षेत्रों में काफी देर तक अफ्रा-तफ्री का माहौल बना रहा। आग से 10 लाख रुपए से अधिक का नुकसान का अनुमान जताया जा रहा है।

## आधुनिक पुलिस के भय से अपराधियों के हौसले हुए हैं पस्त: अशोक कुमार मीणा

- सुंदरीकरण के बाद क्षेत्राधिकारी कार्यालय का एसपी ने किया लोकार्पण

**शाहाबाद/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



हरदोई के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने मंगलवार को दोपहर क्षेत्राधिकारी कार्यालय,प्रतीक्षालय आदि का फीता काटकर शुभारंभ किया और लोगों को सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां पर आईपीएस आलोक राज नारायण द्वारा कार्यालय का सुंदरीकरण कराया गया था। इस मौके पर उन्होंने सुंदरीकरण कार्यालय का लोकार्पण किया। तत्पश्चात अंदर बनाए गए प्रतीक्षालय का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित गणमान्य नागरिकों और व्यापारियों से सीधे संवाद किया और भरोसा दिलाया कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। शासन से भी लगातार व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर निर्देश मिलते रहते हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा सुरक्षा व्यवस्था हम सबकी जिम्मेदारी है। पूरे जनपद में कहीं भी भय का माहौल नहीं है।आधुनिक पुलिस के भय से अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं।पुलिस आपकी मित्र है। पुलिस से मित्रवत व्यवहार रखिए और अगर समाज में कोई भी अपराधिक कृत्य कर रहा है तो उसकी गोपनीय तरीके से पुलिस को जानकारी अवश्य उपलब्ध करायें। उन्होंने व्यापारियों से अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर कैमरा लगवाने की अपील की। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण, प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय मौजूद रहे।

## पुलिस वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कुलपहाड़/महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित निरीक्षक अनिल कुमार सिंह मय हमराह हेड कांस्टेबल सुमित कुमार व कान्स्टेबल संग्राम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं 53/2026 धारा 70(2)/64(2)M/351(2)/61(2) BNS व 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 1 नफर वाछिंत अभियुक्त जगदीश शरण सोनी उर्फ पप्पू सोनी पुत्र स्व0 हरनारायण सोनी उम्र 54 वर्ष निवासी मेन मार्केट झण्डा बाजार जैतपुर बेलाताल थाना कुलपहाड जनपद महोबा को बाईपास तिराहा बेलाताल के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही हेतु गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## हमीरपुर महोत्सव का सदर विधायक ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

- देश विदेश में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके कलाकारों ने कार्यक्रम में दिखाई शानदार प्रस्तुतियां

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




शहर के चौरा देवी प्रांगण में आयोजित पांच दिवसीय हमीरपुर महोत्सव 2026 का सोमवार की शाम सदर विधायक डा. मनोज प्रजापति ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में देश विदेश में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दिखाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं कार्यक्रम में पंजाब के मशहूर गायक लखबीर सिंह लक्खा के भक्ती गीतों से लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। 23 मार्च से 27 मार्च तक चलने वाले हमीरपुर महोत्सव 2026 के शुभारंभ के बाद सदर विधायक डा. मनोज प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, डीएम घनश्याम मीना, पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा आदि ने विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान पोल मलखंभ के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर लोगों को आकर्षित कर लिया। इसके बाद पंजाब के भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा ने माँ दुर्गा के आराधना कर चार भक्ती गीतों को अपने सुरों में गाकर पूरे समां को बांध दिया। कार्यक्रम में सीडीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, एडीएम न्यायिक शाहिद रिजवाना, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, एएसपी मनोज कुमार, एसडीएम केडी शर्मा समेत पर्यटन अधिकारी चित्रगुप्त मौजूद रहे। वहीं मंगलवार की सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक कृषि, वन एवं उद्यान विभाग सम्मेलन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।जिसमें प्रगतिशील किसान, कृषक उत्पादन संघ, उद्यान एवं बागवानी, मत्स्य उत्पादक संघ, श्रेष्ठ पशुपालक एवं डेयरी समितियां, बुंदेली मिलेट्स एवं व्यंजन प्रतियोगी आदि शामिल हुए। शाम चार से छह बजे तक बुंदेली लोक नृत्य/गायन, अन्य प्रांतीय लोक गायन/वादन कार्यक्रम हुए।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र फैजान व कलीमुद्दीन के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन दोनों द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। मदीना बेगम पत्नी स्व0 नन्हा कुरैशी निवासी चौक, मऊ रशीदाबाद, कम्पिल, पो0 व थाना कायमगंज, फर्रु0

**बैठक सूचना**

**ग्राम पंचायत मिस्तनी, तहसील-कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद**

पत्रांक:-02 भू0प्र0स0 बैठक — दिनांक-25/03/2026

ग्राम पंचायत मिस्तनी के निवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम-बढार व मिस्तनी की बंजर नवीन परती आदि कृषि योग्य भूमि को कृषि कार्य के आवंटन हेतु भू0प्र0स0 की अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी की अध्यक्षता में दिनांक-02/04/2026/समय 10:00 बजे को पंचायत भवन मिस्तनी में कृषि भूमि के आवंटन हेतु बैठक का आयोजन होगा। जिसमें सभी ग्रामवासी व सदस्य पात्र लाभार्थी समय पर पहुंचे व कृषि आवंटन बैठक को सफल बनाये।

मंत्री-अनिल कुमार भू0प्र0स0 — अध्यक्ष- राजकुमारी भू0प्र0स0

**कार्यालय ग्रा0पं0 विजौरी वि0ख0 नवाबगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांक:मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 — दिनांक 24/03/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत विजौरी विकास खण्ड नवाबगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 25/03/2026 से दिनांक 31/03/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 31/03/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 25/03/2026 से दिनांक 31/03/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | कप्तान के घर से मानफूल की समर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.5 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (सावित्रीदेवी) ग्रा0पं0 विजौरी, वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0, सचिव (प्रवीन कुमार)

**कार्यालय ग्रा0पं0 बीघामऊ वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद**

पत्रांक:मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 — दिनांक 24/03/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत बीघामऊ विकास खण्ड मोहम्मदाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 25/03/2026 से दिनांक 31/03/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 31/03/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 25/03/2026 से दिनांक 31/03/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | पप्पू के घर से कमरुद्दीन के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 1.91 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | बाकर के घर से पप्पू के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 1.04 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | भूपेन्द्र के घर से देवेश के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 0.91 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (सुमन कुमारी) ग्रा0पं0 बीघामऊ, वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0, सचिव (अजय दुबे)

## चैत्र नवरात्र में पंचमी को पनवाड़ी में आस्था की प्रतीक बड़ी माता मंदिर में लगा छप्पन भोग

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

- बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट ने माता रानी के चरणों मे भेट की इक्कीस हजार की माला



पनवाड़ी में आस्था व श्रद्धा के प्रतीक बड़ी माता मंदिर में चैत्र नवरात्र एवम राम नवमी में भक्तों की भीड़ उमड़ती है प्रतिदिन नौ दिन तक भक्त माता रानी के दरबार में पूजा अर्चना करते हैं गौरतलब हो कि पंचमी को हर वर्ष की भांति मातारानी को हर मुहाल के सहयोग से छप्पन भोग लगाया जाता है एवम महाआरती की जाती है एवम प्रसाद पाने के लिए महिलाएं बुजुर्ग एवम बच्चे सभी मंदिर पहुंचते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं आचार्य सुरेश चंद्र पंडित के द्वारा नौ दिन तक मंदिर में पाठ किया जाता है क्षेत्र की खुशहाली के लिए एवम शांति के लिए जनकल्याण के लिए हवन आदि भी किये जाते हैं ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री प्रकाश मिश्रा के द्वारा कुशल देखरेख में सफाई सजावट आदि की व्यवस्था पहले से कर दी जाती है एवम पुलिस प्रशाशन का भी नौ दिन तक सहयोग रहता है श्री प्रकाश मिश्रा का कहना है माता रानी हर भक्त की मनोकामना पूर्ण करती है और समय समय पर मनोकामना पूर्ण होने पर उन भक्तो के द्वारा माता रानी के मंदिर में विकास कार्यो में सहयोग दिया जाता है ट्रस्ट के सहयोगी रमेश अग्रवाल अपने भक्तों के साथ प्रतिदिन सुबह शाम आरती गाजे बाजे एवम संगीत के साथ वर्षो से की जा रही है हर वर्ष क्षेत्र की अमन चैन के लिए बड़े बड़े यज्ञ एवम कथा आयोजन किये जाते हैं यही इतिहास पर नजर डाले तो किदवंती है प्राचीन पांडव काल मे अज्ञातवास के समय पांडव भी इस मंदिर में पूजा अर्चना करते थे। हर भक्त की माता रानी पर अटूट विश्वास एवम श्रद्धा है जो माता रानी के चमत्कार भक्तो को अपनी ओर खींच लेते हैं राम नवमी में भी बड़ी माता मंदिर में आगे कन्या भोज एवम हवन आदि के आयोजन किये जायेंगे। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीप्रकाश मिश्रा, संतोष अग्निहोत्री रमेश अग्रवाल संतोष विश्वकर्मा, पवन, विश्वकर्मा आनंद द्विवेदी, तुलसीदास जायसवाल, श्रीप्रकाश अनुरागी आदि लोग सहयोग के लिए मौजूद थे

# जनपद की 122 ग्राम पंचायतें बनीं टीबी मुक्त: डीएम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोक सभागार में आयोजित जागरूकता एवं सम्मान समारोह में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जनपद को टीबी मुक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हां! हम टीबी हरा सकते हैं भारत के नेतृत्व में टीबी का अंत संभव है यह संकल्प जनपद में धरातल पर साकार हो रहा है।

जिलाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025 में जनपद की 122 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है जिनमें 05 पंचायतों को स्वर्ण 29 को सिल्वर तथा 88 पंचायतों कांस्य कलर गांधी जी की प्रतिमा दी गई है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग एवं ग्राम स्तर पर कार्यरत टीमों के सतत प्रयासों का परिणाम है। इसी क्रम में आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी द्वारा ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र कुमार न्यामतपुर बाबूलाल हरचन्द्रपुर, भुलन मौर्या, सिक्रोहरा तथा गुले हाशमी,जबरीखुर्द को उनकी ग्राम पंचायतों में लगातार तीन वर्षों तक उत्कृष्ट कार्य करने हेतु स्वर्ण कलर गांधी जी की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र कुमार ;न्यामतपुर ने बताया कि उनकी ग्राम सभा में आयोजित प्रत्येक बैठक में क्षय रोग के लक्षण, उपचार एवं बचाव से संबंधित जानकारी नियमित रूप से साझा की जाती है जिससे ग्रामवासियों में जागरूकता बढ़ी है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम स्तर पर टीबी रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु नियमित रूप से बैठकों का आयोजन किया जाए तथा अधिक से अधिक लोगों की जांच एवं उपचार सुनिश्चित कराया जाए। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 24 मार्च से 100 दिवसीय सघन अभियान चलाया जा रहा है जिसमें उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर जॉइंट मजिस्ट्रेट तेज के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला क्षय रोग केंद्र के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के भिखरा गांव में मंगलवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पड़ा मिला।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर से गुजरी फोरलेन सड़क के किनारे एक बेंच पर गांव के ही रामदेव रावत 38 वर्ष को मृत पड़े देखा।

गांव के लोग बताते हैं कि रामदेव मजदूरी करता था।मजदूरी के पैसे मिलने पर शराब का सेवन करता था। उसके पत्नी व बच्चे नहीं हैं। मृतक के भाई श्यामू ने पुलिस को उसकी मौत की सूचना दी।

# दो अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार नकदी व बाइक बरामद

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



स्वाट-सर्विलांस व थाना बड्डूपर पुलिस टीम द्वारा चोरी करने वाले 02 अन्तर्जनपदीय शातिर चोर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी के 10500 रूपये नगद, 01 अदद बैग, एक कूटरचित नम्बर प्लेट, 02 अदद घटना कारित करने में प्रयुक्त ब्लेड के टुकड़े व एक अदद मोटरसाइकिल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगतराम कनौजिया के पर्यवेक्षण में स्वाट सर्विलांस व थाना बड्डूपुर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स एवं डिजिटल डेटा की मदद से मंगलवार को अभियुक्तगण दीपक कंजड़ पुत्र स्व. सन्तराम, गोबिन्द पुत्र शिवदयाल निवासीगण ग्राम ओमपुरी नानकगंज झाला थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई को बाबाकुटी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 10500 रूपये नगद 01 अदद बैग एक कूटरचित नम्बर प्लेट, 02 अदद घटना कारित करने में प्रयुक्त ब्लेड के टुकड़े व एक अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया।

## कुएं से मिला लापता युवक का कपड़ा, बाइक व हेलमेट

**मसौली बाराबंकी।** सोमवार की शाम लखनऊ से निकले 25 वर्षीय युवक की बाईक हेलमेट, पर्स, मोबाइल व कपड़े सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम उधौली ओवरब्रिज के निकट एक कुएं से बरामद हुए तथा युवक के न मिलने से किसी अनहोनी घटना को लेकर परिजन आशंकित है। दरियाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुशफर निवासी चेतराम पुत्र भगौले का 25 वर्षीय पुत्र अनुप कुमार मटियारी लखनऊ में एक कम्पनी मे काम करता था सोमवार की देर शाम करीब 4 बजे परिजनों से बात हुई इसके बाद अनुप का मोबाइल बंद हो गया मंगलवार की सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड व सफदरगंज पुलिस ने अनुप की बाईक नम्बर यूपी 32 एन बी 0424 मोबाइल फोन, पर्स, हेलमेट व कपड़े सफदरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत उधौली ओवरब्रिज के निकट कुए से बरामद की परन्तु युवक का पता नहीं चल सका जिससे परिजन किसी अनहोनी घटना को आशंकित हैं।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने और मंदिर में जबरन शादी कराने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है। तहरीर के अनुसार, 20 मार्च 2026 की रात करीब 11 बजे किशोरी घर से गायब हो गई। परिजनों की तलाश के दौरान पता चला कि आरोपी सोमनाथ पुत्र मनीराम निवासी ग्राम तालाए नगर पंचायत रामसनेहीघाट उसे अपने साथ ले गया है। अगले दिन परिजन जब ताला गांव पहुंचे तो किशोरी आरोपी के घर पर मिली। आरोप है कि उसी रात आरोपी ने पास स्थित भुंडेश्वर बाबा मंदिर में जबरन शादी कर फोटो और वीडियो वायरल कर दिए। परिजनों का कहना है कि किसी तरह किशोरी को वापस घर लाया गया लेकिन आरोपी पक्ष लगातार दबाव बना रहा है। कोतवाली प्रभारी जगदीश प्रसाद शुक्ल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

## खबरें एक नजर में

### गैंगेस्टर एक्ट में वांछित गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के अंतर्गत थाना गौरीगंज में वांछित अभियुक्त एजाज उर्फ राजन राईन पुत्र मोहम्मद अली निवासी पोस्ट आफिस के पीछे कटरालालगंज थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### सक्षम के अंतर्गत नि:शुल्क शिविर में दिव्यांग लाभांवित



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** संस्था सक्षम के अंतर्गत नि:शुल्क दिव्यांग सशक्तिकरण शिविर का आयोजन स्पार्क मिण्डा फाउंडेशन एवं सोसाइटी फॉर एनिमल हेल्थ एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमैनिटी के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार 24 मार्च को डी 6-11 सेक्टर 59 गौतम बुद्ध नगर नोएडा उत्तर प्रदेश में किया गया। नि:शुल्क दिव्यांग सशक्तिकरण शिविर में जनपद से दिव्यांगजनों को भेजा गया था। जहां पर डॉक्टरों के परीक्षण के उपरांत आवश्कतानुसार कृत्रिम अंग, चश्मा, ट्राइसाइकिल, कान की मशीन नि:शुल्क प्रदान किया गया। इस अवसर पर इंजी. लालमणि कश्यप संस्थापक साहस को सीएसआर हेड स्पार्क मिंडा फाउंडेशन ने शिविर में अद्वितीय सहयोग के लिए संस्था को सम्मानित किया। इस अवसर पर चन्द्र पाल सिंह राष्ट्रीय समन्वयक,चन्द्र पाल यादव समन्यवक साहस, एस. पी. सिंह समाज सेवी सहित 41 दिव्यांग उपस्थित रहे।

### नवनिर्माण मेले में उद्योग, रोजगार जागरूकता पर जोर

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 卐नवनिर्माण के नौ वर्ष थीम पर आधारित नौ दिवसीय मेले का आयोजन जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर, गौरीगंज में किया जा रहा है। मेले के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा रही है तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। मेले में सूचना, स्वास्थ्य, महिला कल्याण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्योग, कृषि, समाज कल्याण, जल जीवन मिशन, बैंकिंग एवं कौशल विकास विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने 10 उद्यमियों हेमंत विक्रम सिंह, राजीव शुक्ला, रामहेत, समीर कुरेशी, कौशल, हिमांशु कौशल, गिरिराज प्रकाश, जिया उल हक, प्रतिमा सिंह एवं हरिकेश श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जनपद की 144 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों को प्रशस्ति पत्र एवं गांधी जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 25 टीबी रोगियों को पोषण पोटली का वितरण भी किया गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि मेले का उद्देश्य आमजन को सरकारी योजनाओं से सीधे जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

### वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन अवकाश के बावजूद खुलेंगे बैंक व कोषागार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि 31 मार्च को महावीर जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा, लेकिन वित्तीय वर्ष 25-26 के समापन को देखते हुए इस दिन अत्यधिक लेनदेन की संभावना है। इसी के मद्देनजर शासन के निर्देशानुसार शासकीय कार्यों से संबंधित बैंक शाखाओं एवं कोषागारों को 31 मार्च को खुला रखने के आदेश जारी किए गए हैं, ताकि राजस्व एवं अन्य वित्तीय कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। जिलाधिकारी ने बताया कि कोषागार के साथ-साथ भारतीय स्टेट बैंक की शाखाएं गौरीगंज, अमेठी व मुसाफिरखानातथा बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा तिलोई 31 मार्च को खुली रहेंगी।

# वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए पर्यटन मंत्री भाई चारा बनाये रखने का किया आवाहन



**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

सौहार्द एवं खुशियों के पावन पर्व ईद के शुभ अवसर पर नगर पंचायत रामसनेहीघाट के कस्बा सुमेरगंज में एक पारिवारिक कार्यक्रम में प्रदेश के तीन काबीना मंत्री ने पहुंचकर शाहिद सिद्दीकी की प्रिय पुत्री शिजा नाज़ के आशीर्वाद समारोह के उपलक्ष्य में शामिल होकर बधाई शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान सोमवार की देर रात्रि प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान शाहिद सिद्दीकी के आवास पहुंचे और परिवारजनों को ईद की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्ची को आशीर्वाद देते हुए परिवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके बाद राकेश सचान भी पहुंचे और अपनी शुभकामनाएं दी वहीं मंगलवार को पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री जयबीर सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री जयबीर सिंह का स्वागत शहनाज परवीन, अख्तर हुसैन, डॉ रमेश सिंह तथा शाहिद सिद्दीकी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। इसके बाद मंत्री ने बच्चों व परिजनों को ईद की बधाई देते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह, रामबाबू मिश्रा, राकेश श्रीवास्तव, शिवशंकर तिवारी, पंकज सिंह, अजय तिवारी, विजय सिंह, तारिक हुसैन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने मिलकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। अंत में मंत्री द्वारा पत्रकारिता से जुड़े लोगों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन आपसी सद्भाव और उत्साहपूर्ण माहौल के साथ हुआ।

# सहकारी गन्ना विकास समिति की बैठक सम्पन्न, बजट पर हुई चर्चा



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड हैदरगढ़ की वार्षिक सभा गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें वित्तीय वर्ष 2026. 27 के बजट पर विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में गन्ना विकास समिति के रीजनल हेड जगदीश यादव द्वारा क्षेत्र में गाने के विकास हेतु योजनाओं पर चर्चा की गई प्रगतिशील किसान बृजेश त्रिपाठी द्वारा जय उर्वरक को समिति में उपलब्ध कराकर कृषकों में वितरित करने का सुझाव दिया गया और साथ ही अधिक से अधिक गन्ना रकबा को बढ़ाने एवं नवीन सदस्यों को बनाने पर भी विचार विमर्श किया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से चंद्रभान मिश्रा विजय प्रताप सिंह इंद्र बहादुर सिंह दुर्गेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत में दो व्यक्तियों के नाम पर हुए फर्जी भुगतान

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**




विकासखंड रेउसा में तैनात सचिव संतलाल पटेल के द्वारा अपनी ग्राम पंचायत में दो व्यक्तियों के नाम अशोक कुमार और अरुण कुमार के खाते पर कई फर्जी भुगतान लगाए गए हैं आखिर सचिव संतराम पटेल का दो व्यक्तियों से क्या संबंध है जो अपने सभी ग्राम पंचायत में लगभग सभी ग्राम पंचायत में भुगतान लग रहे हैं सचिव संतलाल पटेल के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025 26 के 15वें व 5वें वित्त से दो व्यक्तियों पर इतना मेहरबान हो गए की प्रधान से मिलकर दोनों व्यक्ति अशोक कुमार और अरुण कुमार पर भुगतान लगाने का कार्य कर रहे हैं जबकि सरकार और प्रशासन ग्राम पंचायत में विकास कार्य के लिए विशेष ध्यान दे रही है परंतु सचिव और प्रधान अपनी जेब भरने के लिए फर्जी भुगतान लगाने का कार्य तेजी से करते हुए नजर आ गए हैं क्या खंड विकास अधिकारी इस मामले पर निष्पक्ष जांच करवा पाएंगे क्या हकीकत आम नागरिकों के सामने आ पाएगी या कागजों पर ही तब कर रह जाएगी।

# टीबी मुक्त जनपद के लिए जन जागरूकता जरूरी: सीएमओ

- टीबी मुक्त 89 ग्राम पंचायतों के प्रधान सम्मानित
- किसी भी आयु वर्ग को और किसी भी वर्ग को हो सकती है यह बीमारी

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

विश्व क्षय रोग(टीबी) दिवस के मौके पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के मार्गनिर्देशन में मंगलवार को एएनएमटीसी सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 89 टीबी मुक्त ग्राम पंचायत को स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने कहा टीबी मुक्त जनपद के लिये जन जागरुकता जरूरी है।

उन्होंने समारोह में उपस्थित राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के कर्मचारियों एवं जन प्रतिनिधियो से आह्वान किया गया कि लोगों को टीबी के लक्षणों, बचाव एवं उपचार के बारे में जागरूक करें जिससे कि जल्द से जल्द टीबी रोगी की पहचान कर उसका इलाज शुरू किया जा सके और संक्रमण के प्रसार को कम किया जा सके।

उन्होंने बताया कि यह बीमारी किसी भी आयु वर्ग को और किसी भी वर्ग को हो सकती है। यह पूरी तरह ठीक हो जाती है।

इसको लेकर भ्रांतियां हैं उन्हें दूर करने की जरूरत है।

**89 ग्राम पंचायतें हुईं टीबी मुक्त**

लगातार तीन कैलंडर वर्ष में टीबी मुक्त रहीं दो ग्राम पंचायतों को गांधी जी कि स्वर्ण प्रतिमा और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। लगातार दो कैलंडर वर्ष में टीबी मुक्त रहीं 19 ग्राम पंचायतों को गांधी जी कि रजत प्रतिमा और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साल 2025 में टीबी मुक्त रहीं 68 ग्राम पंचायतों को गांधी जी की कांस्य प्रतिमा और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश यादव, डॉ अरुण कुमार, डॉ शरद कुशवाहा एवं जिला पब्लिक प्राइवेट मिक्स समन्वयक मनीष श्रीवास्तव, पीएमडीटी समन्वयक अतुल कुमार, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक के के श्रीवास्तव, वरुण देव, करुणा शंकर, ऋषिकेश, अरुण एवं वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक दिलीप कुमार, अमित कुमार राहुल आदि उपस्थित थे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाई स्कूल वर्ष 2011 अनुक्रमांक 2224240 में मेरा नाम कु. मायावती पुत्री श्री चंद्रेश अंकित है जो सत्य व वास्तविक नाम है। मेरी शादी के बाद मेरे आधार नम्बर 606153627170 में मेरा नाम सोनम पत्नी सोनू अंकित हो गया है,जबकि वास्तविक व सही नाम कु. मायावती है। अतः आधार कार्ड में अंकित नाम सोनम के स्थान पर कु. मायावती पत्नी सोनू लिखा-पढ़ा व समझा जाये और इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचनाकर्ता
कु. मायावती पुत्री
चंद्रेश, निवासी- खानपुर,
चकसार, धौरहरा, बाराबंकी।

# ग्रामीण मजबूर, तीन किमी की सड़क पर कीचड़ ही कीचड़

- जिला पंचायत आरती गौतम के दरवाजे से निकली है सड़क
- बच्चों को गोद मे, तो मरीजों को चारपाई पर लेकर निकलते हैं ग्रामीण

**महाराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



25 वर्ष हो गए और ग्रामीण इंतजार ही करते रह गए लेकिन सुध लेने कोई नहीं आया बच्चों को गोद में तो मरीजों को चारपाई पर लेकर चलने को विवश है ग्रामीण।और सड़क निकली हुई है महाराजगंज द्वितीय जिला पंचायत सदस्य आरती गौतम के दरवाजे से करमगंज तक 3 किलोमीटर की इस सड़क पर पांच गांव पड़ते हैं और इन गांवों के ग्रामीण इस बदहाल सड़क से निकलने को मजबूर हैं ग्रामीणों ने बताया कि कई बार हम लोगों ने इसके लिए जनप्रतिनिधियों अधिकारियों से कहा और प्रार्थना पत्र भी दिया की सड़क बन जाए लेकिन आज तक सड़क नहीं बनी। पिछले 25 वर्षों से यह सड़क खराब है जिला पंचायत सदस्य आरती गौतम ने कहा था कि सड़क बनवाई जाएगी विधायक श्याम सुंदर भारती ने भी कहा था कि सड़क बनवाई जाएगी लेकिन चुनाव जीतने के बाद यह सब लोग नदारत हो गए और आज तक यह सड़क नहीं बन पाई। ग्रामीणों ने भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं सहित मंत्री से भी गुहार लगाई कि सड़क किसी तरह बनवा दीजिए हम सबके बच्चे स्कूल नहीं जा पाते और हम सबको इलाज नहीं मिल पाता आने-जाने में भारी परेशानी है कीचड़ से सना हुआ रास्ता है जिससे निकलना मुश्किल हो जाता है। रिश्तेदार गांव आते हैं तो कहते हैं कि किस तरह के जनप्रतिनिधि हैं आपके क्षेत्र में 25 वर्षों से हम सभी इस समस्या से ग्रसित है लेकिन आज तक हमारी समस्या का निदान करने के लिए कोई नहीं आया।

महाराजगंज विकासखंड के नारायनपुर ग्राम पंचायत के जुनिहा गांव निवासी दर्जनों लोगों ने बताया कि आने-जाने में भारी परेशानी है हम सभी सड़क से निकलते नहीं है एक युद्ध लड़ते हैं और उसी के चक्कर में कभी-कभी हम लोग चोटिल भी हो जाते हैं क्योंकि सड़क इतनी ज्यादा खराब है कि आप कहीं ना कहीं गिरकर चोटिल जरूर हो जाएंगे।

## पुलिस अधीक्षक ने चौकी त्रिशुंडी का किया उद्घाटन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा थाना रामगंज के अन्तर्गत जन सहयोग से नवस्थापित पुलिस चौकी औद्योगिक क्षेत्र त्रिशुंडी का सोमवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसपी ने फीता काटकर किया तथा उपस्थित आमजनमानस को संबोधित करते हुये कहा कि नई पुलिस चौकी की स्थापना से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सकेगा तथा आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध होगी। चौकी के माध्यम से अपराध नियंत्रण, गश्त व्यवस्था एवं जनसुनवाई को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। एसपी द्वारा मौजूद लोगों से अपील की गई कि वह सभी पुलिस के साथ सहयोग बनाये रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरन्त पुलिस को दें। पुलिस अधीक्षक द्वारा आश्वासन दिया गया कि पुलिस जनता की सुरक्षा एवं सेवा के लिए सदैव तत्पर है।

# फील्ड स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें सुनिश्चित : डीएम

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत निर्धारित 06 विकास भवन इंडिकेटर्स के संतृप्ति लक्ष्य के दृष्टिगत कुल 40 इंडिकेटर्स की प्रगति के अनुश्रवण हेतु माह मार्च 2024 के संबंध में आकांक्षात्मक विकास खण्ड बिसवां की विस्तृत समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. द्वारा की गई, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागों से इंडिकेटरवार प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि का गहन विश्लेषण किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन इंडिकेटर्स में प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, उनमें तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही करते हुए निर्धारित समयसीमा में संतृप्ति सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, पेयजल, स्वच्छता एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित इंडिकेटर्स की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फील्ड स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से टीकाकरण, कुपोषण निवारण, विद्यालयों में नामांकन एवं उपस्थिति, जलापूर्ति की नियमितता, शौचालयों के उपयोग तथा लाभार्थीपरक योजनाओं की वास्तविक पहुंच पर जोर दिया। बैठक में यह भी पाया गया कि कुछ विभागों में डेटा फीडिंग में त्रुटियां एवं विलंब की स्थिति है। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने-अपने पोर्टल पर शत-प्रतिशत एवं शुद्ध डेटा प्रविष्टि सुनिश्चित करें।

**राम सेवक यादव परास्नातक महाविद्यालय चन्दौली, पो. सोमैया नगर, बाराबंकी।**

**(डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से सम्बद्ध)**

प्राचार्य - एक पद
प्रवक्ता परास्नातक स्तर पर- 1. शिक्षाशास्त्र-एक पद,
**प्रवक्ता स्नातक स्तर पर-**
1. अंग्रेजी-एक पद, 2. राजनीतिशास्त्र-एक पद, 3. गृहविज्ञान-एक पद,
4. प्राचीन भारतीय इतिहास-एक पद

**शैक्षिक योग्यता - यू.जी.सी./ डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय / राज्य सरकार के नवीनतम नियमों के अनुरूप।**

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन के प्रथम प्रकाशन के 21 दिनों के अन्दर समस्त शैक्षिक योग्यताओं की स्व हस्ताक्षरित प्रतियों एवं नवीनतम फोटो के साथ सचिव/ प्रबन्धक के नाम पंजीकृत डाक से प्रेषित करें। साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

**नोट- पदों की रिक्तियां घट-बढ़ सकती हैं।**

(ज्ञानेन्द्र प्रताप यादव)
सचिव/प्रबन्धक
मो.न.- 9415075751

# लहरपुर विधानसभा में पार्टी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में जिले की लहरपुर विधानसभा में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन पूजा पाठ एवं विधि विधान से किया गया।। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान सांसद व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला उपस्थित रहे इस अवसर पर अपने भाषण में मुख्य अतिथि राजेश वर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी लगातार जनविश्वास को प्राप्त कर सभी परीक्षाओं को जीत रही है आगामी समय में 2027 में होने वाला विधानसभा चुनाव पार्टी के लिए एवं कार्यकर्ताओं के लिए बहुत अहम है देश की आंतरिक और अंतरराष्ट्रीय पटल की वर्तमान व्यवस्थाएं देखकर यह हर व्यक्ति कह सकता है कि भारत के हर राज्य में कमल खिलना आवश्यक है। ऐसे में उत्तर प्रदेश मे 2027 में भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलेगा और उसी की तैयारी में पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन कर रहा है आज लहरपुर में पार्टी कार्यालय उद्घाटन के साथ ही लहरपुर विधानसभा में भाजपा के कमल खिलाने की रणनीति का कार्य भी प्रारंभ हो गया है।

# भागवत सुनने से जीवन के दुख होते हैं दूर : नरेश चंद्र शास्त्री



**खीरों, रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

ब्लॉक क्षेत्र के खीरों कस्बे में स्थापित श्री सतनाम संकट मोचन धाम में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित नरेश चंद्र शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भागवत कथा का महत्व बताते हुए धर्म, भक्ति और सत्कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने से मनुष्य के जीवन के दुख दूर होते हैं और मन को शांति मिलती है।

**कथा के दौरान उन्होंने श्रीमद् भागवत की पंक्ति सुनाई:** स वै पुंसां परो धर्मो यतो भक्तिरधोक्षजे। अहैतुकी अपरतिहता ययात्मा सुप्रसीदति॥

अर्थ - मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म भगवान के प्रति निष्काम भक्ति करना है। बिना किसी स्वार्थ और बिना किसी बाधा के की गई भक्ति से आत्मा को सच्ची शांति और संतोष प्राप्त होता है। कथा के आयोजक श्री सतनाम संकट मोचन धाम के महंत चंद्रिका प्रसाद श्रीवास्तव (गुरु जी), जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव, बीनू श्रीवास्तव और आदेश श्रीवास्तव हैं। कार्यक्रम का संचालन शासकीय अधिवक्ता अशोक त्रिवेदी द्वारा किया जा रहा है। कथा को सुनने वालों में मुन्ना द्विवेदी, राकेश त्रिपाठी (लेखपाल), गनेस ताला, सुरेश निर्मल, बबलू श्रीवास्तव, अंशुल साहू, कपिल सिंह, संतोष साहू, रामशंकर वर्मा, प्रमोद यादव, अभिषेक यादव सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा स्थल पर पूरे दिन भक्ति का माहौल बना रहा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत उदईपुर पश्चिमी, विखं गोंदलामऊ,सीतापुर**

पत्रांक मेमो/निविदा/2025-26
दिनांक 24.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा/पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निम्नलिखित कार्यों हेतु रजिस्टर्ड फर्मों एवं विक्रेताओं से उच्च कोटि की गुणवत्ता युक्त सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति करने हेतु सील बंद निविदाएं दिनांक 30.03.2026 को 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जमा की जाएगी। उसी दिन 3:30 बजे अपरान्ह निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सोहन के मकान से माइनर ड्रेन तक नाली निर्माण कार्य। | 1,45,065/- | 2900.00 | 500.00 |

शर्ते- 1. निविदा फर्म क्रय की जाने वाली सामग्री संबंधित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 500 रूपये निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. किसी भी वाद-विवाद की दशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. उदईपुर पश्चिमी
वि.ख. गोंदलामऊ जनपद-सीतापुर।

ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्रा.पं. उदईपुर पश्चिमी, वि.ख. गोंदलामऊ
जनपद-सीतापुर।

# उपभोक्ताओं को बिना सूचना दिए कनेक्शन हो रहे डिस्कनेक्ट

- विद्युत कार्यालय में भीड़ से आम उपभोक्ता परेशान
- प्रीपेड-पोस्टपेड मीटर में फंसी स्थानीय जनता



गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

उपभोक्ताओं को बिना सूचना दिए विद्युत कनेक्शन डिस्कनेक्ट हो रहे हैं जिससे नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हलचल मची हुई है इसके साथ ही विद्युत उपकेंद्र में विद्युत उपभोक्ताओं की भीड़ से कार्यालय के लोग परेशान हैं।

नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जीनियस कंपनी द्वारा मीटर लगाए गए हैं पोस्टपेड और प्रीपेड मीटर होने के चलते विभाग द्वारा बिना सूचना दिए विद्युत उपभोक्ताओं का कनेक्शन स्वत कट रहा है बिना सूचना के कनेक्शन कटने से नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो की संख्या में प्रतिदिन उपभोक्ता विद्युत उपखंड कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं उसके बाद भी विद्युत उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन जुड़ नहीं पा रहा है कई उपभोक्ताओं का कहना है कि पैसा जमा करने के बाद भी विद्युत कनेक्शन नहीं जोड़ा जा रहा है जिससे इस गर्मी में खासी दिक्कत उठानी पड़ रही है इसके अलावा लगातार विभाग के चक्कर भी काटने पड़ रहे हैं इधर विभाग का तर्क है कि उपभोक्ताओं को पहले ही सूचना विभाग द्वारा दी गई है की समुचित बैलेंस होना आवश्यक है यदि प्रीपेड और पोस्टपेड मीटर में बैलेंस नहीं होगा तो विद्युत कनेक्शन बिना कोई सूचना दिए ऊपर से ही कट जाएगा जिसके लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा यदि कोई उपभोक्ता अपना बिल नहीं जमा करता है तो कनेक्शन कटना तो निश्चित है अवर अभियंता राजकुमार ने बताया कि इस संबंध में सभी उपभोक्ताओं को दैनिक अखबारों के माध्यम से सूचना दी गई है की अपना पर्याप्त बैलेंस उपभोक्ता सुरक्षित रखें जिससे कि विद्युत कनेक्शन नहीं कटेगा बिल बकाया होने की स्थिति में तत्काल कनेक्शन डिस्कनेक्ट हो जाएगा जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व उपभोक्ता का स्वयं होगा उन्होंने बताया कि अधिकांश लोग लापरवाही के चलते बिल जमा नहीं करते हैं जिससे यह समस्या उत्पन्न हो रही है इस समस्या के निदान के लिए उपभोक्ता को एक्टिव रहना पड़ेगा और पर्याप्त बैलेंस होना अनिवार्य है जैसा कि सभी लोगों को अवगत भी कराया जा चुका है इधर कार्यालय में कनेक्शन जोड़ने के लिए खासी भीड़ उम्र रही है जिससे कार्यालय में काम करने वाले पटल सहायक आसिफ सिद्दीकी आशीष यादव सहित कर्मचारियों को भीड़ का सामना करना पड़ रहा है और खासी दिक्कत उठानी पड़ रही है।

# भक्तों के कल्याण के लिए भगवान स्वयं लेते हैं अवतार



छिबरामऊ,कन्नौज,समृद्धि न्यूज।

आरडी गेस्ट हाउस, विशुनगढ़ रोड नादनपुर (बलरामपुर) में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में श्री धाम वृंदावन से पधारे आचार्य पंडित विजय कृष्ण त्रिपाठी ने भक्तों को भावविभोर कर दिया। आचार्य श्री ने कंस वध की कथा सुनाते हुए कहा कंस वध से हमें सीख मिलती है कि अधर्म और अन्याय का अंत अवश्य होता है। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस जैसे दुष्ट राजा का वध कर सत्य और धर्म की रक्षा की। इससे स्पष्ट होता है कि भक्तों के कल्याण के लिए भगवान स्वयं अवतार लेते हैं और दुष्टों का संहार करते हैं। कृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाते समय आचार्य जी ने विवाह के मंगल गीत गाए, जिन्हें सुनकर महिलाओं ने तालियां बजाकर भरपूर साथ दिया। प्रधानाचार्य दलगंजन यादव ने माल्यार्पण करके आचार्य श्री को सम्मानित किया। कथा में परीक्षित का दायित्व इंजीनियर अमित कुमार दुबे (एडवोकेट), प्रियंका दुबे, सुमित कुमार दुबे एवं नेहा दुबे ने बखूबी निभाया। यह कथा स्वर्गीय रेनू दुबे की स्मृति में कृषि विभाग के पूर्व एडीओ रत्नेश कुमार दुबे द्वारा आयोजित की जा रही है।

श्रीमद् भागवत कथा

कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक चल रही है। 25 मार्च को कथा का विराम होगा, जबकि 26 मार्च को दोपहर 2 बजे पूर्णाहुति एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

## आज निकलेगी सम्राट अशोक महान की शोभा यात्रा



**छिबरामऊ, कन्नौज।** चक्रवर्ती सम्राट अशोक की गौरवशाली जयंती पर भव्य शोभा यात्रा25 मार्च को निकलेगी। आयोजकों ने ग्राम लक्षीराम नगला स्थित जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य के कैम्प कार्यालय पहुंचकर उनके प्रतिनिधि ओमकार शाक्य को शोभा यात्रा का आमंत्रण दिया। सम्राट अशोक के आदर्शों का प्रचार-प्रसार, समाज मे शान्ति, एकता और भाई चारे का संदेश देने, अपने गौरवशाली इतिहास से समाज को परिचित कराने, धम्म, करूणा और मानवता का संदेश फैलाने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। 25 मार्च बुधवार की सुबह 9 बजे से यह यात्रा भारतीय शिक्षा सदन इण्टर कॉलेज सिकन्दरपुर के मैदान से बाइको द्वारा प्रारंभ होगी जो सिद्धार्थ बुद्ध विहार, सलेमपुर पहुंचेगी जहां केक काटकर सम्राट अशोक को नमन किया जायेगा।, इसके पश्चात छिबरामऊ होते हुए बुद्ध विहार बढ़ेपुर पहुंच कर बुद्ध वंदना के साथ यात्रा का समापन होगा। इस अवसर पर डॉ एस. चंद्रा, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, समिति के संरक्षक कवि हरगोविंद शाक्य हरि, अध्यक्ष हुकुम सिंह शाक्य, उपाध्यक्ष शैलेंद्र शाक्य, डॉ अनिल शाक्य, रामलखन शाक्य एवं विजय शाक्य आदि मौजूद रहे।

# भाजपा के मनोनीत जिला मंत्री का हुआ स्वागत

- किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष बोले संजीव जी व्यापारी वर्ग के हितों के प्रति है संवेदनशील

छिबरामऊ,कन्नौज,समृद्धि न्यूज।



सौरिख रोड स्थित ग्रीन लीफ रेस्टोरेंट में माल्यार्पण व अंगवस्त्र प्रदान कर भाजपा के नव मनोनीत जिला मंत्री संजीव गुप्ता का भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा संजीव गुप्ता जी की नियुक्ति से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। वे संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा संजीव जी व्यापारी वर्ग के हितों के प्रति संवेदनशील हैं। उनकी अगुवाई में कन्नौज जिले का विकास तेज गति से होगा। अपने स्वागत से अभिभूत जिला मंत्री संजीव गुप्ता ने कहा मुझे यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए प्रदेश एवं जिला नेतृत्व का आभार। मैं पूरे समर्पण से पार्टी संगठन को और मजबूत करूंगा तथा जनसेवा में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। भाजपा के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास रहेगा।

कार्यक्रम में रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीर गोयल, आनंद गुप्ता महिंद्रा, अमित भारतीय, प्रभाकर गुप्ता, सुमित गुप्ता, नरेश गुप्ता गोल्डी, भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, राम गुप्ता, ताशु गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शादी के बहाने शारीरिक शोषण करने का आरोप

**छिबरामऊ,कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** एक विधवा महिला ने शादी का लालच देकर शारीरिक शोषण करने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर युवक और उसके परिजनों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उनके पति की मृत्यु वर्ष 2021 में हो गई थी। इसके बाद गांव के ही एक युवक ने उनसे सहानुभूति जताई और शादी का वादा किया। महिला के अनुसार युवक ने फरवरी 2026 में शादी करने का आश्वासन देकर उनके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में वह अपने वादे से मुकर गया और किसी दूसरी महिला से संपर्क में आ गया, जिसके कारण उसने मुझसे बातचीत बंद कर दी। जब युवक के परिजनों से शिकायत की, तो उन्होंने अभद्रता की और धमकी भी दी। महिला ने बताया कि उन्होंने स्थानीय थाने में शिकायत की, लेकिन कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। मजबूरन उन्होंने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत किया जनसम्पर्क



**छिबरामऊ (कन्नौज)।** तहसील परिसर में गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने के उद्देश्य से 'गौ सम्मान आवाहन अभियान' के तहत जनसंपर्क किया गया। अभियान के दौरान लोगों से 9067777323 पर मिस्ड कॉल देने का आग्रह किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में 27 अप्रैल को केंद्र सरकार के नाम तहसील स्तर पर ज्ञापन सौंपने का आवाहन किया गया। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने गौ रक्षा को राष्ट्र सेवा से जोड़ते हुए जन-जागरण पर बल दिया।अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडेय ने कहा अभियान के माध्यम से गौ माता के प्रति सम्मान एवं संरक्षण की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। गोष्ठी में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव 'जीतू', अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आचार्य डॉ. रजनीश दुबे, भारतीय किसान यूनियन (किसान) के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला, पुनीत दुबे समेत अनेक सनातनी बंधु उपस्थित रहे।

# सजने लगी दुकानें,लगने लगे झूले, मेले की तैयारियां जोरों पर

- चैत्र नवरात्र नवमी पर माँ शीतला देवी मंदिर सियरमऊ में लगेगा विशाल मेला

जलालाबाद कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



सिद्ध पीठ माँ शीतला देवी धाम व मेले में लगे झूले

चैत्र नवरात्र की नवमी पर लगने वाले विशाल मेले को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। विकासखंड जलालाबाद के ग्राम सियरमऊ स्थित सिद्धपीठ मां शीतला देवी धाम में 27 मार्च को नवमी के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन होगा। मेले को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और दुकानों के साथ- साथ झूले भी सजने लगे हैं। करीब 1000 वर्ष पुराने इस मंदिर की आस्था दूर- दूर तक फैली हुई है। मान्यता है कि यह सिद्धपीठ आल्हा-ऊदल के समय से स्थापित है और तब से यहां परंपरागत रूप से पूजा-अर्चना होती चली आ रही है। चैत्र नवरात्र के दौरान अष्टमी से दशमी तक यहां भव्य मेला लगता है, जिसमें कानपुर, फर्रुखाबाद, हरदोई सहित कई जनपदों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।

मेला आयोजक श्यामू तिवारी व अशोक यादव ने बताया कि नवरात्र के अवसर पर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। मेले का आयोजन 26 से 28 मार्च तक होगा, जबकि 27 मार्च को नवमी पर सबसे बड़ा मेला लगेगा। श्रद्धालु मां के दर्शन के साथ- साथ झूलों और विभिन्न दुकानों का आनंद ले सकेंगे। मेले में बच्चों के लिए खिलौनों की दुकानें, आकर्षक झूले और खानपान की विविध स्टॉल लगाए जा रहे हैं। वहीं महिलाओं के लिए घरेलू उपयोग की वस्तुओं की भी विशेष दुकानें सजाई जा रही हैं। नव रात्र को लेकर मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रशासन व मेला समिति भी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटी है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### सिद्धपीठ माँ शीतला देवी का महत्व

जलालाबाद। माँ शीतला देवी मंदिर अपने अलौकिक इतिहास को समेटे है। ये ऐतिहासिक मंदिर इत्र और इतिहास की नगरी कन्नौज जनपद में जलालाबाद ब्लॉक के गांव सियरमऊ में स्थित है। मंदिर हजारों सालों से भक्तों के आस्था व विश्वास का केन्द्र है। यहां साल में एक बार चैत्र नवरात्र पर विशेष उत्सव के साथ मेला लगा रहता है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।

### बच्चों के मुंडन संस्कार के लिए प्रसिद्ध है धाम

जलालाबाद। सिद्धपीठ मां शीतला देवी मंदिर बच्चों के मुंडन संस्कार के लिए भी खास पहचान रखता है। मान्यता है कि माता की कृपा से संतान प्राप्ति होने पर लोग यहां आकर बच्चों का मुंडन कराते हैं। वर्षों से चली आ रही यह परंपरा आज भी पूरी आस्था के साथ निभाई जा रही है।

# गोबर गैस से जगमगाएगी कान्हा गौशाला

### 1 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से बन रही नगर पालिका की नई गौशाला

छिबरामऊ,कन्नौज,समृद्धि न्यूज।



फर्रूखाबाद रोड पर हाजी मुंशी जमील अहमद ईंट भट्ठा के पीछे 1 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से बन रही नगर पालिका की नई कान्हा गौशाला गोबर गैस की 5 किलो वाट बिजली से जगमगाएगी। इसे आकार देने में पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे दिन-रात जुटे हैं।

भूख-प्यास भूलकर खुद जेसीबी के पास खड़े होकर ऊबड़-खाबड़ जमीन को समतल कराने के साथ सफाई भी करवा रहे हैं। अब तक गौशाला का 90 प्रतिशत से अधिक निर्माण पूरा हो चुका है। बाउंड्री के किनारे विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधे भी रोपे गए हैं। मनोज दुबे का दावा है कि सुविधाओं के लिहाज से यह गौशाला पूरे कानपुर मंडलमें सबसे अनूठी होगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे। इसके बाद आवास विकास कॉलोनी में सीवर कुआं परिसर में चल रही पुरानी गौशाला के सारे गोवंश को यहाँ शिफ्ट कर दिया जाएगा और खाली जगह में नगर पालिका के वाहन खड़े किए जाएँगे। यहां पर 500 गौ वंश रखने के लिए पांच शेड बनाए गए हैं। हर शेड में दान से मिले 23 अर्थात कुल 135 सीलिंग फैन लगेंगे। हार सीलिंग फैन पर दानदाता का नाम लिखा होगा। इसके साथ ही हर शेड में भीषण गर्मी से गौ वंशों को राहत दिलाने के लिए फव्वारा सिस्टम की व्यवस्था भी दान से ही की गई है। उन्होंने गौशाला में कराए जा रहे अन्य कार्यों की जानकारी देते हुए कहा गौशाला से लगे पार्क में ओपन जिम की व्यवस्था होगी। नगर पालिका के कबाड़ से बच्चों के झूले बनेंगे और गौशाला का पहुंच मार्ग सुगम बनाने की कवायद की जा रही है।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत हुई गोष्ठी



छिबरामऊ,कन्नौज,समृद्धि न्यूज।

राजकीय महिला महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा हुई। महाविद्यालय के प्रवक्ता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भोजराज सिंह ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार की खुशियों और समाज की शांति को भी बर्बाद कर देता है। प्राचार्य डॉ. पवन चौहान ने अपने संबोधन में नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए सभी लोगों को इससे जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान निरंतर चलाए जाएं तथा हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा नशामुक्त समाज बनाने की शपथ ली।

# मुनीर कुरैशी की ईद मिलन में दिखा सौहार्द

- पूर्व विधायक सहित गणमान्य नागरिकों ने की शिरकत

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष पूर्व सभासद के आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस ईद मिलन समारोह में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने प्रतिभाग किया ईद मिलन समारोह में पूर्व विधायक ने भी शिरकत की।

मंगलवार को नगर के मोहल्ला किदवई नगर में पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी पूर्व सभासद समाजसेवी मुनीर कुरैशी के आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस ईद मिलन समारोह में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पहुंचकर एक दूसरे को बधाई दी । ईद मिलन समारोह में पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुशील यादव ब्लॉक अध्यक्ष तालग्राम जियाउल हसन भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कौशल वरिष्ठ सपा नेता विकास गुप्ता पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव शिल्पी यादव राजेश गुप्ता फैजान कुरैशी हैप्पी फारुकी अच्छे खान राशिद खान अजय यादव के अलावा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में लोगों ने ईद मिलन समारोह में प्रतिभाग किया। इस मौके पर पूर्व सभासद समाजसेवी मुनीर कुरैशी ने आए हुए मेहमानों का स्वागत करते हुए एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी।

# सड़क हादसे में युवक की मौत शव घर पहुंचते मचा कोहराम

तिर्वा,कन्नौज समृद्धि न्यूज।

जिले के तिर्वा कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मंगलवार सुबह जैसे ही युवक का शव गांव पहुंचा, परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, तालग्राम थाना क्षेत्र के मुंडाला गांव निवासी 18 वर्षीय ऋषभ पुत्र सुखदेव सिंह बीते 21 मार्च को अपने चाचा दम्मीलाल के साथ बाइक से सिकरौरी गांव स्थित मामा के यहां जा रहा था। सियापुर मोड़ के पास रास्ते में उसका चचेरा भाई अर्पित मिल गया। तीनों बातचीत कर ही रहे थे कि तेज रफ्तार से आ रही दूसरी बाइक, जिस पर चार लोग सवार थे, ने जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में ऋषभ, अर्पित और दम्मीलाल घायल हो गए, जबकि टक्कर मारने वाले युवक बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज तिर्वा भेजा, जहां से हालत गंभीर होने पर ऋषभ और अर्पित को कानपुर रेफर कर दिया गया। सोमवार रात कानपुर में इलाज के दौरान ऋषभ की मौत हो गई, जबकि अर्पित का उपचार जारी है। मंगलवार सुबह शव गांव पहुंचने पर मां पिंकी देवी, पिता, भाई-बहनों समेत पूरे परिवार में चीख-पुकार मच गई।

## टीबी को लेकर तिर्वा मेडिकल कॉलेज में चला जागरूकता अभियान

**कन्नौज।** विश्व टीबी दिवस के अवसर पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को तपेदिक (टीबी) के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों ने टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार की विस्तृत जानकारी दी। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सी.पी. पाल के निर्देशन में आयोजित अभियान में सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह, मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. विपुल सिंह, कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति वर्मा और टीबी एवं चेस्ट विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक द्विवेदी के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम चला। चिकित्सकों ने बताया कि टीबी के प्रमुख लक्षणों में दो से तीन सप्ताह तक लगातार खांसी, बुखार, रात में पसीना आना, वजन घटना, सीने में दर्द और कमजोरी शामिल हैं।

# टीईटी के विरोध में महासंघ के कार्यकर्ता हुए लामबंद



गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

- राष्ट्रपति प्रधानमंत्री को ईमेल करके लिखे पोस्ट कार्ड

वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में गठित अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की ब्लॉक इकाई तालग्राम के तत्वावधान मे ब्लॉक अध्यक्ष जियाउल हसन के निज निवास किदवई नगर गुरसहायगंज में एक बैठक का आयोजन किया गया। मंगलवार को ब्लॉक इकाई तालग्राम का विस्तार करते अनुज तोमर को ब्लॉक उपाध्यक्ष एवं जितेंद्र राजपूत को प्रचार मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया । इस अवसर पर महासंघ के जिला संयोजक सुशील कुमार यादव ने कहा कि महासंघ के द्वारा टीईटी की अनिवार्यता का विरोध स्कूल से लेकर के सदन तक चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। ब्लॉक संयोजक जलालाबाद जावेद अहमद सिद्दीकी ने बताया कि महासंघ में शामिल सभी संगठन टीईटी के मुद्दे को लेकर के एक मत है। इसके लिए शिक्षक हित में निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी। ब्लॉक संयोजक तालग्राम जियाउल हसन ने कहा कि सेवारत शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता को लागू करना सेवा शर्तों के विरुद्ध है। जिला सोशल मीडिया प्रभारी अबधनारायण ने कहा कि टीईटी, तत्कालीन विभागीय नियमावली के खिलाफ है। जिसका पुरजोर तरीके से विरोध किया जाएगा। ब्लॉक सहसंयोजक विकास कुमार यादव ने कहा कि महासंघ का गठन टीईटी के विरोध में किया गया।

# विश्व क्षय रोग दिवस पर 64 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त, 52 प्रधान सम्मानित



कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 51 ग्राम प्रधानों को महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जबकि एक ग्राम प्रधान को विशेष उपलब्धि पर रजत प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय एवं तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत मौजूद रहे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. केपी त्रिपाठी सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जेल का निरीक्षण करने पहुंचे डीजे-डीएम, बंदियों का जाना हाल

### कन्नौज जिला जेल का औचक निरीक्षण, अधिकारियों ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।



क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज का जिला जज नरेंद्र कुमार झा, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल की सभी बैरकों का जायजा लिया और बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। अधिकारियों ने जेल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का भी गहन निरीक्षण किया।

जेल अधीक्षक ने बताया कि जेल परिसर की नियमित रूप से चेकिंग की जाती है और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि जेल के अंदर किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री प्रवेश न कर सके, इसके लिए सतर्कता बरती जाए। साथ ही नए बंदियों का अनिवार्य रूप से चिकित्सकीय परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि कारागार का नियमित निरीक्षण करते रहें और निरुद्ध बंदियों पर विशेष नजर बनाए रखें। उन्होंने कहा कि बंदियों की गतिविधियों की समय-समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हो सके।

# घर के बाहर सो रहे युवक की गला रेतकर हत्या

**▸ नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज**

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम गैसिंगपुर में बीती रात एक युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



मृतक का फाइल फोटो



जांच पड़ताल करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम

जानकारी के अनुसार गैसिंगपुर निवासी रामनिवास के 32 वर्षीय पुत्र लखन कश्यप घर के बाहर सो रहा था, तभी अज्ञात हमलावर ने उन पर हमला कर धारदार हथियार से हत्या कर दी। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी अरुण कुमार, डीएसपी अजय वर्मा तथा कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए, जबकि पीटीसी टीम ने घटना के समय सक्रिय मोबाइल फोन की लोकेशन की जांच शुरू कर दी है। मृतक की बहन आरती के अनुसार लखन रात करीब 9 बजे खाना खाने के बाद सो गए थे और लगभग 10:47 बजे उन्होंने टीवी बंद किया था। सुबह करीब 6:30 बजे जब वह उठी, तो पहले उसे लगा कि भाई को खून की उल्टी हुई है, लेकिन गर्दन पर नजर पड़ते ही वह चीख उठी और परिजनों को सूचना दी। घटनास्थल के पास दीवार के कोने में एक जोड़ी चप्पल और गमछा मिला है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि हमलावर पहले से घात लगाकर मौके पर मौजूद था और अंधेरे का इंतजार कर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। मृतक अविवाहित था और खेती का कार्य करता था। वह नौ भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था। उसके पिता रामनिवास अस्वस्थ बताए जाते हैं। मृतक की बहन ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ नामजद आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। आरोप है कि उक्त युवक का गांव की एक महिला से संबंध को लेकर पूर्व में विवाद हो चुका था और वह मृतक को कई बार जान से मारने की धमकी दे चुका था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और विभिन्न पहलुओं पर जांच करते हुए आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# माता रानी के मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चैत्र नवदुर्गा के छठवें दिन नगर के देवी मंदिरों में भक्तों की पूरे दिन भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर दुर्गा देवी के छठवें स्वरुप कात्यायनी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।

माँ दुर्गा का छठा स्वरूप का नाम कात्यायनी है। उस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित होता है। योगसाधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी सहजता से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। शुक्रवार को पूजन करने के लिए देवी मंदिरों पर सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा। नगर के पल्ला मठिया मंदिर, गुरगांव देवी मंदिर, महाकाल मंदिर, काली देवी मंदिर मऊदरवाजा, बढ़पुर स्थित शीतला देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, भोलेपुर स्थित वैष्णोदेवी मंदिर, फतेहगढ़ के कालीबाड़ी मंदिर सहित नगर के कई छोटे-बड़े सभी मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने माथा टेंका और माता कात्यायनी की पूजा अर्चना कर सर्वमंगल की कामना की। वहीं घरों में व्रत रखे भक्तों ने मां की पूरे आराधना की। शाम को महिलाओं ने भजन कीर्तन किये। मंदिरों से बज रहे घंटा घड़ियालों की धुन से नगर का माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक नजर आया। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों पर पुलिस तैनात रही। जो हर आने वाले पर अपनी पैनी नजर बनाये रही।



मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

# चन्द्र भूषण सिंह मुन्नूबाबू को राज्यसभा सदस्य बनाये जाने की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव युनूस अंसारी ने अपने निवास फतेहगढ़ में पत्रकार वार्ता कर पूर्व सांसद चन्द्र भूषण मुन्नूबाबू को राज्यसभा प्रत्याशी बनाये जाने की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मांग की है।



वार्ता करते युनूस अंसारी

वार्ता में युनूस अंसारी ने कहा कि मुन्नूबाबू को राज्यसभा प्रत्याशी घोषित किया जाये। वह कई बार सांसद रहे है। उनके पिता स्व0 अवधेश सिंह भी सांसद रह चुके है। मुन्नूबाबू का असर फर्रुखाबाद नहीं बल्कि कन्नौज व आसपास के जनपद में है। कानपुर मण्डल में उनका बड़ा कद है और क्षत्रियों का दूसरा कोई जनपद में सर्वमान्य कोई नेता नहीं है। मांग है कि चन्द्रभूषण मुन्नूबाबू को राज्यसभा प्रत्याशी घोषित किया जाये और विरोधी दलों द्वारा हो रहे दुष्प्रचार पर विराम लग सके। इस मौके पर जगपाल सिंह राठौर, जवाहर सिंह गंगवार, जहान सिंह लोधी, शिवप्रताप सिंह चीनू, लक्ष्मण सिंह, शाकिर अली मंसूरी, हाजी अल्लादीन, विकास अग्निहोत्री आदि लोग मौजूद रहे।

## आमने-सामने बाइक भिड़ंत में तीन घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र स्थित रजीपुर गांव में मंगलवार सुबह दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में खुदागंज निवासी सोनू की पहचान हुई है। बांकी दो की अभी पहचान नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि अन्य दो युवक कतरौली पट्टी के रहने वाले हैं टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह चोटिल हो गए। घटना के वाद मौके पर मौजूद राहगीरों ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को कमालगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार, घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना की जानकारी होने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।



अस्पताल में भर्ती घायल

# पूर्व विधायक के परिजनों के साथ हुआ अन्याय, पार्टी नेतृत्व को भेजेगें रिपोर्ट

## सपा के प्रतिनिधि मण्डल ने विजय सिंह के घर पहुंचकर जानी हकीकत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष द्वारा गठित प्रतिनिधि मंडल पूर्व विधायक विजय सिंह के नाला मछरट्टा स्थित आवास पर पहुंचा। प्रतिनिधि मण्डल ने मौके पर पाया कि पूर्व विधायक के आवास को पुलिस ने सील कर दिया है, रोजमर्रा की जरूरत का सामान कपड़े आदि भी परिवार को निकालने नहीं दिए गए। पूर्व विधायक की पत्नी पूर्व पालिका अध्यक्ष दमयंती सिंह लखनऊ में अपने घायल बेटों का इलाज करा रही हैं।



जानकारी देते सपा प्रतिनिधि मण्डल

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव व प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ अन्याय हुआ है पुलिस ने बिना जांच किए ही मुकदमा दर्ज कर लिया है। उनका घर सील कर दिया है, कपड़े जरूरत के समान आदि के लिए भी उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, यह सरासर अन्याय है। प्रदेश नेतृत्व को पूरे घटनाक्रम की जानकारी से अवगत कराया जाएगा। इस दौरान, जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, प्रदेश सचिव व पूर्व प्रत्याशी अमृतपुर विधानसभा डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य, सर्वेश अंबेडकर, राघव दत्त मिश्रा, इलियास मंसूरी, बृजेश पाल, नरेंद्र शाक्य, विनीत परमार, राजपाल यादव आदि पदाधिकारी साथी मौजूद रहे।

# आशा वर्कर्स ने मांगों को लेकर प्रदर्शन कर उपमुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ मंत्री सम्बोधित ज्ञापन संबंधित अधिकारी को सौंपा। जिसमें कहा कि 6 फरवरी को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री की वार्ता के बाद 55 दिन चले आंदोलन को समाप्त कर दिया गया था।




विरोध प्रदर्शन करती आशा कार्यकत्री

जिसमें राज्य सरकार ने एक मांग के आंशिक हिस्से को छोड़कर सभी मांगो पर सहमति देते हुए पुनः प्रमुख सचिव स्वास्थ्य की अध्यक्षता में एक 5 सदस्यीय कमेटी गठित कर यूनियन के साथ मांगो को पूरा करने की दिशा में यूनियन के साथ बात संवाद कर तीसरे धरण की बार्ता में सहमतियों को अंतिम रूप देकर समझौता/घोषणा करने करने का विश्वास दिलाया था। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य की अध्यक्षता वाली कमेटी और यूनियन पदाधिकारियों की 9 फरवरी को बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर वार्ता हुई। तीसरे चरण की वार्ता अभी तक नहीं हो सकी। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री/ स्वास्थ्य मंत्री ने विधान सभा सत्र के दौरान सदन में उन्हीं सहमतियों को दोहराया था। आधारभूत भुगतान राज्य वित्त में बढ़ोतरी सहित अन्य बिंदुओं की अभी तक कोई ठोस और मूर्त रूप नहीं दिया जा सका। वार्ता समय विश्वास दिलाने के बावजूद यूनियन की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को उत्पीड़ित करने की कार्यवाही प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में जारी है। वर्ष 2019 से 2023-24 तक की एक विशाल राशि का भुगतान लटका हुआ है। पूरे प्रदेश में रिवाज की तरह अवैध वसूली जारी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की सम्धी मशीनरी इस अकल्पित लूट में आकंठ डूबी हुई है। अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। जहां भुगतान हुआ भी है, वहां भारी अनियमितताएं बरती गई हैं। इसी तरह राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त राशि का भी वर्ष 2025 और मार्च 2026 तक का सम्पूर्ण आबंटन किया जा चुका है किंतु उसका भुगतान अभी भी सुनिश्चित नहीं किया जा सका है। कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, टीवी, टीवी स्क्रीनिंग अभियान दस्तक, टीटीआई, डॉट्स, नसबंदी आदि के सभी भुगतान वर्षो से लंबित हैं। भुगतान की मांग करने शिकायत करने पर आशा कर्मियां को उत्पीड़ित और धमकाने डराने का कार्य किया जाता है। आदि मांगे शामिल है। ज्ञापन देने वालों में मंजू देवी, ईश्वर देवी, रेशमा, सरोजनी, चन्द्रकली, सरस्वती, सुनीता, राजकुमारी, ऊषा देवी, उर्मिला देवी, अंजली कुमारी, ज्योति, निर्मला, राखी, सपना कटियार, मिथलेश, संगीता, रेनू, नन्ही देवी, दीप्ती, लक्ष्मीदेवी, आशादेवी आदि महिलाओं के नाम शामिल है।

# विधायक ने सीसी रोड व डामर सड़क का किया शिलान्यास

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा अमृतपुर के नवाबगंज मंडल क्षेत्र में अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने नटवारा शिव मंदिर से नगला पाल तक 400 मीटर सीसी रोड 700 मी डामर सड़क का शिलान्यास किया।

रोशनाबाद मार्ग पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज से शिव मंदिर झकरिया महाराज चिलसरा मार्ग तक 2900 मी0 व डामर सड़क का शिलान्यास विधायक अमृतपुर ने किया। विधायक ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार की उपलब्धियां और अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र में चारों तरफ सड़कों का विकास कार्यों के बारे में बताया।



सड़क का शिलान्यास करते विधायक

इस दौरान पीडब्ल्यूडी के सभी अधिकारी गण ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामकिशोर राजपूत, पूर्व जिला महामंत्री सुनील रावत, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, राम लखन राजपूत, मंडल अध्यक्ष आदेश राठौर, मंडल अध्यक्ष आदेश शाक्य, प्रधान संत कुमार मिश्रा, स्वदेश गंगवार, रूपेश गंगवार, संजय पाल, राम लडैते पाल, मंडल महामंत्री रजनीश अवस्थी, देशराज शाक्य, मुकेश सिंह, राम रतन पाल, सुधीर पाल, रमेश चंद पाल, गिरन्द राजपूत, संजीव शर्मा, डॉ0 महेंद्र शाक्य, सर्वेंद्र गंगवार आदि मौजूद रहे। संचालन अमन अवस्थी ने किया।

# डीएम ने की राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ज्ञान भारतम् मिशन के अन्तर्गत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासनादेश संख्या 779/चार-2026 दिनांक 16 मार्च के अंतर्गत गठित जनपद स्तरीय समिति की संरचना एवं दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति में जिलाधिकारी को अध्यक्ष नामित किया गया है, जबकि अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, जनपद के किसी एक केन्द्रीय/राज्य विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय के प्राचार्य या कुल सचिव, जिला विद्यालय निरीक्षक, संस्कृत पाठशाला के प्रधानाचार्य, संस्कृत एवं अन्य प्राचीन भाषाओं के विशेषज्ञ तथा मुख्य विकास अधिकारी को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी को सदस्य सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। आवश्यकतानुसार स्थानीय स्तर पर अतिरिक्त सदस्यों को भी नामित किए जाने का प्रावधान है। बैठक में निर्देश दिए गए कि जनपद स्तर पर राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए तथा पाण्डुलिपियों के चिन्हीकरण एवं सर्वेक्षण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जाए। यह भी अवगत कराया गया कि जनपद में स्थित निजी एवं सरकारी पुस्तकालयों, संग्रहालयो, शिक्षण एवं शोध संस्थानों, संस्कृत पाठशालाओं, मंदिरों, मठों, आश्रमों, गुरुकुलों, ट्रस्टों तथा अन्य संभावित पाण्डुलिपि संग्रह केन्द्रों एवं व्यक्तियों का चिन्हीकरण एवं सर्वेक्षण कार्य 16 मार्च 6 से आगामी तीन माह के भीतर पूर्ण किया जाएगा। सर्वेक्षण कार्य हेतु विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के कार्मिकों को सर्वेक्षक के रूप में नामित किया जाएगा। जिनमें विशेष रूप से संस्कृत, प्राचीन भाषाओं, इतिहास एवं पुरातत्व विषयों के अध्यापक, पुस्तकालय एवं संग्रहालय के अधिकारी, कर्मचारी, खण्ड विकास कार्यालय के कर्मचारी, ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत सचिव, धार्मिक संस्थानों के प्रतिनिधि, एनएसएस/एनसीसी के स्वयंसेवक, महाविद्यालयों के विद्यार्थी एवं विरासत संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों के सदस्य शामिल होंगे। जनपद में सर्वेक्षण कार्य (ज्ञान भारतम् एप) मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से संपादित किया जाएगा। अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा विभिन्न भाषाओं के समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराए जाएंगे तथा टीवी, एफएम रेडियो, सिनेमा घरों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी अभियान की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी। डीएम ने निर्देशित किया कि मुख्य विकास अधिकारी प्रत्येक 15 दिवस पर सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा सुनिश्चित करें तथा प्रगति रिपोर्ट राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी को नियमित रूप से प्रेषित की जाए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पोल से टकराया, कई घायल

**▸ ग्राम लखरूआ के पास सड़क पर अचानक बकरी आ जाने से चालक ने उसे बचाने का किया था प्रयास**

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अन्न प्राशन कर वापस लौट रहा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पड़े पोल से टकरा गया। टक्कर के बाद ट्रॉली पलट गई, जिससे उसमें सवार कई लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार जनपद मैनपुरी के किशनी थाना क्षेत्र के ग्राम लुकटपुर निवासी रूपलाल के नाती अमन पुत्र मानसिंह के अन्नप्राशन संस्कार के लिए परिजन ट्रैक्टर-ट्रॉली से नीम करौरी धाम बाबा लक्ष्मण दास वापस आते मंगलवार शाम करीब 5:30 बजे वापस लौटते समय ग्राम लखरुआ के पास सड़क पर अचानक एक बकरी आ जाने से चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया, जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और लट्ठे से टकरा गया।

हादसे में ट्रॉली पलट गई। बताया गया है कि ट्रॉली में बच्चों सहित करीब 30-35 लोग सवार थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तत्काल डायल 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में बिट्टो देवी 35 पत्नी वीरेंद्र कश्यप, कुंती देवी 32 पत्नी रजन लाल, कोकिला देवी 25 पत्नी राजपाल, राधेश्याम 21 पुत्र रूपलाल, सभी निवासी उपरोक्त के अलावा मोहम्मदाबाद के ग्राम राठौरा निवासी अजयपाल की पत्नी दुर्गा 25 व उनकी पुत्री कृषि 5 घायल हो गई। घायल बच्ची कृषि की हालत गंभीर होने पर ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 सन्नी मिश्रा ने उसे जिला अस्पताल राम मनोहर लोहिया के लिए रेफर कर दिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# डीएम ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक

**▸ मोहम्मदाबाद की स्थिति खराब होने पर दिया जायेगा नोटिस**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक का आयोजन जिला अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

डीएम ने कहा कि आशाएं कार्य करने में शिथिल हैं उनकी निगरानी करें, ताकि उनका कार्य बेहतर हो सके। आशा सर्वप्रथम अपने परिवार के आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। आयुष्मान कार्ड बनाने में सक्रिय रुचि न लेने पर आशाओं को तीन नोटिस देकर कभी भी कार्य मुक्त किया जा सकता है। आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य है 55527 नगर क्षेत्र में कार्य प्रदर्शन अच्छा न होने के कारण उत्तर प्रदेश में जनपद का ग्रेड गिरता है। एमओआईसी व सीएचओ को सक्रियता बढ़ाने के लिए सीएमओ पत्र लिखें सुधार ना होने पर कठोर कार्यवाही करें।

एएनएम, एनआरसी का एक भाग हैं मोहमदाबाद की स्थिति सर्वाधिक खराब है, जिलाधिकारी द्वारा नोटिस दिया जाएगा।

राजेपुर और नवाबगंज की स्थिति भी सबसे खराब है मंडल में हमारी स्थिति सबसे खराब है, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि उनका प्रदर्शन सुधरे। बैठक में सीएमओ के अतिरिक्त अन्य संबंधित चिकित्सा अधिकारी व चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे।

## रिश्वत लेने वाले दरोगा पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ग्राम समाज की जमीन खाली कराने के नाम पर नगद व ऑनलाइन रिश्वत लेने के आरोप में ग्राम निसाई की प्रधान गीता देवी की तहरीर पर कोतवाली मोहम्मदाबाद में तैनात दरोगा सुरेश चाहर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि जांच में प्रथम दृश्यता आरोप सत्य पाए गए हैं। जिसके तहत कार्यवाही की गई है। मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा पुलिस अधिकारी पर कानूनी कार्रवाई के नाम पर पैसे लेने का गंभीर आरोप लगाया गया है। इस मामले में एडिशनल एसपी ने आरोपों को सत्य पाया है, जिसके बाद हल्का प्रभारी सुरेश कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ग्राम निसाई निवासी ग्राम प्रधान गीता देवी ने कानपुर रेंज के एडीजी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने पूर्व में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर जिला प्रशासन सहित संबंधित अधिकारियों से शिकायत की थी। जांच के बाद इस पर कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए थे। इसके बावजूद थाना स्तर पर उन्हें अपेक्षित कानूनी सहायता नहीं मिली। कार्रवाई के लिए कथित तौर पर सुविधा शुल्क की मांग की गई। उनसे लगभग 1.75 लाख रुपये लिए गए। जिसमें कुछ धनराशि नकद और कुछ बैंक खाते में ली गई। शिकायत पर एडिशनल एसपी अरुण कुमार ने जांच की। उन्होंने पुष्टि की कि हल्का प्रभारी सुरेश कर के खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोप सत्य पाए गए हैं। जिसके बाद दरोगा सुरेश चाहर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# भगवान परशुराम अनुशासन व भक्ति के प्रतीक



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परशुराम जन्मोत्सव रविवार 19 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह पावन पर्व वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि, यानी अक्षय तृतीया के दिन पड़ता है।

**परशुराम जन्मोत्व के उपलक्ष्य में विशेष**

भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में, इस दिन परशुराम जी की विशेष पूजा, व्रत और शोभायात्राएं आयोजित की जाती हैं। महर्षि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं, साहस, न्याय और तपस्या का प्रतीक माना जाता है।



अंकित तिवारी

हिन्दू समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष **अंकित तिवारी** ने बताया कि हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। जन्मोत्सव पर परशुराम की पूजा करने से व्यक्ति को साहस, उच्च बुद्धि और असीम शक्तियों की प्राप्ति होती है। पृथ्वी पर से पाप व अधर्मी राजाओं का विनाश करने के लिए विष्णु जी ने भगवान परशुराम का अवतार लिया था। भगवान परशुराम अभी भी धरती पर वास करते हैं।



डॉ0 वैष्णव शुक्ला

ऑक्युपेशनल थेरेपिस्ट **डा0 वैष्णव शुक्ला** ने बताया कि कल्कि पुराण में बताया गया है कि परशुराम जी विष्णु के 10वें अवतार श्री कल्कि को शस्त्र विद्या प्रदान करेंगे, जिसके बाद ही कलयुग का अंत होगा। वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि का आरंभ हो रहा है, जो अगले दिन 20 अप्रैल 6 को सुबह 07:27 मिनट पर समाप्त होगी। 19 अप्रैल को परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा।



श्वेता दुबे

**श्वेता दुबे** ने बताया कि भगवान परशुराम ऋषि जमदग्नि और रेणुका के पुत्र हैं और उन्हें एक अमर देवता माना जाता है जिन्होंने दुष्ट और भ्रष्ट क्षत्रिय राजाओं का उन्मूलन करके धर्म के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह दिन बुराई पर अच्छाई की विजय और धर्म के महत्व का प्रतीक है। भगवान परशुराम को अनुशासन और भक्ति का प्रतीक माना जाता है, और उनकी शिक्षाएं लोगों को सत्यनिष्ठापूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित करती हैं।

# डीएम ने पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की



बैठक लेते डीएम मौजूद गैस प्रोपराईटर

## शोरुम पर प्रतिदिन गैस एजेंसी प्रोपराईटर रहेंगे उपस्थित, समस्याओं का करेंगे निस्तारण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार द्विवेदी ने जनपद में आवश्यक पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए जनपद के समस्त गैस वितरको की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने गैस वितरकों को दिशा-निर्देश जारी किये है। समस्त गैस प्रोपराईटर प्रतिदिन अपने शोरूम पर स्वयं उपस्थित रहेगें तथा जनमासन की समस्याओं का नियमानुसार निस्तारण करेंगें। घरेलू गैस बुकिंग के नये नियमों में सामान्य बुकिंग 14.2 किग्रा- 25 दिन (ग्रामीण एवं शहरी) रहेगा। सामान्य बुकिंग 05 किग्रा0- 09 दिन (ग्रामीण एवं शहरी) रहेगा। सामान्य बुकिंग 10 किग्रा.- 18 दिन (ग्रामीण एवं शहरी) रहेगा। उज्जवला योजना बुकिंग 14.2 किग्रा.- 45 दिन (ग्रामीण एवं शहरी) रहेगा। उज्जवला योजना बुकिंग 05 किग्रा.- 16 दिन (ग्रामीण एवं शहरी) रहेगा। बिना केवाईसी और बुकिंग किये बिना के किसी भी उपभोक्ता को रिफिल न दिया जाए। केवाईसी0 के लिए किसी भी उपभोक्ता को गैस एजेन्सी पर जाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि अपने स्मार्टफोन से भी केवाईसी कर सकते है साथ ही अपने नजदीकी लोकवाणी केन्द्र अथवा मोबाइल में प्ले स्टोर से बुकिंग साफ्टवेयर को इंस्टाल करके भी बुकिंग करा सकते है, (आई.ओ.सी.एल. हेतु इण्डियन आयल वन, बी.पी.सी.एल. हेतु हैलो बी.पी.सी.एल. एवं एच.पी.सी.एल. हेतु एच.पी.-पे) इस सम्बन्ध में जनपद के समस्त गैस वितरक अपने शो-रूम पर व्यापक प्रसार प्रसार करते हुए बैनर/पम्पलेट प्रदर्शित करें ताकि, उपभोक्ताओं को जानकारी भी हा सकें। समस्त गैस वितरक व्यवसायिक प्रतिष्ठान के उपभोग हेतु सम्बन्धित स्वामियों/प्रतिष्ठान से उनके लेटर पेट पर मासिक उपभांग हेतु व्यवसायिक रिफिल सिलेण्डर की मांग प्राप्त करते हुए जिला पूर्ति अधिकारी से अग्रररारित कराने के उपरान्त सम्बन्धित प्रतिष्ठान को आपूर्ति करायेंगे। डीएम ने निर्देशित किया कि जनपद में निरन्तर रूप से निरीक्षण/ जांच/छापेमारी की कार्यवाही प्रवर्तन टीम द्वारा की जाए, साथ ही पुलिस बल भी पर्याप्त संख्या में साथ रहे। किसी भी व्यवसायिक प्रतिष्ठानो/ होटल/ रेस्टोरेन्ट/ढाबा/चाय की दुकान/मैरिज हाल तथा अन्य छोटे व बड़े फर्म स्वामियों के कार्यस्थल में घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग करते पाया जाता है तो सम्बन्धित दोषी व्यक्ति के विरूद्ध द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण का विनियमन) आदेश 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही अमल में लायी जाये। बैठक में सुरेन्द्र यादव जिला पूर्ति अधिकारी, अनिल कुमार यादव क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, दीपक राणा ब्रिकी प्रबन्धक एल.पी.जी. आई.ओ.सी.एल., ग्रीश सहायक विक्रय प्रबन्धक बी.पी.सी.एल एवं समस्त पूर्ति निरीक्षक एवं पूर्ति लिपिक उपस्थित रहे।

## जनपद में 40.82 लाख पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित



बैठक लेते डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर में जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-2027 में विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले वृहद वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा की गई।डीएम ने निर्देशित किया कि सभी विभाग समयबद्ध तरीके से वृक्षारोपण की तैयारियां पूर्ण करें। वर्ष 2026 के लिए जनपद का लक्ष्य 40.82 लाख पौधरोपण निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण हेतु भूमि का शीघ्र चिन्हांकन कर गड्ढों की खुदाई समय से सुनिश्चित कर ली जाए। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2026 के लिए 40 लाख 82 हजार 488 पौधे रोपित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है तथा सभी विभागों को लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है। उन्होंने सभी विभागों को वृक्षारोपण हेतु स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी बताया गया कि ग्राम्य विकास विभाग, राजस्व विभाग, नगर पंचायत मोहम्मदाबाद, कमालगंज व शमसाबाद, पीडब्ल्यूडी, कृषि विभाग तथा रोडवेज विभाग की कार्ययोजना अभी प्राप्त नहीं हुई है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को तत्काल अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देशित किया कि वृक्षारोपण में बड़े पौधों को प्राथमिकता दी जाए, खुले नालों को टैप किया जाए तथा नाविकों का शीघ्र पंजीकरण कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडी, शासन द्वारा जिला पर्यावरण समिति की नामित की सदस्य सुमन श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## निश्चय वाहन को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



निश्चय वाहन को हरी झण्डी दिखाते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान के शुभारंभ कलेक्ट्रेट सभागार जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि टीबी (क्षय रोग) को जड़ से समाप्त करने के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं आमजन से अपील की कि टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाएं तथा समय पर जांच एवं उपचार सुनिश्चित कराएं। समारोह में जनपद की 03 वर्ष से अधिक समय से टीबी मुक्त 08 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को गोल्ड मेडल, 02 वर्ष से अधिक समय से टीबी मुक्त 68 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सिल्वर मेडल तथा 01 वर्ष से अधिक समय से टीबी मुक्त 164 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को ब्रॉन्ज मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इन प्रधानों ने अपने क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिलाधिकारी ने सभी सम्मानित प्रधानों के प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य ग्राम पंचायतों को भी इसी प्रेरणा लेने का आह्वान किया तथा कहा कि जनपद की सभी 580 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाना लक्ष्य है। टीबी उन्मूलन में बेहतर कार्य करने वाले 23 निक्षय मित्रों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एडिशनल मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा टीबी उन्मूलन हेतु संचालित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी तथा बताया गया कि जनपद में सक्रिय रूप से टीबी मरीजों की खोज, जांच एवं उपचार का कार्य किया जा रहा है। डीएम ने टीबी के प्रति जनजागरूकता हेतु निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी, ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## नलिन व प्रेम सागर की आधा दर्जन साहित्यिक पुस्तकों का हुआ विमोचन



पुस्तक विमोचन के दौरान मौजूद साहित्यकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मोहल्ला श्याम नगर स्थित वरिष्ठ ग़ज़लकार नलिन श्रीवास्तव के निवास स्थान पर एक साधारण किंतु गरिमामय साहित्यिक कार्यक्रम में आधा दर्जन साहित्यिक पुस्तकों का लोकार्पण एवं विमोचन किया गया। उसके साथ ही इन पुस्तकों पर संक्षिप्त समीक्षा विद्वानों ने की।

निकटवर्ती जनपद कन्नौज के वरिष्ठ साहित्यकार उमाशंकर वर्मा साहिल की अध्यक्षता एवं नलिन श्रीवास्तव के संचालन में हुए आयोजन का प्रथम चरण समीक्षा और द्वितीय चरण काव्य गोष्ठी के रूप में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं प्रीति पवन तिवारी की वाणी वंदना के साथ हुआ। भूपेंद्र प्रताप सिंह ने नलिन श्रीवास्तव के कहानी संग्रह कुमुदिनी की समीक्षा की। डॉ0 राजकुमार सिंह, प्रो0 रामबाबू मिश्र रत्नेश, कृष्णा कुशवाहा, प्राचार्या डॉ. शशि किरण सिंह, उमाशंकर वर्मा साहिल ने अपनी समीक्षात्मक टिप्पणियां पुस्तकों के संदर्भ में दीं। इन पुस्तकों में नलिन श्रीवास्तव की पुस्तक चित्र अतीत के, ग़ज़ल संग्रह बादल धुंयें के, वरिष्ठ साहित्यकार एवं नलिन श्रीवास्तव के पिता स्व. कैलाश नारायण श्रीवास्तव कृत भीगे पलक, प्रेम सागर के दोहा संग्रह एक लौ कई रोशनी बाद, ग़ज़ल संग्रह तन्हाई के पल का विमोचन व लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रीति पवन तिवारी, भारती मिश्रा, नलिन श्रीवास्तव, डॉ. गरिमा पांडेय, डॉ. राजीव गुप्ता, रत्नेश पाल, प्रेम सागर चौहान, बीके सिंह, किशोर, राम शंकर अवस्थी अबोध, उपकार मणि पलक ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सदानंद शुक्ला, संस्कार भारती के अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## दहेज हत्या में पति, सास, देवर सहित तीन को सात-सात वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देहज हत्या के मामले में अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष फास्ट ट्रक प्रथम संजय कुमार ने अभियुक्त बबलू उर्फविनोद उर्फप्रमोद, प्रदीप पुत्रगण प्रेम चंद्र, हीरादेवी पत्नी प्रेम चंद्र निवासीगण रायपुर खास कोतवाली कायमगंज को दोषी करार देते हुए सात-सात वर्ष का कारावास व छह-छह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। विगत नौ वर्ष पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम आतईपुर जदीद निवासी निवासी राजेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मैने अपनी पुत्री रिंकी की शादी हिन्दू रीति रिवाज से अपनी हैसियत के अनुसार बबलू उर्फविनोद के साथ की थी। मेरी पुत्री के ससुरलीजन अतिरिक्त दहेज की मांग में बीस हजार रुपए, रंगीन टीवी, भैंस की मांग करने लगे। जिसके बारे मेरी पुत्री ने बताया। अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर काफी समझाया और विनती भी की। मैं देने में अभी सक्षम नहीं हूं। पुत्री के ससुरलीजन ने कहा था तुम्हारी लड़की को मारकर अपने बेटे की दूसरी शादी कर लूंगा। 10 जून 2007 को पति प्रमोद उर्फबबलू, देवर प्रदीप, ससुर प्रेमचंद्र, सास हीरादेवी ने हत्या कर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के दौरान ससुर प्रेमचंद्र की मृत्यु हो गई थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेई की कुशल पैरवी के आधार न्यायाधीश संजय कुमार ने बबलू उर्फ प्रमोद उर्फविनोद, प्रदीप, हीरादेवी को दोषी करार देते सात-सात वर्ष का कारावास व सभी आरोपियों को छह-छह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# धनुष टूटते ही श्रीराम चन्द्र के लगे जयकारे

## सीता स्वयंवर कथा का भक्तों ने किया रसपान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कथा का श्रवण कराते कथाव्यास

नवदिया फतेहगढ़ में चल रही श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा व्यास एस0एन0 द्विवेदी ने अपने मुखार बिंदु से परशुराम संवाद व राम-सीता स्वयंवर की कथा सुनाई। कथाव्यास एस0एन0 द्विवेदी ने कहा कि मिथिला में राजा जनक की सभा में श्रीराम द्वारा शिव धनुष तोड़ने के बाद माता सीता से उनका विवाह संपन्न हुआ। धनुष टूटने की टंकार से क्रोधित होकर आए परशुराम और लक्ष्मण के बीच तीखा संवाद हुआ। जिसे शांत स्वभाव के श्री राम ने समाप्त किया।

राजा जनक ने प्रतिज्ञा की थी कि जो शिवजी के विशाल धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का विवाह होगा। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्री राम ने धनुष को उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाते समय वह दो टुकड़ों में टूट गया। सीताजी ने श्रीराम के गले में जयमाला डालकर उन्हें पति रूप में स्वीकार किया। धनुष टूटने की आवाज सुनकर परशुराम अत्यंत क्रोधित होकर वहां पहुंचे और उन्होंने इसे शिव का अपमान माना। लक्ष्मण ने तर्क दिया कि बचपन में उन्होंने ऐसे कई धनुष तोड़े हैं, तब तो क्रोध नहीं आया।

उन्होंने परशुराम की कड़ी बातों का व्यंग्य से उत्तर दिया। श्री राम ने शांत रहकर परशुराम को समझाया कि धनुष तोड़ने वाला उनका कोई दास ही होगा, जिससे परशुराम का क्रोध शांत हुआ। परशुराम को यह आभास हुआ कि श्री राम भगवान विष्णु के अवतार हैं, जिसके बाद उन्होंने आशीर्वाद दिया और तपस्या के लिए चले गए। इस मौके पर डॉ. राजीव पाठक व डॉ. राजेश तिवारी ने व्यासगद्दी की आरती उतारी। मंगेश सिंह राठौर, कृष्णा देवी मुख्य यजमन रहे। इस दौरान विष्णु दीक्षित, रमेश चंद्र दीक्षित, इतेन्द्र सिंह, सतेंद्र सिंह, ओमपाल सिंह, दिनेश सिंह, बिहारी सिंह आदि मौजूद रहे।

# भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल जिला महिला कमेटी घोषित

## नवीन पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मिथलेश अग्रवाल का स्वागत करती महिलायें

भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की बैठक का आयोजन सेठ गली स्टेट बैंक रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में सम्पन्न हुई। जहां महिला व युवा पदाधिकारियों की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से पदाधिकारी बनाये गये। प्रदेश महिला चेयरमैन मिथलेश अग्रवाल का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

मुख्यअतिथि के रुप में पहुंची मिथलेश अग्रवाल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को घोषित किया और पटुका पहनाकर मनोनयन पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। कानपुर मण्डल अध्यक्ष कमिश्नरी का अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल बनाये गये। सदर विधानसभा प्रभारी मोहित वागड़ी बने। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष जूही शुक्ला को बनाया गया।

जिला महामंत्री का दायित्व पूजा सक्सेना को मिला। जिला उपाध्यक्ष पूनम मौर्या बनी। मंत्री मंजू तोमर व रत्नेश मिश्रा को बनाया गया। संरक्षिका शिल्पी रस्तोगी व सुनीता अग्निहोत्री बनी। युवा शहर अध्यक्ष अमन जैन व महामंत्री अमित गुप्ता को बनाया गया। जिला युवा कार्यकारिणी में संकल्प रस्तोगी व रवि श्रीवास्तव को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। जिला मंत्री शुभम शाक्य, रजत यादव, अमित यादव, अमरदीप शाक्य, सतीश चन्द्र गुप्ता, राजू सिंह बनाये गये। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल, युवा जिला महामंत्री प्रबल महेश्वरी, युवा जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह, जिला चेयरमैन सर्वेश अग्रवाल, कपिल खंडेलवाल, नवनीत कनौजिया, जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री आदि लोग मौजूद रहे।

### जिलाध्यक्ष अपनी मैन बाडी की अभी तक नहीं कर सके कमेटी घोषित

फर्रुखाबाद। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री तीन साल बीत जाने के बाद भी अभी तक अपनी जिला कमेटी घोषित नहीं कर पाये है। असहाय जिलाध्यक्ष को मजबूत करने के लिए युवा जिलाध्यक्ष एवं संगठन के पदाधिकारियों ने जैसे-तैसे जिला महिला कमेटी तीन साल बाद घोषित करायी है। जिसमें सात महिलाओं को ही जोड़-तोड़कर पदाधिकारी बनाया गया है। यह सभी महिलायें नगर फर्रुखाबाद की है। जनपद के अन्य क्षेत्र से किसी महिला को पदाधिकारी नहीं बनाया गया है। इस संबंध में कई बार जिलाध्यक्ष से पूछा गया तो उन्होंने बताया था कि महिलाओं को जोड़ना ठीक नहीं, लेकिन उन्हें यह नहीं मालूम कि संगठन सब लोगों के सहयोग से चलता है। वह अपने आप को असहाय समझकर आज तक जिला कमेटी घोषित नहीं कर पाये है। गिने-चुने कुछ लोग है उन्हीं का नाम बताते रहते है।

## टीईटी के विरोध में दिल्ली में धरना प्रदर्शन 4 अप्रैल को



बैठक में मौजूद शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गत दिवस उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय मुख्यालय आयोजित आपातकालीन बैठक से वापस आकर जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान ने भी जनपद के सभी पदाधिकारियों की बैठक शिक्षक भवन में आयोजित की। जिसमें प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर सभी विकास खंडों से एक-एक बस से शिक्षक-शिक्षिकाओं को ले जाने का निर्णय लिया गया। सभी वाहनों पर टीचर्स फेडरेशन ऑफइंडिया का बैनर भी लगाया जाएगा। बैठक में अवनीश चौहान, राजकिशोर शुक्ल, अमित मिश्रा, मुन्ना लाल यादव, डॉ0 देवेंद्र यादव, राजेश कुमार यादव, श्याम सिंह यादव, जितेंद्र सिंह, राकेश यादव, निर्देश गंगवार, अश्विनी चतुर्वेदी, सुशील माथुर, अरविन्द यादव, ओम सिंह चौहान, विजय कनौजिया, गजेंद्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, उत्कर्ष यादव, अमन कुमार, केपी सिंह, निर्देश गंगवार, डॉ0 उपेंद्र गंगवार, सचिन वर्मा, दीपक कुमार, इसरार अहमद, शाहिद गौरी, शकील अहमद, आमिर, नीरज सक्सेना, सत्यभामा राठौर, अनुपम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# संगठन को चुस्त और दुरुस्त रखने के लिए दिया जाता है दायित्वः फतेहचन्द्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा के 1 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर एवं नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी के अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने की। नवनियुक्त पदाधिकारी व सदस्यों के साथ मण्डल अध्यक्षों के साथ बैठक सम्पन्न हुई और मण्डल में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम को सफल बनाने के दिशा निर्देश दिए।

जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है भाजपा के संगठन में नए पदाधिकारी को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराना और उनको जिम्मेदारियां के लिए प्रेरित करना है। संगठन पर्व के माध्यम से पार्टी हर 3 वर्ष के बाद संगठन में एक बड़ा बदलाव करती है जो एक सतत प्रक्रिया है। पुराने पदाधिकारी के स्थान पर नए कार्यकर्ताओं को दायित्व दिए जाते हैं, जिससे संगठन चुस्त और दुरुस्त रहता है, लेकिन पूर्व पदाधिकारियों को मायूस नहीं होना चाहिए, बल्कि नए पदाधिकारियों को गाइड करते हुए संगठन और पार्टी के सिद्धांतों से अवगत कराना चाहिए। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ होता है। संगठन के आगे विभिन्न चुनौतियां हैं और कार्यकर्ता उस चुनौतियों को स्वीकार करता हुआ। पार्टी को मजबूत करने का कार्य करें। आगामी 2027 के विधानसभा के चुनाव में पूरी टीम अनुशासन के साथ एकजुट होकर चारों सीटों पर भाजपा का परचम



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष

लहराने का कार्य करेगी। भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने कहा भाजपा संगठन यह खासियत है की जो सबसे पीछे की पंक्ति में कार्यकर्ता बैठता है, उसको सबसे आगे की पंक्ति में बैठने का अवसर मिलता है। डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत ने कहा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा के कार्यकाल के पूरे 1 वर्ष पूर्ण होने के बाद संगठन पर्व की लंबी प्रक्रिया के तहत भाजपा को नई कार्यकारिणी मिली है। दिनेश कटिहार में कहा संगठन में बदलाव एक सतत प्रक्रिया है परिवर्तन प्रकृति का नियम है इसलिए पूर्व हुए पदाधिकारियों को मायूस न होकर नए पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करना है। संचालन अमरदीप दीक्षित ने किया।

इस अवसर पर आलू विपणन संघ के सभापति विमल कटियार, कुलदीप गंगवार, भास्कर दत्त द्विवेदी, संदीप शाक्य, राहुल राजपूत, पुष्पराज सिंह, अनिल कुमार राजपूत, हिमांशु गुप्ता, गोपाल राठौर, वीरेंद्र कठेरिया, अनुराग दुबे, रश्मि दुबे, सर्वेश कुशवाहा, ठा0 जितेंद्र सिंह, अश्नील दिवाकर, संदेश राजपूत, अभिषेक बाथम, मनोज गंगवार, संजीव गुप्ता, शिवांग रस्तोगी, अनुराग सिंह, पंकज पाल, मनोज गंगवार, शिव मोहन सिंह, अभिषेक बाजपेई, श्वेता दुबे, प्रतिभा राजपूत, हिना दवे, पियूष त्रिपाठी, संजय सिंह, रजनीश मिश्रा, डॉ. उदय प्रताप सिंह, रवि बाजपेई, मुकेश गुप्ता, अमूल्य गंगवार, हसनैन खान, नवनीत पांडे, सत्यवर्धन सिंह राठौड़, अंकित गुप्ता, रमला राठौर, शैलेंद्र सिंह राठौर, डॉ. प्रभात अवस्थी, लालाराम शाक्य, विकास पांडे, रामनरेश गौतम, नीरज अवस्थी, हेमचंद्र राजपूत, अवनीश शाक्य, कृष्ण मुरारी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे। वहीं जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने नए पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें 28 मार्च से 14 अप्रैल तक सभी मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होंगे। इसके लिए टोली बनाई गई है। प्रशिक्षण वर्ग में संगठन के द्वारा नवीन कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## विद्युत उपखंड अधिकारी पर लगा अभद्रता का आरोप

**कन्नौज।** बिजली की शिकायत लेकर उपखंड कार्यालय गए एक युवक ने एसडीओ और बिजली कर्मियों पर अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाया है। बताते चलें कि, तिर्वा कोतवाली के गांव मुरैंया बुजुर्ग निवासी आशीष पांडे पुत्र ज्ञान शंकर पांडे ने आरोप लगाया कि वह मंगलवार को अपनी बिजली समस्या को लेकर तिर्वा स्थित विद्युत उपखंड गया था। युवक ने बताया कि उसकी समस्या प्रीपेड़ मीटर से संबंधित थी, जिसके तहत प्रीपेड़ मीटर को बंद करवाए जाने की शिकायत की गई थी। युवक का कहना था कि, शिकायत करने के दौरान एसडीओ सतीश निषाद और मौके पर मौजूद बिजली कर्मियों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए हाथपाई की। इसके अलावा यह भी कहा कि, यहां से चले जाओ नहीं तो धारा 135 के तहत चोरी का मुकदमा दर्ज करवाकर जेल भेज दूंगा।

# वृहद रोजगार मेले में 781 युवाओं को मिली नौकरी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सदर तहसील के बेहरीन ग्राम में स्थित आईटीआई परिसर में प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार व मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने फीता काटकर किया। इस दौरान मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन भी किया गया। रोजगार मेले में 1343 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें 26 कंपनियों ने साक्षात्कार लेकर 781 युवाओं का चयन किया और उन्हें मौके पर ही जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए। टाटा, जोमैटो सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने युवाओं को रोजगार के अवसर दिए। विधायक कैलाश राजपूत ने कहा कि सफलता के लिए केवल डिग्री नहीं, बल्कि कौशल, आत्मविश्वास और अनुशासन आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से झिझक छोड़कर अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़ने का आह्वान किया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि रोजगार के अवसरों की कमी नहीं है।

## ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से लगता जाम



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सड़कों पर ई0 रिक्शा के कारण यातायात व्यवस्था चरमरा गई।जामा तहसील से लेकर मस्जिद मैन चौराहे तक रोजाना जाम लगा रहता है। कायमगंज ट्रैफिक व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। नगर के तहसील रोड से जामा मस्जिद, श्यामा गेट, मैन चौराहा तक ई0 रिक्शा चालकों का कब्जा देखा जा रहा है। जिसके कारण आम लोगों को रोजाना जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इसके बावजूद कई चालक सड़क पर कही भी अचानक ई0 रिक्शा रोककर यात्रियों को चढ़ाने उतारे लगते है। जिससे पीछे चल रहे वाहनों की रफ्तार थम जाती है और लम्बी लम्बी कतारे लग जाती है। यह इससे न केवल यातायात प्रभावित होता है।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी सम्पन्न

## विद्यार्थियों को वितरित किये गये अंक पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



परीक्षा फल के साथ सम्मानित होते विद्यार्थी

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावक-शिक्षक मिलन संगोष्ठी एवं विद्यार्थियों के अंक पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रगति से अभिभावकों को अवगत कराना रहा। उपनिदेशक अंजू राजे एवं प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। साथ ही तीन अभिभावकों को भी उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। निदेशक डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में अभिभावकों एवं शिक्षकों की संयुक्त भूमिका महत्वपूर्ण है। मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योत्सना अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सही दिशा एवं अवसर देने पर बल दिया। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि अनुशासन एवं संस्कारों का विकास भी है।

# टीबी मुक्त अभियान में खीरी की बड़ी उपलब्धि: 138 ग्राम पंचायतें हुईं सम्मानित

- विश्व क्षय रोग दिवस पर अटल सभागार में समारोह आयोजित
- गोल्ड-सिल्वर-ब्रॉन्ज श्रेणी में बांटे गए सम्मान, मरीजों को मिली पोषण पोटली

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने की, जबकि सदर विधायक योगेश वर्मा, धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता, एसीएमओ डॉ. आरएम गुप्ता एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. प्रमोद रावत सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में जिले की 138 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसमें ईसानगर ब्लॉक की खमरिया ग्राम पंचायत को गोल्ड मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर विशेष सम्मान दिया गया। इसके अलावा 37 ग्राम पंचायतों को सिल्वर एवं 90 ग्राम पंचायतों को ब्रॉन्ज मोमेंटो प्रदान किए गए। साथ ही टीबी उन्मूलन में सराहनीय योगदान देने वाले एसटीएस, एसटीएलएस और



सीएचओ को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पांच टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत पोषण पोटली वितरित की गई। यह योजना मरीजों को उपचार के दौरान बेहतर पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत प्रत्येक मरीज को इलाज की अवधि तक प्रतिमाह 1000 रुपए की धनराशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाती है।

मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि टीबी उन्मूलन के लिए जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण स्तर पर जागरूकता, समय पर जांच और नियमित इलाज के चलते जनपद में टीबी नियंत्रण की दिशा में उल्लेखनीय सफलता मिली है।

सदर विधायक योगेश वर्मा ने टीबी हारेगा, देश जीतेगा के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार हो रहा है। वहीं धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि योजनाओं का प्रभाव अब जमीनी स्तर पर दिख रहा है और इसका लाभ सीधे ग्रामीण जनता को मिल रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. प्रमोद रावत ने सभी सम्मानित प्रधानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का लक्ष्य हासिल किया जा सका है। उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह सहयोग बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर डिप्टी डीटीओ डॉ. नवीन गुप्ता, रंजीत कुमार, अनुदीप वर्मा, करुणा वर्मा, पंकज परमी, संजय राय, नितेश श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, अनिल भार्गव, आलम खान सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## जमीन विवाद में मेड़ तोड़ने, पिलर गिराने और जान से मारने की धमकी का आरोप

**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम मीरपुर में जमीन विवाद को लेकर गंभीर मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश के बाद की गई मेड़बंदी को तोड़ने, खेत जोतने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच उपनिरीक्षक धनंजय शुक्ला को सौंपी गई है। पुलिस को दी गई तहरीर में रजनी वर्मा ने बताया कि ग्राम मीरपुर स्थित गाटा संख्या 516/0-421 की भूमि पर न्यायालय अपर उप जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी के आदेश दिनांक 8 अक्टूबर 2025 के अनुपालन में 23 फरवरी 2026 को पुलिस व राजस्व टीम द्वारा

- चार नामजद पर केस दर्ज, जांच शुरू

विधिवत मेड़बंदी कराई गई थी। आरोप है कि इसके बावजूद गांव के ही शीतला प्रसाद पुत्र परशुराम, विनोद कुमार पुत्र शीतला प्रसाद, सुशील कुमार और सरस्वती प्रसाद ने मेड़ को तोड़ दिया और लगाए गए पिलर भी गिरा दिए। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने न सिर्फ जमीन पर कब्जे की नीयत से पूरे खेत को जोत डाला, बल्कि विरोध करने पर गड़ासा व बांका जैसे हथियार लेकर जान से मारने की धमकी भी दी। आरोप है कि आरोपियों ने परिवार को गांव छोड़ने की धमकी दी और खेत में लगे पेड़ों को भी काट डाला। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली सदर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


## खबरें एक नजर में

### गुरु गोविंद सिंह चौक पर शहीद दिवस मनाया गया




**लखीमपुर खीरी।** 23 मार्च को शहीद दिवस के अवसर पर वंदेमातरम् फाउंडेशन के बैनर तले गुरु गोविंद सिंह चौक पर कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही जोश और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही और सभी ने शहीदों के बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष सत्येंद्र त्रिवेदी गंवार, महामंत्री बृजेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष राजेश शुक्ला, समाजसेविका पूर्णिमा मिश्रा, कीर्ति शुक्ला, तृप्ति अवस्थी, डॉ. आलोक मिश्रा, विजय मिश्रा (राजू), अवधेश मिश्रा, संजीव मिश्रा, शिव प्रसाद द्विवेदी सहित कई सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान संस्था अध्यक्ष सत्येंद्र त्रिवेदी ने कविता के माध्यम से शहीदों के बलिदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। वहीं महामंत्री बृजेश मिश्रा ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के त्याग को याद करते हुए कहा कि हमें और आने वाली पीढ़ियों को उनके बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। कोषाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि इन्हीं शहीदों के बलिदान के कारण आज हम आज़ादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मोमबत्ती जलाकर और पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् और इंकलाब जिंदाबाद के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया।

### नवरात्र पर कन्या पूजन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



**लखीमपुर खीरी।** नवरात्र के पावन अवसर पर विद्या भारती विद्यालय, सनातन धर्म सरस्वती शिशु वाटिका में कन्या पूजन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 66 कन्याएं माता रानी के नौ स्वरूपों में सुसज्जित होकर शामिल हुईं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो उठा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीमा साहनी ने सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य मुनेंद्र दत्त एवं विद्यालय की संचालिका श्रीमती हीरा सिंह के साथ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात वंदना, रोली तिलक, कलश पूजन एवं माल्यार्पण के साथ माता दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। सभी शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने मिलकर माता रानी की आरती उतारी। इस अवसर पर कन्याओं के पैर पूजकर उन्हें आलता लगाया गया और श्रद्धा के साथ कन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया, वहीं डांडिया नृत्य ने सभी का मन मोह लिया।अंत में मुख्य अतिथि ने सभी कन्याओं को उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिशु वाटिका की शिक्षिकाओं एवं स्टाफ के सहयोग से संपन्न हुआ।

### मोहम्मदी पुलिस का बड़ा खुलासा: सोलर प्लांट से चोरी 45 प्लेट बरामद, 6 आरोपी गिरफ्तार



**मोहम्मदी (खीरी)।** कस्बा पुलिस ने सोलर प्लांट से हुई बड़ी चोरी का खुलासा करते हुए 45 सोलर प्लेट बरामद कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला 9 जनवरी का है, जब बबौरी गांव स्थित एनसीसी कंपनी के सोलर प्लांट से अज्ञात चोरों द्वारा करीब 85 सोलर प्लेट चोरी कर ली गई थीं। घटना के बाद दर्ज मुकदमे की जांच में जुटी पुलिस को अब अहम सफलता हाथ लगी है। कोतवाल उमेश चंद्र चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में अभिषेक वर्मा, राहुल वर्मा, गौतम वर्मा, सुजीत कुमार, प्रखर वर्मा और मोहित कश्यप निवासी बबौरी शामिल हैं। इनके कब्जे से चोरी की गई 45 सोलर प्लेट बरामद की गई हैं। एक महिला द्वारा कुल 56 सोलर प्लेट होने की बात कही गई है, जिनमें से 11 प्लेट अभी तक बरामद नहीं हो सकी हैं। शेष प्लेटों की तलाश में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर अन्य संभावित लोगों की भी तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई में कस्बा प्रभारी अखिलेश प्रताप सिंह, एसआई जान मोहम्मद सहित नगर पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि जल्द ही बाकी चोरी का सामान भी बरामद कर लिया जाएगा। इस सफलता के बाद क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता को लेकर आमजन में भरोसा बढ़ा है और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

### गड़बड़ा धाम में मां शीतला के दरबार में आस्था की भीड़



**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला धाम में मंगलवार को चौत्र मास शुक्ल पक्ष षष्ठी व पर्व वासंतिक नवरात्रि षष्ठी होने के कारण भक्तों का भारी जमावड़ा देखने को मिला। सुबह भोर से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे और देखते ही देखते लंबी कतारें लग गईं। मां की मंगल आरती के बाद कपाट खुलते ही भक्तों ने माता कात्यायनी के स्वरूप का दर्शन कर पूजा-अर्चना की। व्रती महिलाओं ने मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और कथा का आयोजन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूरे क्षेत्र में जयकारों और ढोल-नगाड़ों की ध्वनि गूंजती रही। श्रद्धालु पहले सेवटी नदी में स्नान कर फिर मां की पूजा में जुटे रहे।मान्यता है कि मां शीतला के दर्शन से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। भूत-प्रेत बाधा से परेशान लोग भी यहां आकर राहत की कामना करते हैं। कहा जाता है कि तीन बार लगातार दर्शन करने से परेशानियां दूर हो जाती हैं। वहीं, संतान की इच्छा रखने वाले भक्त मां से प्रार्थना करते हैं और मनोकामना पूरी होने पर कढ़ाई चढ़ाते है। वहीं प्रशासनिक इंतजाम न होने से कुछ भक्तों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। थाना प्रभारी हलिया राजीव श्रीवास्तव अपने दल बल के साथ मुस्तैद रहे। पुजारी रामाश्रय मिश्राध्मंगल धारी मिश्रा ने बताया कि लगभग 40 हजार श्रद्धालुओं ने मां का आशीर्वाद लिया।

### शार्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग, दो बीघा फसल जलकर राख

**हलिया (मिर्जापुर)।** बरौंधा चौकी क्षेत्र के नैड़ी कठारी गांव में सोमवार दोपहर बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग मे किसान की करीब दो बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की तत्परता से कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के अनुसार, नैड़ी कठारी निवासी किसान शांति देवी सिंह के खेत में दोपहर बाद अचानक आग की लपटें उठने लगीं। जिससे गांव में अफ्रा-तफ्री मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पास स्थित एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान में लगे सबमर्सिबल पंप के प्रेशर पाइप से पानी पहुंचाकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। आग बुझने के बाद क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके का निरीक्षण किया। पीड़ित किसान शांति देवी के पुत्र बुद्धिशंकर सिंह ने बताया कि खेत के पास से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन के खंभे में खराब जंपर से निकली चिंगारी के कारण आग लगी। इस हादसे में लगभग 50 हजार रुपये मूल्य की गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। पीड़ित किसान ने प्रशासन से जली हुई फसल का उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## बेलाकलां में तेंदुए की दस्तक से दहशत

# दो मजदूरों पर हमला, ग्रामीणों ने घेर कर पाया काबू

**निघासन-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार का दिन ग्राम पंचायत बेलाकलां के ग्रामीणों के लिए दहशत भरा साबित हुआ, जब अचानक गांव के पास तेंदुए की मौजूदगी की खबर फैल गई। खेत की ओर जा रहे एक युवक ने जैसे ही झाड़ियों में हलचल देखी, उसकी नजर जंगली जानवर पर पड़ी। घबराया युवक शोर मचाते हुए गांव की ओर भागा, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

शुरुआत में किसी ने इसे शेर बताया, तो किसी ने बाघ-अफवाहों ने डर को और बढ़ा दिया। देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। लोग लाठी-डंडों के सहारे खेतों की ओर बढ़े, जहां गन्ने के घने खेतों के बीच तेंदुआ छिपा हुआ था।

इसी दौरान खेत में गुड़ाई कर रहे लोहरा वीरान निवासी बबलू (38) पुत्र सुन्दर और रामनरेश (44) पुत्र पूरन अचानक तेंदुए के



हमले का शिकार हो गए। तेंदुए ने दोनों पर झपट्टा मार दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, लेकिन ग्रामीणों ने हिम्मत नहीं हारी।

घटना के बाद ग्रामीणों ने सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए तेंदुए को चारों तरफ से घेर लिया। काफी मशक्कत के बाद उसे काबू में किया गया और रस्सियों से बांध दिया गया। यह दृश्य जितना खतरनाक था, उतना ही ग्रामीणों की एकजुटता का उदाहरण भी बना। घायल बबलू और रामनरेश को तत्काल 108 एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को अपने कब्जे में ले लिया। रेंजर अंकित कुमार ने स्पष्ट किया कि पकड़ा गया जानवर शेर नहीं बल्कि तेंदुआ है। उसे सुरक्षित रूप से रेंज कार्यालय लाया गया है, जहां पशु चिकित्सकों द्वारा उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। जांच के बाद उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ने की तैयारी की जाएगी।

घटना के बाद पूरे बेलाकलां और आसपास के गांवों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों में बच्चों और पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता साफ नजर आ रही है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और यदि कहीं जंगली जानवर दिखाई दे तो तुरंत विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते सुरक्षित कार्रवाई की जा सके।

इस पूरे घटनाक्रम में जहां एक ओर तेंदुए की दहशत ने लोगों को डराया, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों की हिम्मत और एकजुटता ने एक बड़े खतरे को टाल दिया। पूरे इलाके में अब इसी बहादुरी की चर्चा हो रही है।

## अज्ञात कारणों से लगी आग में घर राख, चार लोगों का आशियाना उजड़ा, समाजसेवी ने पहुंचाई राहत

**मितौली-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड मितौली की ग्राम पंचायत बजरखा के मजरा चेदनपुर में सोमवार को अचानक लगी भीषण आग ने एक परिवार की जिंदगी को पलभर में तबाह कर दिया। अज्ञात कारणों से लगी आग इतनी तेजी से फैली कि घर में मौजूद लोग संभल पाते, उससे पहले ही पूरा कच्चा-पक्का मकान धू-धू कर जल उठा। देखते ही देखते घर में रखा सामान, नकदी और रोजमर्रा की जरूरत की चीजें राख में तब्दील हो गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज लपटों के आगे उनके प्रयास नाकाफी साबित हुए। आग की चपेट में आकर घर में रखा करीब 5 हजार रुपये नकद, बर्तन, चारपाई, कपड़े, राशन सहित अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जल गया। इस हादसे में एक ही घर में रह रहे करीब चार लोगों का पूरा सामान नष्ट हो गया। पीड़ितों में अहिवरन लाल के 5 हजार रुपये नकद जलकर खाक हो गए, जबकि अरुण, मनोज भार्गव, पन्नू, हेमनाथ और अनिल का भी जरूरी घरेलू सामान व राशन आग की भेंट चढ़ गया। घटना के बाद परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया और उनके सामने दो वक्त की रोटी तक का संकट खड़ा हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के समाजसेवी रामदास वर्मा मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों का हाल जाना। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए करीब 20 हजार रुपये की राहत सामग्री उपलब्ध कराई। इसमें आटा, चावल, दाल, साबुन, बिस्कुट सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल रहीं, जिससे पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत मिल सकी। समाजसेवी के इस मानवीय प्रयास की गांवभर में सराहना हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे समय में मदद का हाथ बढ़ाना बड़ी संवेदनशीलता का परिचायक है। उधर, सूचना मिलने के बाद प्रशासन ने भी मामले का संज्ञान लिया है और पीड़ितों को हर संभव सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। राजस्व विभाग की टीम द्वारा नुकसान का आकलन किए जाने के बाद जल्द ही मुआवजा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में अग्निकांड से निपटने के संसाधनों की कमी और त्वरित सहायता व्यवस्था की जरूरत को उजागर कर दिया है।

## शहीदों को नमन: ग्राम पिंपरी अजीज में श्रद्धांजलि कार्यक्रम, गूंजे देशभक्ति के नारे

**मैगलगंज-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

23 मार्च को शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की पुण्यतिथि पर ग्राम पिंपरी अजीज में एक भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम देशभक्ति के जज्बे और शहीदों के प्रति सम्मान की भावना से ओत-प्रोत रहा, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों और युवाओं ने भाग लेकर अपने वीर सपूतों को याद किया। कार्यक्रम का संचालन अनुज कनोजिया ने किया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष ऋषभ बाजपेयी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने शहीद भगत सिंह के अदम्य साहस, राष्ट्र के प्रति समर्पण और उनके महान बलिदान को याद करते हुए कहा कि आज के युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने इंकलाब जिंदाबाद और भगत सिंह



अमर रहें जैसे गगनभेदी नारों के साथ वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में सोनू बाजपेयी, शैलेंद्र बाजपेयी, शिवम शर्मा, सनी शर्मा, सूरज त्रिवेदी, बलराम, गुरजीत सिंह, अनुज कुमार, सोनपाल त्रिवेदी, अमरजीत सिंह, रुपिंदरजीत सिंह, शानू सिंह, ललित गुप्ता, विकास गुप्ता, डॉ. सचिन, नंद किशोर, डॉ. अंकुर, अनुज राजपूत, प्रिंस सिंह और अमन राजपूत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## मधुमखियों के हमले से दंपती घायल, पीएचसी में भर्ती

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया के महादेव मुहल्ले में मंगलवार की शाम मधुमखियो के हमले से दम्पति घायल हो गए परिजनों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जंहा पर चिकित्सक द्वारा उपचार किया जा रहा है मधुमखियो ने भैस को भी काटा है थाना क्षेत्र के हलिया के महादेव मुहल्ला निवासी 70 वर्षीय उमा प्रसाद मौर्या व उनकी पत्नी 65 वर्षीय रामरती मुनि अगस्त इंटर कालेज के परिसर में स्थित मंदिर में पूजा करने के लिए जा रही थी की इसी दौरान पीपल के पेड़ में लगे मधुमखियो के छत्ते से मधुमखियो ने निकल कर दोनों लोगो के उपर हमला कर दिया जिससे दोनों लोगो ने भागकर शोर मचाया जिस पर ग्रामीणों



ने मधुमखियो से दोनों को बचाते हुए उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा दम्पति का उपचार किया जा रहा है इतना ही नही पेड़ के नीचे बंधी भैंस पर भी मधुमखियो ने हमला कर दिया है अनुमान लगाया जा रहा है की किसी चिड़िया ने मधु मखी के छत्ते में चोंच मार दिया जिससे मधुमखी हमलावर हो गई है मधुमखियो के हमलावर होने से पुरे मुहल्ले में अफ्रा तफ्री का माहौल रहा लोगो घरो से मधुमखियों से बच बचकर निकल रहे थे।

## ऑटो पलटने से चालक सहित ऑटो सवार घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग महुगढ़ के छतरिहा गांव में मंगलवार की शाम ऑटो अनियंत्रित होकर पलटने से ऑटो चालक को ऑटो सवार घायल हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर उपचार किया जा रहा है महुगढ़ गांव निवासी ऑटो चालक 45 वर्षीय दिनेश ऑटो पर गांव निवासी मुन्नू के साथ आ रहा था की अचानक बाइक चालक को बचाने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे ऑटो चालक व ऑटो सवार दोनों घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार व रीना पटेल द्वारा दोनों घायलों का उपचार किया है।

## तमंचा व कारतूस के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना कोतवाली सदर पुलिस को सफलता मिली, जब बीएनएस की विभिन्न धाराओं में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद 315 बोर का तमंचा व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। थाना कोतवाली सदर पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त विनय त्रिवेदी पुत्र हरिनारायण त्रिवेदी निवासी मोहल्ला कुन्तीपुरम, थाना कोतवाली सदर, जनपद लखीमपुर खीरी (उम्र करीब 26 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के खिलाफ पहले से भी कई



आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें हत्या के प्रयास, मारपीट, धमकी और आर्म्स एक्ट के तहत मामले शामिल हैं। उसका आपराधिक इतिहास वर्ष 2022 से लगातार सक्रिय रहा है, जिससे उसकी आपराधिक प्रवृत्ति स्पष्ट होती है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक गौरव कुमार, उपनिरीक्षक उमाशंकर गंगवार, हेड कांस्टेबल दिलीप कुमार, कांस्टेबल अरविन्द कुमार और कांस्टेबल सचिन कुमार शामिल रहे, जिनकी सक्रियता से यह सफलता मिली।पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इस गिरफ्तारी को क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## विश्व क्षय रोग दिवस पर एपेक्स ट्रस्ट संस्थानों में जागरूकता सत्र आयोजित

**चुनार, मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**

विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर टीबी का इलाज संभव है, बस समय पर जांच और पूरा इलाज जरूरी है संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक तथा शिक्षण संस्थानकृआयुर्वेद, फार्मेसी, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल, चुनार में एक विशेष टीबी जागरूकता सत्र का सफल आयोजन किया गया।

एपेक्स के चेयरमैन प्रो. डॉ. एस. के. सिंह की संरक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में टीबी के प्रति आम जनमानस के बीच जागरूकता बढ़ाना



तथा संभावित टीवी मरीज को समय पर जांच एवं पूर्ण उपचार के महत्व को समझाना रहा।

सतीश शंकर यादव, जिला समन्वयक, टीबी विभाग, मिर्जापुर ने कहा कि 24 मार्च सन 1882 में जर्मनी के राबर्ट कांख नामक वैज्ञानिक द्वारा टीबी के वैक्टिरिया का खोज किया गया था जिनके याद में लोगों को टीबी के जागरूकता में सहयोग हेतु हर वर्ष उक्त आयोजन किया जाता है। यादव द्वारा उपस्थित सभी जनों को टीबी के संपूर्ण लक्षणों एवं सरकारी स्तर से प्रदान की जा रही सभी निरूशुल्क सुविधाओं को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए अनुरोध किया कि आप सभी भी अपने स्तर से देश हित में समाज में लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करते हुए मरीजों के सहयोग में आगे आने का सराहनीय प्रयास करें। एपेक्स के डीन प्रो. डॉ. सुनील मिस्त्री एवं उपप्रधानाचार्य प्रो. डॉ. पी.के. राय ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए टीबी उन्मूलन में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में समस्त संकाय सदस्यों, छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ की सक्रिय उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम सफल एवं प्रभावी बना। कार्यक्रम का संचालन डॉ. साहिल जॉर्ज लाल (एसोसिएट प्रोफेसर) द्वारा किया गया। अंत में एपेक्स मैनेजर विनोद वर्मा ने अवगत कराया कि एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल में 24 घंटे बहुविशेषज्ञ सेवाएं सरकारी दरों पर उपलब्ध हैं, जिससे क्षेत्रीय जनता को निरंतर लाभ मिल रहा है।

## क्षय रोग मुक्त होने पर ग्राम पंचायत पुरवा औसान सिंह को मिला सिल्वर मेडल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत पुरवा औसान सिंह, दिघिया, बबुरा भैरो दयाल के ग्राम प्रधान को मंगलवार को क्षय मुक्त ग्राम पंचायत होने पर सीडीओ विशाल कुमार, सीएमओ सीएल वर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र व सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया है लगातार दो वर्ष से क्षय मुक्त होने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज मौर्या व दिघिया के ग्राम प्रधान दिनेश सिंह, व बबुरा भैरो दयाल ग्राम प्रधान को प्रशस्ति पत्र व सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया है इसी प्रकार पहली बार ग्राम पंचायत क्षय रोग मुक्त होने पर ग्राम पंचायत भटवारी के ग्राम प्रधान राजेश कुमार, गड़बड़ा गोकुल रजनीश गुप्ता, नदना मनोज



शर्मा, भटपुरवा शिव गोविन्द चौरसिया, लालापुर अशफाक अहमद, देवघटा पाण्डेय छोटेलाल कोल, उमरिया लव कोल, मझिगवा भूपेंद्र बहादुर सिंह, बबुरा कला सरिता सिंह को कांश्य मेडल देकर सम्मानित किया गया है ग्राम प्रधान पुरवा औसान सिंह प्रतिनिधि सूरज मौर्या ने बताया की लगातार दो वर्ष से क्षय मुक्त होने पर सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया है।